RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 343 ■ मुंबई, शुक्रवार 4 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



बढ़ता ही जा रहा है भाषाई विवाद, इसे रोकना जरूरी

पेज-4



विदेश में भी मिलेगा यूपी वालों को रोजगार

पेज-6



छह जुलाई से लग जाएगा चातुर्मास

पेज-8




सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज में गुकेश ने प्रज्ञानन्दा को हराया

पेज-9

## भारतीय होने का सबूत तभी वोटर्स लिस्ट में जुड़ेगा नाम




**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने साफ किया है कि ना केवल बिहार, बल्कि देशभर के तमाम राज्यों की वोटर लिस्ट में अगर कोई विदेशी नागरिक फर्जी तरीके से वोटर बन गया है तो उसका नाम हर सूरत में डिलीट किया जाएगा। रही बात वोटर लिस्ट में नए नाम जुड़वाने की तो इसके लिए भारतीय नागरिकता साबित करने वाले जो दस्तावेज मांगे गए हैं, वे देने ही होंगे। संविधान के अनुच्छेद-326 के तहत अगर कोई अपनी भारतीय नागरिकता साबित नहीं कर पा रहा है तो उसका नाम वोटर लिस्ट में नहीं जोड़ा जाएगा।

हालांकि, इसके साथ ही आयोग ने कहा है कि जो भारतीय नागरिक हैं उन्हें घबराने की कतई जरूरत नहीं है। अगर उनके पास इस तरह का कोई दस्तावेज नहीं भी मिलता है तो संबंधित बीएलओ और राजनीतिक पार्टियों के बीएलए समेत इलाके के एसडीएम और अन्य माध्यमों से उनके लिए सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट सर्च कराने की हर संभव मदद की जाएगी। जो भी जेनुइन वोटर होगा, उसका नाम हर सूरत में वोटर लिस्ट में जोड़ा जाएगा। भले ही फॉर्म जमा होने के बाद ड्रॉफ्ट पब्लिकेशन के दौरान उनके दस्तावेज ढूंढ़कर जमा कराए जाएं।

### पूरे देश की वोटर लिस्ट अपडेट होगी

आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार की वोटर लिस्ट को अपडेट करने का मकसद उससे वोटरों को काटना नहीं है, बल्कि उसमें जेनुइन इंडियन वोटरों को ही जोड़ने का है। इसके लिए ही 2003 के बाद इतनी माइक्रो लेवल पर यह ड्राइव चलाई जा रही है जो बिहार ही नहीं बल्कि एक-दो महीने में ही पूरे देश में शुरू हो जाएगी।

### भ्रम न फैलाएं पार्टियां

आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक दल लोगों में भ्रम और अफवाह ना फैलाएं। बिहार की बात की जाए तो बीएलओ और लोगों से अभी तक मिले फीडबैक से ऐसी कोई बात सामने नहीं आती दिख रही है जिससे लगे कि बिहार में बड़ी आबादी के पास डेट ऑफ बर्थ और बर्थ प्लेस साबित करने जैसा कोई सर्टिफिकेट नहीं है। बिहार में पंचायत रजिस्टर से भी काफी मदद मिल रही है। ऐसे में यह कहना कि बिहार में लोगों को दस्तावेज नहीं मिल रहे हैं, ये ठीक नहीं है। 10 लाख से अधिक भरे हुए फॉर्म जमा भी हो चुके हैं। इन सभी में दस्तावेज लगे हैं।

# भारत दुनिया के लिए शक्ति स्तंभ

## पीएम मोदी बोले-लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है

**महानगर नेटवर्क**

**एक्रॉ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है।' मोदी ने कहा, 'भारत लोकतंत्र की जननी है। यह हमारे लिए एक सिस्टम नहीं, बल्कि संस्कार है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत दुनिया के लिए शक्ति का स्तंभ है। एक मजबूत भारत एक स्थिर और समृद्ध दुनिया में योगदान देगा।'

PM मोदी ने कहा, 'घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा से नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से, मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हमारी दोस्ती आपके मशहूर शुगर लोफ अनानास से भी मीठी है।'

PM मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक विदेश यात्रा पर हैं। इस दौरान वे 5 देशों में जाएंगे। घाना उनका पहला पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को घाना का सर्वोच्च सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' दिया गया था। दोनों देशों ने 4 अलग-अलग समझौते (MoU) भी साइन किए।



### दोनों देशों में 4 MoU साइन हुए

- **पहला समझौता-** विदेश मंत्रालय लेबल पर जॉइंट कमीशन बैठक की स्थापना करना।
- **दूसरा समझौता-** पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देश एक्सपर्ट्स की ट्रेनिंग और एक्सपीरियंस शेयर करेंगे।
- **तीसरा समझौता-** कल्चरल एक्टिविटी से जुड़ा है, जिससे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- **चौथा समझौता-** स्टैंडर्ड सेटिंग (प्रोडक्ट और सर्विस के लिए गुणवत्ता नियम तय करना) करना, जिससे आर्थिक सहयोग बढ़ेगा।

### PM मोदी के संबोधन की बड़ी बातें...

1. घाना G20 का स्थायी सदस्य बना। यह भारत की प्रेसीडेंसी में मुमकिन हुआ। भारत की फिलॉसिफी ह्यूमैनिटी फर्स्ट है। हम सभी के खुश रहने में यकीन रखते हैं। हमें घाना में एक ऐसा देश दिखाई देता है, जो साहस के साथ हर चुनौती का बहादुरी से सामना करता है।
2. भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, मूलभूत मूल्यों का हिस्सा है। भारत में 2,500 से ज्यादा राजनीतिक दल, अलग-अलग राज्यों में 20 अलग-अलग पार्टियों की सरकारें, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं।
3. हम एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अफ्रीका के डेवलपमेंट फ्रेमवर्क का समर्थन करते हैं। साथ मिलकर, हम वादों और तरक्की से भरे भविष्य को आकार देंगे।
4. दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का भी सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की जरूरत है।

**गिल@269**



## टेस्ट में बेस्ट

शुभमन गिल ने इंग्लैंड में दोहरा शतक (269)लगाकर इतिहास रच दिया है। वे ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। गिल सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान भी बने हैं। गिल ने विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। कोहली ने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में नाबाद 254 रन की पारी खेली थी। गिल इंग्लैंड में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बने हैं। उन्होंने सुनील गावस्कर के 221 रन का रिकॉर्ड तोड़ा है। जो गावस्कर ने 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में खेला था। गिल ने दोहरा शतक लगाने के साथ ही बेहतरीन अंदाज में सेलिब्रेशन भी किया। उन्होंने दोहरा शतक लगाने के साथ ही एग्रेसिव अंदाज में एक दहाड़ लगाई। इसके बाद सिर झुकाकर डग आउट में हर किसी का अभिवादन स्वीकार किया।

**Short News एक नजर**

### समिक भट्टाचार्य बने पश्चिम बंगाल BJP के नए अध्यक्ष

**कोलकाता।** बीजेपी के राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य बुधवार को आधिकारिक रूप से पश्चिम बंगाल यूनिट के प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं।



भट्टाचार्य निर्विरोध चुने गए, बुधवार दोपहर निर्धारित समय सीमा तक किसी अन्य उम्मीदवार ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया। अध्यक्ष बनने के बाद समिक ने कहा कि बंगाल की भाजपा यूनिट अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं है, लेकिन हिंसा और सांप्रदायिकता की राजनीति का विरोध करती है।

### शिकागो में अंधाधुंध फायरिंग, चार लोगों की मौत और 14 जख्मी

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो में बुधवार देर रात गोलीबारी हुई। हमला एक रैपर की पार्टी में हुआ। गोलीबारी के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।



इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 14 को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मामला रिवर नॉर्थ इलाके का है। यहां एक रैपर की एलबम रिलीज पार्टी आयोजित की गई थी। रेस्तरां और लाउंज के बाहर काफी लोग जुटे हुए थे। तभी कुछ बदमाश अपनी गाड़ी में आए और वाहन के अंदर से ही फायरिंग करने लगे।

### बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी AAP

**अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी (AAP) बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अहमदाबाद में कहा, I.N.D.I.A. गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारा किसी से कोई गठबंधन नहीं है। केजरीवाल गुजरात के दो दिन के दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के विसावदर उपचुनाव में हमने कांग्रेस से अलग लड़कर तीन गुना ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है।

### एयर डिफेंस प्रणाली, मिसाइलें, बख्तरबंद वाहन...

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा मंत्रालय ने की एक लाख करोड़ की डील

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा अधिग्रहण के लिहाज से सबसे बड़ा फैसला करते हुए रक्षा मंत्रालय ने करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये के सैन्य साजो-सामान, उपकरणों से लेकर हथियार की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने तीनों सेनाओं के लिए रक्षा उपकरणों की खरीद के अलग-अलग कई प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। इसमें मिसाइलें, इलेक्ट्रॉनिक वॉर फेयर सिस्टम, बख्तरबंद



वाहनों समेत अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद का प्रस्ताव शामिल है।


**कैबिनेट लगाएगी अंतिम मुहर**

खास बात यह है कि इन रक्षा सौदों की खरीद स्वदेशी आपूर्ति स्त्रोतों से की जाएगी जिसका फायदा देश के उभरते रक्षा उद्योग क्षेत्र को भी होगा। रक्षा खरीद सौदों को डीएसी से मंजूरी मिलने के बाद आपूर्ति की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होती है और इसके बाद केंद्रीय कैबिनेट इस पर अंतिम मुहर लगाएगी।

डीएसी की बैठक में हुए फैसले पर रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि स्वदेशी सोर्सिंग के माध्यम से लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये की राशि के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई है। इसमें सेनाओं के लिए बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद के लिए एओएन प्रदान किए हैं।

## तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रुकी

**नई दिल्ली/भोपाल।** उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। CM पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया।



इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। SDRF की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। मौसम विभाग ने राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया।

## अभिनेत्री के बेटे ने लगाई 57वीं मंजिल से छलांग

**मुंबई।** पश्चिम उपनगर कांदिवली में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक प्रसिद्ध टेलीविजन अभिनेत्री के बेटे ने ऊँची इमारत की 57वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार शाम सात बजे के आसपास घटी। जानकारी के अनुसार, मृत युवक एक नामचीन गुजराती टेलीविज़न अभिनेत्री का इकलौता बेटा था। यह अभिनेत्री कांदिवली स्थित सी ब्रुक नामक इमारत में अपने परिवार के साथ रहती है। बुधवार को अभिनेत्री ने अपने बेटे से ट्यूशन क्लास में जाने के लिए कहा था, लेकिन बेटा क्लास में नहीं जाना चाहता था। इस बात को लेकर मां-बेटे के बीच कहासुनी हो गई। इसी विवाद के बाद गुस्से में आकर युवक ने 57वीं मंजिल पर जाकर नीचे छलांग लगा दी। ऊँचाई से गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# भारत आएगी पाकिस्तान की टीम

## खेल मंत्रालय बोला- हम किसी को नहीं रोकेंगे

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति के बावजूद हॉकी एशिया कप और जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम को भारत आने से नहीं रोका जाएगा। खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि हम द्विपक्षीय सीरीज के खिलाफ हैं, लेकिन टूर्नामेंट के लिए हम किसी भी टीम को भारत आने से नहीं



रोकेंगे। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, 'इंटरनेशनल स्पोर्ट्स में टीमें तनाव के बावजूद हिस्सा लेती हैं। रूस और यूक्रेन युद्ध के बावजूद टूर्नामेंट खेल रहे हैं। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर के बीच बिहार के राजगीर में खेला जाएगा।' भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीमों के बीच एशिया कप मैच पर अधिकारी ने कहा, 'BCCI ने अब तक इस बारे में सरकार से बात नहीं की है। जैसे ही बोर्ड की ओर से बातचीत होगी, टीम इंडिया के एशिया कप में हिस्सा लेने पर फैसला लेंगे।'



# विवाह पूर्व थैलेसीमिया की जांच होगी अनिवार्य

## सरकार बनाएगी नियम: मेघना बोर्डीकर, राज्य में 12860 थैलेसीमिया के रोगी

**मुंबई।** स्वास्थ्य राज्य मंत्री मेघना बोर्डीकर ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में कहा कि सरकार विवाह से पहले लोगों के लिए थैलेसीमिया जांच को अनिवार्य बनाने संबंधी नियम बनाएगी, ताकि जल्द से जल्द इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। वर्तमान में राज्य में लगभग 12,860 थैलेसीमिया के मरीज हैं। इसमें सबसे अधिक रोगियों की संख्या नागपुर सहित पूरे विदर्भ में है।

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विकास ठाकरे ने कहा कि थैलेसीमिया की विवाह से पहले जांच अनिवार्य की जाए। इस मांग पर राज्य मंत्री ने कहा कि हम जल्द ही विवाह से पहले जांच अनिवार्य करने के लिए नियम बनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर अनुवांशिक विकार है और अगर समय पर इसका निदान नहीं किया जाता तो यह अगली पीढ़ी को भी हो सकता है। हमने परभणी में प्रायोगिक आधार पर एक परियोजना के साथ थैलेसीमिया उन्मूलन अभियान शुरू किया है, जिसे अब पूरे राज्य में विस्तारित किया जा रहा है। बोर्डीकर ने यह भी आश्वासन दिया कि हर जिले में थैलेसीमिया उपचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार इस बीमारी के खिलाफ 'एक कदम थैलेसीमिया मुक्ति की ओर' अभियान शुरू कर चुकी है। जिसमें इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को परिवहन से लेकर अस्पतालों में सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विधायकों की शिकायत के बाद मंत्री ने आश्वासन दिया कि निजी कंपनियों द्वारा खराब आयरन गोलियों की सप्लाई की जांच की जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मंत्री ने सदन को यह भी बताया कि कैंसर डायग्नोस्टिक वैन की खरीद में कथित भ्रष्टाचार की स्वास्थ्य विभाग आयुक्त द्वारा जांच की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने निर्देश दिया कि जांच रिपोर्ट मौजूदा सत्र के खत्म होने से पहले विधानसभा में पेश की जाए। राज्य विधानमंडल का मानसून सत्र 18 जुलाई को खत्म होगा।




### अनुवांशिक रोग है थैलेसीमिया

थैलेसीमिया बच्चों को माता-पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला रक्त-रोग है। इस रोग के होने पर शरीर की हीमोग्लोबिन निर्माण प्रक्रिया में गड़बड़ी हो जाती है, जिसके कारण रक्त क्षीणता के लक्षण प्रकट होते हैं। इसकी पहचान तीन माह की आयु के बाद ही होती है। इसमें रोगी बच्चे के शरीर में रक्त की भारी कमी होने लगती है, जिसके कारण उसे बार-बार बाहरी खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है।

# रंगदारी वसूलने के मामले में गिरफ्तार पुलिसकर्मी सेवा से निष्कासित

## गुटखा व्यापारी का अपहरण करके वसूली






**मुंबई।** डीएन नगर इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें दो पुलिसकर्मी और दो अन्य आरोपियों ने मिलकर एक गुटखा व्यापारी का अपहरण कर 40,000 रुपये रंगदारी मांगे, पैसे न देने पर व्यापारी को जबरन दादर रेलवे स्टेशन के पुल से फेंकने की कोशिश की गई। सौभाग्य से व्यापारी पुल की रेलिंग में फंस गया और उसकी जान बच गई। मामले में शामिल दो आरोपियों को पुलिस की सेवा से निष्काषित कर दिया गया है।

इस गंभीर अपराध में शामिल चारों आरोपियों की पहचान नितिन कचरू गाढवे,हेमंत कापसे,चंद्रशेखर मधुकर दराडे और सागर रामदास वाघ के रूप में हुई है। इनमें से दो आरोपी पुलिस में कार्यरत थे, जिन्हें अब सेवाओं से बर्खास्त कर दिया गया है। आरोपियों में से एक मंत्री का बॉडी गार्ड है,जबकि एक महिला पुलिसकर्मी का पति है, एक एमएसएफ गार्ड है,जबकि एक और पुलिसकर्मी है। यह घटना पिछले सप्ताह अंधेरी के डीएन नगर इलाके में घटित हुई। चारों आरोपियों ने एक व्यापारी को जबरन कार में बैठाकर अपहरण कर लिया और उससे 40,000 रुपए की मांग की। व्यापारी द्वारा पैसे देने से इंकार करने पर उसे दादर रेलवे स्टेशन के पुल से नीचे फेंकने की कोशिश की गई। हालांकि, वह रेलिंग में फंस गया और गंभीर रूप से घायल होने से बच गया। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई,जिसके बाद चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच जारी है और पुलिस यह जानने में जुटी है कि क्या इस गिरोह ने पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया है।

# सफाई कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने से रोकने के लिए मनपा लेगी चौकी का सहारा

## चौकी पर मनपा अधिकारी सभा लेकर सफाई कर्मचारियों को देंगे जानकारी

**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने शहर में दो बार सफाई करने और कचरा उठाने के लिए निजी संस्था का सहारा लेने का निर्णय लिया है। मनपा ने ठेकेदार की नियुक्ति को लेकर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू की है। मनपा के इस निणर्य का सफाई कर्मचारियों ने विरोध किया है और नौ जुलाई से कर्मचारियों ने सामूहिक हड़ताल करने की चेतावनी दी है। सफाई कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने से रोकने के लिए मनपा प्रशासन अब वार्ड स्तर पर चौकी सभा कर सफाई कर्मचारियों को समझाने का निणर्य लिया है। बता दें कि मनपा के लगभग 28 हजार सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। मनपा ने मुंबई में अब दो बार सफाई करने का निर्णय लिया है। मनपा ने इसी के चलते चेंबूर मानखुर्द दो वार्ड को छोड़कर सफाई का काम ठेका पर देने का निर्णय लिया। मनपा कचरा उठाने वाली गाड़ियों का रंग रूप भी बदलने का निणर्य लिया है। मनपा के निणर्य का सफाई कर्मचारी की यूनियन पुरजोर विरोध कर रही है और सफाई कर्मचारियों ने पिछले कुछ दिनों से नाराजगी शुरू कर आंदोलन शुरू किया था। सफाई कर्मचारियों ने 8 जुलाई को मतदान लेकर हड़ताल का निणर्य लिया जायेगा और 9 जुलाई को हड़ताल पर जाने की तैयारी की है। सफाई कर्मचारियों का कहना है की मनपा ठेका पर काम देकर सफाई कर्मचारियों को नौकरी से दूर करने की चाल है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर मुंब्रा में ढहाई गईं 18 इमारतें

## 19 जून से 3 जुलाई तक 124 अनधिकृत निर्माणों पर बुलडोजर से कार्रवाई

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी पथक ने 19 जून से 3 जुलाई तक शहरभर में 124 अनधिकृत बांधकामों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जमींदोज कर दिया। इस विशेष मुहिम के तहत शील इलाके के एम. के. कम्पाऊंड में 18 अनधिकृत इमारतों को ढहाया गया,जबकि 21 में से बाकी इमारतों पर कार्रवाई जारी है। यह मुहिम उच्च न्यायालय के आदेशों और प्रभाग समितियों की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर चलाई जा रही है। महापालिका आयुक्त सौरभ राव के निर्देश पर नौ प्रभाग समितियों में उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष पथक गठित किए गए हैं। बीट निरीक्षकों द्वारा चिह्नित किए गए नए और चालू अनधिकृत निर्माणों को प्राथमिकता से ढहाया जा रहा है। इन निर्माणों में आरसीसी इमारतें, बैठी चॉलें, शेड, बंगले, टर्फ, नालों के किनारे और आरक्षित भूखंडों पर हुए निर्माण शामिल हैं। उपायुक्त शंकर पाटोले ने बताया कि हरित क्षेत्र और खाड़ी किनारों पर भी अनधिकृत निर्माणों की जांच शुरू है और उस पर भी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत नौपाडा-कोपरी में 10, दिवा में 28, मुंब्रा में 15, कलवा में 12, उथलसर में 11, माजिवडा-मानपाडा में 20, वर्तक नगर में 14, लोकमान्य नगर में 10 और वागळे इस्टेट में 4 निर्माणों को ध्वस्त किया गया है। शील में चल रही निष्कासन कार्रवाई में अब तक 18 इमारतों को तोड़ा जा चुका है, जबकि बाकी इमारतों पर काम प्रगति पर है। इस दौरान परिमंडल उपायुक्त मनीष जोशी, उपायुक्त शंकर पाटोले और सचिन सांगले की निगरानी में कार्रवाई की गई। पूरे अभियान की दैनिक समीक्षा अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे द्वारा की जा रही है। अभियान में महापालिका के विविध विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, इंजीनियर, पुलिस, महाराष्ट्र सुरक्षा बल और भारी यंत्रसामग्री जैसे पोकलेन, जेसीबी, ट्रॅक्टर ब्रेकर व गॅस कटर का उपयोग किया गया।




# लम्बी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को कूपर अस्पताल में मनपा देगी मानसिक सपोर्ट

## अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद टीम मरीजों के घर जाकर करेगी देखभाल

**मुंबई।** गंभीर और दीर्घकालिक बीमारी से पीड़ित मरिजों को उनके घर वालों से भी अनदेखी की जाती है। बीमारी से पीड़ित मरीज लोगों का स्पोर्ट नहीं मिलने से गलत कदम उठाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। ऐसे मरीजों को मानसिक सपोर्ट देने का निर्णय लिया है। मनपा प्रशासन अब यह सेवा कूपर अस्पताल में शुरू करने का निर्णय लिया है। सेवा हर सोमवार और गुरुवार को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक उपलब्ध रहेगी। प्रतिदिन औसतन 50 मरीजों को यह सेवा मुफ्त दी जाएगी। मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कूपर अस्पताल में 'पलियेटिव केयर' यानी 'उपशामक देखभाल' के लिए बाह्य रोगी सेवा शुरू की गई है। यह सेवा पश्चिम उपनगर में शुरू की जाने वाली पहली मुफ्त सेवा है। यह सेवा विशेष रूप से कैंसर, मधुमेह और अन्य गंभीर या दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित वयस्क मरीजों के लिए शुरू की गई है। कूपर अस्पताल के अधिष्ठाता डॉ. सुधीर मेढेकर की उपस्थिति में इस सेवा का उद्घाटन गुरुवार को किया गया।



# परिवहन विभाग कार्यालय के सामने जब्त वाहनों का अंबार,जल्द होगी नीलामी

**वसई।** पालघर जिले के क्षेत्रीय परिवहन विभाग (RTO) कार्यालय के सामने जब्त किए गए वाहनों का ढेर लगता जा रहा है,जिससे कार्यालय परिसर और उसके आसपास का क्षेत्र बुरी तरह अवरुद्ध हो रहा है। इन वाहनों के मालिकों द्वारा इन्हें छुड़ाने के लिए आगे न आने के कारण ये गाड़ियां महीनों से वहीं खड़ी हैं, जिनमें से कई अब जंग खाकर कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं। वसई RTO द्वारा अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहनों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई करता है, जिसमें ट्रक, रिक्शा, बस और अन्य प्रकार के वाहन जब्त किए जाते हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अतुल आदे ने बताया कि 2023 के बाद से इन जब्त वाहनों की नीलामी नहीं हुई है, जिससे इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। इस समस्या के समाधान के लिए परिवहन विभाग ने अब इन जब्त वाहनों की नीलामी करने का निर्णय लिया है। अतुल आदे के अनुसार,नीलामी प्रक्रिया शुरू करने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय को पत्र भेजा गया है और यह जल्द ही अमल में लाई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में 50 से अधिक वाहनों की नीलामी करने की योजना है।परिवहन विभाग द्वारा वाहन कई कारणों से जब्त किए जाते हैं,दुर्घटनाओं में छोड़े गए वाहनः दुर्घटना के बाद मौके पर छोड़े गए वाहन।



# विवाहिता ने की आत्महत्या, पति गिरफ्तार

**नायगांव।** नायगांव पूर्व स्थित हासोबा नगर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 27 वर्षीय विवाहिता वंदना दीपक गुप्ता ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे की वजह चौंकाने वाली है। महिला ने यह कदम पति की लगातार शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उठाया। वंदना के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर नायगांव पुलिस स्टेशन ने उसके पति दीपक रामजी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ 2 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 115(2), 3, 51(2), और 352 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता (वंदना की बहन) के अनुसार, वंदना को शादी के बाद से ही लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोपी पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। उसे घर खर्च के लिए पैसे तक नहीं दिए जाते थे, जिससे वंदना आर्थिक और मानसिक रूप से बेहद परेशान रहने लगी थी। वंदना ने लंबे समय तक अत्याचार सहा, लेकिन सामाजिक दबाव और घरेलू कलह के नाम पर वह चुप रही। अंततः घटना की रात्रि में उसने घर में ही फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक धीरे-धीरे मारी गई ज़िंदगी का आखिरी पड़ाव था।घटना की जानकारी मिलते ही नायगांव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पति दीपक गुप्ता को हिरासत में लिया।

# विदेश भागने की फिराक में था ड्रग तस्कर 'फरहान'

## हैदराबाद एयरपोर्ट से 2.12 करोड़ के एमडी संग गिरफ्तार

**ठाणे।** मानपाड़ा पुलिस स्टेशन की क्राइम ब्रांच ने ड्रग तस्करी के एक सनसनीखेज मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य फरार आरोपी मोहम्मद रहीम सलीम शेख उर्फ फरहान को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1.93 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) जब्त किया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 2.12 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

यह मामला 27 जून को दर्ज हुआ था, जब मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धाराएं 8(ए), 21(ए) और 22(ए) के तहत मामला पंजीकृत किया गया। प्रारंभिक जांच में तीन आरोपियों — असील जबार सुर्वे (26 वर्ष), मोहम्मद ईसा मोहम्मद हनीस कुरैशी और एक महिला आरोपी मेहर फातिमा रिजवान देवजानी — को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। लेकिन इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड फरहान तब से फरार था। पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि फरहान देश छोड़कर विदेश भागने की योजना बना रहा है। इस सूचना के आधार पर एक विशेष टीम ने 29 जून को हैदराबाद एयरपोर्ट पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 3 जुलाई को उसे डोंबिवली की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 7 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि फरहान का नेटवर्क देश के अलग-अलग राज्यों से लेकर विदेश तक फैला हुआ है।



# बालाजी गौशाला में भजन का कार्यक्रम सम्पन्न




**भायंदर।** भायंदर (पश्चिम) स्थित बालाजी गौशाला में भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। 1008 संत रतिनाथ महाराज के शिष्य रोशन नाथ महाराज का बालाजी गौशाला में आगमन हुआ था। इनके आगमन के उपलक्ष्य में गौशाला प्रांगण में भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। रोशन नाथ महाराज की वाणी से भजनों का आनंद लेने भारी संख्या में भक्त गौशाला में उपस्थित हुए थे। बालाजी गौशाला के संरक्षक रमेश शर्मा (एस. आर) ने बताया की बालाजी गौशाला में हमेशा संतों का आगमन होते रहता हैं,मिरा-भायंदर शहर में रतिनाथ महाराज के भक्तों की संख्या काफी है। कल गौशाला में रोशन नाथ महाराज के आगमन पर इनके दर्शन एवं भजनों का आयोजन रखा गया था जो भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ।

# अदृश्य शक्ति कर रही है पीछा, महिला ने लगाई समुद्र में छलांग

## कॉन्स्टेबल ने बचाई महिला की जान

**मुंबई।** बांद्रा इलाके में एक अजीबोगरीब घटना घटी, बांद्रा पश्चिम स्थित बँड स्टँड परिसर में 53 वर्षीय महिला व्हेनेनटीया सरिता क्रासटा ने अदृश्य शक्ति द्वारा पीछा किए जाने के भ्रम में समुद्र में छलांग लगा दी। महिला को तैरना नहीं आता था, जिससे वह डूबने लगी। लेकिन मौके पर मौजूद सतर्क पुलिसकर्मी की तत्परता से उसकी जान बच गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला का नाम व्हेनेनटीया सरिता क्रासटा है। महिला आशियाना अपार्टमेंट, सेंट बाप्टिस्ट रोड, बांद्रा पश्चिम में रहती हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, व्हेनेनटीया बँड स्टँड परिसर में अकेली टहल रही थीं, तभी उन्हें यह भ्रम हुआ कि कोई उनका पीछा कर रहा है। इस डर और भ्रम की स्थिति में वह घबरा गईं और अचानक समुद्र में कूद गई। घटना के समय बांद्रा पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल साईनाथ देवडे उस क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उन्होंने तुरंत स्थिति को देखते हुए बिना समय गंवाए समुद्र में छलांग लगाई और महिला को डूबने से बचा लिया। महिला उस वक्त आधी बेहोशी अवस्था में हैं। उसे तुरंत भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद वह होश में आई। जब महिला से पुलिस ने पूछताछ की, तो उसने अपना नाम और पता बताया। उसने यह भी कहा कि कोई अदृश्य शक्ति उसका पीछा कर रही थी और इसी डर से उसने जान बचाने के लिए समुद्र में छलांग लगाई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, व्हेनेनटीया पिछले 20 वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं और उनका इलाज लगातार चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को संपर्क कर घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और महिला की मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उसे आवश्यक मदद प्रदान की जा रही है।



# सहायक नगर नियोजन निदेशक नियुक्ति के चार दिन बाद सेवानिवृत्त

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा प्रशासन से जुड़ी आये दिन कोई न कोई अजीबोगरीब घटना सामने आती रहती है। वहीं पिछले तीन दिन पूर्व एक अजीबोगरीब घटना सामने आई। जहाँ सहायक नगर नियोजन निदेशक पद पर हुई एक नई नियुक्ति के मात्र चार दिनों के भीतर ही अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये, इस घटना ने मनपा में अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल खड़ा कर दिया है। सहायक नगर नियोजन निदेशक ललित खोब्रागडे के तबादले के बाद, अजय साबले को इस पद पर नियुक्त किया गया था, लेकिन इस विभाग के कामकाज से ठीक से परिचित होने से पहले ही साबले का भी तबादला हो गया और उनकी जगह राजेंद्र हेले को नियुक्त किया गया। आश्चर्य की बात यह है कि हेले के पदभार संभालने के सिर्फ चार दिन बाद ही, 30 जून को अपनी सेवा से सेवानिवृत्त हो गये,एक जुलाई से उल्हासनगर मनपा का सहायक नगर नियोजन निदेशक का पद फिर से खाली हो गया,उल्हासनगर मनपा में वर्ग-1 और वर्ग-2 के लगभग 70% पद खाली पड़े हैं और शहर अभियंता तथा कार्यकारी अभियंता जैसे महत्वपूर्ण पद वर्षों से रिक्त हैं, इससे हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्यों पर भी सवालिया निशान लग गया है।

# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया जाएगा गणेशोत्सव: संतोष शेट्टी




**भिवंडी।** भिवंडी के प्रमुख गणेशोत्सव आयोजकों में शामिल "धामणकर नाका मित्र मंडल" एवं "स्वभिमान सेवा संस्था" ने इस वर्ष गणेशोत्सव 2025 को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। मंडल ने अपने 37 वें वर्ष के उत्सव को एक सामाजिक संदेश के साथ जोड़ते हुए इस बार गणपति बप्पा की मूर्ति विसर्जन के लिए कृत्रिम जलकुंड की व्यवस्था करने का ऐलान किया है। मंडल के अध्यक्ष संतोष एम. शेट्टी द्वारा जारी किए गए पत्र में बताया गया कि 28 अगस्त से 6 सितंबर तक होने वाले उत्सव के दौरान मंडल 'पर्यावरण पूरक सार्वजनिक गणेशोत्सव'के तहत पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण' अभियान को आगे बढ़ाते हुए यह पहल की जा रही है। इस पहल के अंतर्गत मंडल न सिर्फ गणेश मूर्तियों के लिए कृत्रिम विसर्जन कुंड बनाएगा, बल्कि सजावट, पूजा सामग्री और दैनिक उपयोग में भी पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों का इस्तेमाल करेगा। क्योंकि वाराला तालाब से दररोज 2 एम एल टी पानी पीने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मंडल ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भिवंडी महानगरपालिका और स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।

# कुपोषण को हराने के लिए पुनर्विकास की राह देख रहे धारावी के बच्चे

**मुंबई।** राज्य भर में अपर्याप्त पोषण की दर में कमी आने के बावजूद, एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती धारावी में पांच साल से कम उम्र के कई बच्चे दूषित पानी, खराब पोषण और अस्वास्थ्यकर भोजन के संपर्क में आने से पीड़ित हैं। मई की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई में मुंबई उपनगरों में जांचे गए 0 से 6 वर्ष की आयु के 2.85 लाख बच्चों में से 29% (82,809) कुपोषित (गंभीर या मध्यम रूप से) पाए गए, जबकि 11% (31,410) कम वजन के थे, जो पिछले महीनों की तुलना में मामूली सुधार है।

"धारावी में हर आयु वर्ग के दस में से सात बच्चे कुपोषित हैं और इसका मुख्य कारण खराब स्वच्छता और कुपोषण ही है। सरकार और गैर-सरकारी संगठन की एकीकृत बाल विकास सेवा योजनाओं द्वारा नियमित हस्तक्षेप के बावजूद, यह अभी भी व्यापक है," डॉ. रूपेश सोनवणे ने कहा, जो इस क्षेत्र में 15 वर्षों से इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "मेरे क्लिनिक में आने वाले सत्तर प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं। उनका वजन उनकी उम्र से काफी कम है, औसतन उनका वजन 16 से 18 किलोग्राम है। इसके कई कारण हैं, जिनमें दूषित पानी, खराब स्वच्छता, पौष्टिक भोजन की कमी और दूषित स्ट्रीट फूड का सेवन शामिल है।" डॉ. सोनवणे के अनुसार, बच्चों की त्वचा आमतौर पर पीली होती है और उन्हें त्वचा संबंधी बीमारियों का अधिक खतरा रहता है। उनमें विटामिन की कमी होती है, जो उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती है। परिणामस्वरूप, उन्हें अक्सर सर्दी, खांसी और बुखार जैसी सामान्य बीमारियों का सामना करना पड़ता है," डॉ. सोनवणे ने कहा, सिर्फ बच्चे ही नहीं; धारावी के लोगों में भी तपेदिक प्रचलित है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि धारावी के पुनर्विकास से स्वच्छता में सुधार होगा और स्थानीय लोगों को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे अंततः बच्चों में कुपोषण की घटनाओं में कमी आएगी।



# ब्लॉक के कारण परे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

**मुंबई।** चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड के यार्ड रिमॉडलिंग संबंधी कार्य हेतु सितंबर में एक ब्लॉक की योजना बनाई गई है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के कारण प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

**निरस्त होने वाली ट्रेनें:**

1.8 सितंबर को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

2. 6 सितंबर को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

रिशेड्युल होने वाली ट्रेनः

1. 1 सितंबर को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस सूरत स्टेशन से 06.00 बजे रिशेड्युल होगी।

# 24 घंटे रेत परिवहन की अनुमति

## राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया
## रेत ढोने वाले वाहनों में जीपीएस डिवाइस अनिवार्य

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधानसभा में कहा कि सुबह 6 से शाम 6 बजे के बीच उत्खनन की गई रेत का परिवहन 24 घंटे किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि रेत परिवहन करने वाले वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाना अनिवार्य किया जाएगा। बावनकुले ने कहा कि वर्तमान में रेत खनन की अनुमति सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे के बीच है। चूंकि दिन में संग्रहित रेत को रात में ही उठाया जा सकता, इसलिए परिवहन क्षमता का सही उपयोग नहीं हो पाता। इससे रेत का अवैध यातायात बढ़ता है। इस स्थिति को बदलने के लिए महा खनिज पोर्टल के माध्यम से 24 घंटे इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिट पास (ईटीपी) बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**कृत्रिम रेत नीति लागू**

रेत परिवहन में पारदर्शिता के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। हर रेत घाट पर जियो फेंसिंग की जाएगी। घाटों और परिवहन मार्गों पर सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। राज्य में प्राकृतिक रेत की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने कृत्रिम रेत नीति लागू करने का फैसला किया है। हर जिले में 50 क्रशर इकाइयां स्थापित की जाएगी और इसके लिए पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। बावनकुले ने कहा कि तीन महीने में एक हजार क्रशर इकाइयां शुरू करने का लक्ष्य है।

**घरकुल योजना के लाभार्थियों को मुफ्त रेत**

राजस्व मंत्री ने कहा कि घरकुल योजना के लाभार्थियों को रॉयल्टी के माध्यम से मुफ्त रेत दी जाएगी, लेकिन इसे घर तक पहुंचाने के लिए अलग नीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेत को घरों तक कौन पहुंचाएगा? परिवहन का खर्च 30 से 40 हजार रुपए है। इतना खर्च लाभार्थियों के लिए वहन करने योग्य नहीं है।

# मुंबई के सभी कबूतर खाना होंगे बंद

## मंत्री उदय सामंत की विधान परिषद में घोषणा



**मुंबई।** मंत्री उदय सामंत ने विधान परिषद में बताया कि मुंबई के सभी कबूतर खाने को बंद किया जाएगा। कबूतर खाने के आस-पास रहने वाले नागरिकों की मांग पर सरकार ने यह निर्णय लिया है। गुरुवार को शिवसेना की सदस्य मनीषा कायंदे ने कबूतर खाने का मुद्दा उपस्थित किया था,जिसके जवाब में वे बोल रहे थे। सामंत ने कहा कि मुंबई के कुल 51 कबूतर खाने हैं। इस कबूतर खाने के कारण स्थानीय नागरिकों को प्रदूषण,बिमारी जैसे परेशानी का सामना कारण पड़ रहा है। इसलिए कबूतर खाना बंद करने के लिए मुंबई मनपा को आदेश दिया जाएगा। उदय सामंत ने कहा कि कबूतर खाने के कारण लोगों को सांस जैसे अनेक बिमारी होती है, जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने कबूतर खाने को बंद करने के लिए आदेश दिया था,लेकिन बाद में दोबारा शुरू कर दिया गया। कबूतर खाने के शुरू होने पर स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य प्रभावित हो रही है। सामंत ने कहा कि एक महीने के भीतर कबूतर खाना बंद करने के लिए विशेष अभियान चलाने और जनजागृति अभियान शुरू करने के लिए मनपा को जल्द ही निर्देश दिए जाएंगे। इसके साथ -साथ कबूतरों को दाना खिलाना बंद किया जाए इसके लिए जनजागृति अभियान शुरू किया जाएगा।

# मुंबई में आस्ट्रेलिया के हाइड्रो गांजा की एंट्री

## 21 करोड़ का हाइड्रो गांजा जप्त,एक आरोपी गिरफ्तार
## मुख्यमंत्री फडणवीस ने विधान परिषद में दी जानकारी



**मुंबई।** मुंबई में हाइड्रो गांजा की एंट्री हो गई है,जिस पर प्रतिबंध लगाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। हाइड्रो गांजा को मुंबई में बेचने वाले नवीन जिचकर नामक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जो आस्ट्रेलिया द्वीप से छिपाकर मुंबई लाया था। गुरुवार को विधानपरिषद में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने मुंबई और संभाजीनगर में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थ की अवैध विक्री का मामला उठाया था। इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस बोल रहे थे, फडणवीस ने बताया कि ड्रग्स मुक्त मुंबई और महाराष्ट्र को लेकर सरकार ने अभियान चलाया है.इस बीच मुंबई में हाइड्रो गांजा की एंट्री हो गई है.जिसे लेकर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह हाइड्रो गांजा ऑस्ट्रेलिया में एक द्वीप में बनाया जा रहा है जो थाईलैंड और अमेरिका से कूरियर के माध्यम से भारत भेजा रहा था। इस गांजा की तस्करी में डाक कर्मचारियों और पुलिस की संलिप्तता भी पाई गई है। मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल कुछ पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया गया है और कुछ को बर्खास्त किया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस तस्करी में लाइलाज कैंसर से पीड़ित महिलाओं का भी इस्तेमाल किया गया है, क्योंकि उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती। फडणवीस ने कहा कि हाइड्रो गांजा के तस्करी का तार कहां से जुड़ा है इसका पता लगाना जरुरी है। पांच दिन पहले खुफिया सूचना के आधार पर दो इंडोनेशियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से करीब 21 किलो हाइड्रो गांजा जब्त किया गया है,जिसकी कीमत 21.55 करोड़ रुपए थी।

# विजय रैली में शामिल नहीं होंगे शरद पवार



**मुंबई।** राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वे आगामी पांच जुलाई को उद्धव और राज ठाकरे की तरफ से आयोजित विजय रैली में शामिल नहीं होंगे। राकांपा प्रमुख ने कहा कि उनका 5 जुलाई को पहले से कार्यक्रम तय है, ऐसे में वे विजय रैली में शामिल नहीं होंगे। पवार ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल पहले ही विजय रैली को समर्थन देने की घोषणा कर चुके हैं। बता दें कि आगामी 5 जुलाई को विजय रैली के मौके पर एनएससीआई डोम, वर्ली में शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे एक मंच पर दिखाई देंगे। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने एक संयुक्त बयान जारी मराठी लोगों से विजय रैली में आने की अपील की है। सरकार के त्रिभाषा फार्मूले को लेकर दो शासनादेश (जीआर) रद्द करने पर ठाकरे बंधुओं ने 5 जुलाई को विजय रैली का आयोजन किया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ठाकरे बंधुओं की यह रैली मराठी अस्मिता के नाम पर शक्ति प्रदर्शन का केंद्र भी बनेगी। विजय रैली के लिए राज ठाकरे ने जारी संदेश में कहा कि मराठियों के आगे सरकार झुकी है और हमने झुकाया है। हमने सिर्फ आप की तरफ से संघर्ष किया, इसलिए खुशी को व्यक्त करने के लिए हम सभा का आयोजन कर रहे हैं। इस संबंध में राज ठाकरे और उद्धव ने संयुक्त बयान जारी किया है और लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

# पांच साल में सारथी सहित अन्य संस्थाओं में तीन लाख विद्यार्थियों को दिया गया प्रवेश

## विधान परिषद में वित्त मंत्री अजित पवार ने बताया

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने कहा कि बार्टी,सारथी और आर्टी जैसी संस्था में योग्यता के आधार पर विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा और इन संस्थानों में विद्यार्थियों की संख्या, सामान्य छात्रवृत्ति, विदेशी छात्रवृत्ति और प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में एक समान नीति लागू की जाएगी। गुरुवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के माध्यम से संजय खोडके ने राज्य की विभिन्न संस्था में विद्यार्थियों के प्रवेश का मुद्दा उपस्थित किया था,जिसके जवाब में अजित पवार बोल रहे थे। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि वर्ष 2018 से 25 की अवधि के दौरान सारथी संस्था में 83 पाठ्यक्रमों में 3 लाख विद्यार्थियों को सरकार की ओर से छात्रवृत्ति, स्कॉलरशिप आदि प्रदान की गई। उनमें से 3 हजार यानी केवल एक प्रतिशत विद्यार्थियों ने ही पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया था। उन एक प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए 280 करोड़ रुपये की निधि वितरित की गई। पांच साल में प्रति छात्र 30 लाख रुपए खर्च किए जा चुके है,इसलिए यह मामला गंभीर नहीं है। अजित पवार ने सदन को बताया कि भविष्य में छात्रों को उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा, जिनके आधार पर उन्हें रोजगार मिलेगा। बार्टी, सारथी, महाज्योती और आर्टि जैसी संस्थाओं में छात्रों की संख्या, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति की संख्या और गुणवत्ता के सुधार निर्धारित करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की गई थी। इस समिति की रिपोर्ट आ गई है। उस संबंध में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। इस चर्चा में अभिजीत बंजारी सहित कई अन्य सदस्य ने भाग लिया।



# अंग्रेजी का आलिंगन किसके लिए?

## भाजपा विधायक सुधीर मुनगंटीवार का सवाल
## अंग्रेजी में कार्यक्रम पत्रिका मिलने से हुए नाराज



**मुंबई।** भाजपा के वरिष्ठ सदस्य सुधीर मुनगंटीवार ने गुरुवार को विधानसभा में अंग्रेजी भाषा के मुद्दे पर सरकार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 1995 से विधानसभा सदस्य हैं, लेकिन कभी भी कार्यक्रम पत्रिका अंग्रेजी में नहीं देखी थी, आज पहली बार उन्हें कार्यक्रम विवरणिका अंग्रेजी में मिली। उन्होंने सवाल उठाया कि अंग्रेजी का आलिंगन क्यों? मुनगंटीवार ने मांग की कि विधानसभा अध्यक्ष नियम समिति की बैठक बुलाएं और अंग्रेजी शब्द हटा दें। सरकार ने पहली कक्षा से हिंदी अनिवार्य करने के मुद्दे से हाथ खींच लिया है, जबकि मराठी को प्राथमिकता देने का मुद्दा अभी चर्चा में है, लेकिन गुरुवार को विधानसभा में कुछ सदस्यों को अंग्रेजी में कार्यक्रम पत्रिका मिली। इस पर मुनगंटीवार ने नाराजगी जताई। मुनगंटीवार ने कहा कि उन्हें पता है कि नियमों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी के प्रावधान हैं। मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि मराठी उपलब्ध हो। जो इसे नहीं बोल सकते, उनके पास हिंदी का विकल्प है, तो अंग्रेजी के प्रति यह मोह क्यों? मराठी आनी चाहिए, अगर थोड़ी सी भी समस्या है, तो हिंदी चलेगी, लेकिन जिसे अंग्रेजी चाहिए, उसका पासपोर्ट निकालकर उसे इंग्लैंड भेज दिया जाए।

# दिवा-मुंबई सीएसएमटी लोकल चलाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना



**ठाणे।** मध्य रेल प्रशासन से पूर्व में उपोषण धरना,मोर्चा निकालने व कई बार निवेदन देकर मांग करने के बावजूद दिवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए लोकल सेवा शुरू नहीं हो पाई है,जिसके चलते दिवा स्टेशन के रेल यात्रियों को अपनी जान जोखिम में डालकर लोकल ट्रेन में सफर करना पड़ रहा है। इस मांग को लेकर समाज सेविका अश्विनी अमोल केंद्रे ने दिवा स्टेशन (पूर्व) परिसर में अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरू कर दिया है। इस आंदोलन को महिलाओं और लोकल यात्रियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। दिवा की जनसंख्या पांच लाख से अधिक है। यहां रहने वाले हजारों लोग रोजाना मुंबई और आसपास के उपनगरों में रोजी-रोटी के लिए लोकल ट्रेन से सफर करते हैं। ऐसे हालत में दिवा के यात्रियों को ट्रेन में चढ़ पाना कठिन हो गया है। काम पर पहुंचने की मजबूरी में लोगों को ट्रेन में लटक कर सफर करना पड़ता है। समाजसेविका अश्विनी अमोल केंद्रे ने कहा कि रेलवे प्रशासन व स्थानीय नेता दिवा के यात्रियों की परेशानी को लेकर गंभीर नहीं है।

# ईडी की कार्रवाई में करोड़ों की लूट का खुलासा

## नगर निगम अधिकारियों, डेवलपर्स, आर्किटेक्ट्स का रैकेट उजागर

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को निर्माण घोटाले के सिलसिले में वसई और विरार में आर्किटेक्ट, बिल्डर और चार्टर्ड अकाउंटेंट के आवासों पर छापेमारी कर करोड़ों रुपए जब्त किए और बेहद महत्वपूर्ण व गोपनीय दस्तावेज जब्त किए। इस कार्रवाई में बैंक खातों और फिक्स डिपोजिट में 12 करोड़ रुपए फ्रीज किए गए हैं और 26 लाख रुपए नकद जब्त किए गए हैं। ईडी को इस निर्माण घोटाले में मनपा अधिकारियों, बिल्डरों और आर्किटेक्ट्स के बीच मिलीभगत के सबूत मिले हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने नालासोपारा में 41 अनधिकृत इमारतों के मामले में कार्रवाई शुरू की है। मई में की गई कार्रवाई में मनपा के निलंबित शहरी नियोजन उपनिदेशक वाई. एस. रेड्डी के आवास से करीब 9 करोड़ रुपए नकद और 23 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया गया था। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई अब तक बैंकों, फिक्स डिपोजिट और म्यूचुअल फंड में जमा 12 करोड़ 71 लाख रुपए फ्रीज किए जा चुके हैं, जबकि 26 लाख रुपए नकद जब्त किए गए हैं। लैपटॉप, आईपैड में अहम सबूत इस कार्रवाई के दौरान ईडी के अधिकारियों ने कई लैपटॉप, आईपैड और मोबाइल फोन जब्त किए। इसमें काफी अहम सबूत मिले हैं।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given by Mr. DEVRAJ SHRINIWAS AMIN, legal heir of Late KUSUMA SHEENA PUTHRAN his biological Aunt (Mother's Sister), who is the owner of Flat No. B/20 'Arpana Bldg.', Shree Mahalakshmi Co-op. Hsg. Society Ltd., Veera Desai Road, Andheri West, Mumbai - 400 058 having 5 shares bearing distinctive Nos. 1536 to 1540 (both Inclusive) and Share certificate No. 355 and Members Register No. 308 issued on 1st October 1968. Any other person having any right, title, interest, claim or demand in respect of the said flat whatsoever is hereby required to make the same known in writing along with documentary proof within 10 days from the publication to the HON. SECRETARY, SHREE MAHALAKSHMI CO-OP HOUSING SOCIETY LTD, Veera Desai Road, Andheri West, MUMBAI - 400 058.

Place: Mumbai Sd/-
Dt: 04/07/2025 Mr. Devraj Shriniwas Amin

The Brihanmumbai Electric Supply & Transport Undertaking
(OF THE BRIHANMUMBAI MAHANAGARPALIKA)
BEST

निविदा सूचना

निम्नलिखित आइटमों की आपूर्ति हेतु ई –निविदा आमंत्रित की जाती है.
(1) 80450 – 33 केवी, केबल्स हेतु आर.सी.सी. टाइल्स, (2) 80442 – सिंथेटिक ग्रीस 365,

पुनःआमंत्रित ई-निविदाएं

(3) 80270, (4) 80349 (शुद्धिपत्र), (5) 80340.

**टिप्पणी :** अधिक जानकारी के लिए,
वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर लॉग ऑन करें.

**पीआरओ/एएम(एम)/37/2025** **महाप्रबंधक**

Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
|---|---|---|
| 04th July, 2025 | 06:30 PM | Pune |

Venue: Hotel Kalasagar, Old Mumbai Pune hwy, Ppp SBI Treasury Branch, MIDC, Kasarwadi, Pune Pimpri Chinchwad, Maharashtra - 411034.
Name: Rishabh Shroff | Mob. No.: 8976969241
Nippon Life India Asset Management Limited | CIN : L65910MH1995PLC220793
Good gets better
Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

Redevelopment of property Bearing C.S No.291 OF Lower Parel division, having ward G/S ward situated at Ganpatrao Kadam Marg Worli, Mumbai 18, under Regulation 33(7) of DCPR-2034, PROPERTY KNOWN AS HIRABAI CHAWL

**1105(7)- CESS-BUILDING NO-392**

| Sr. No. | NAME OF TENANT | NAME OF OCCUPANT | FLR. | ROOM/ SHOP NO. | USER | Decision of Tenacy Eligible / if Non Eligible with reason |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dr. ABHYUDAYA CHANDULAL SHAHA | Dr. ABHYUDAYA CHANDULAL SHAHA | GR | 392 | R | Accepted |
| 2 | UDAYINI RAGHUNATH. NARKAR | UDAYINI. RAGHUNATH NARKAR | FF | 392 | R | Accepted |

**1105(9)- CESS-BUILDING NO-392 A**

| Sr. No. | NAME OF TENANT | NAME OF OCCUPANT | FLR. | ROOM/ SHOP NO. | USER | Decision of Tenacy Eligible / if Non Eligible with reason |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SANJAY CHOUDHARY | SANJAY CHOUDHARY | GR | 392A-01 | R | Accepted |
| 2 | MEGHRAJ KHATANHAR | LALIT SAGARMAL JAIN | GR | 392A-02 | R | NOT Accepted (no document proior to 96 submitted) |
| 3 | MRS. SONAL MANOJ SHAHA | MRS. SONAL MANOJ SHAHA | GR | 392A-03 | R | Accepted |
| 4 | JAVERCHAND KARAMSHI CHEDDA | JAVERCHAND KARAMSHI CHEDDA | GR | 392A-04 | R | Accepted |
| 5 | SUNITA VIJAY SHIRASKAR RAJARRAM SHIRASKAR | SUNITA VIJAY SHIRASKAR RAJARRAM SHIRASKAR | GR | 392A-05 | R | Accepted |
| 6 | PARESH SHALIGRAM CHINCHOLKAR | PARESH SHALIGRAM CHINCHOLKAR | GR | 392A-06 | R | Accepted |
| 7 | VASUNDHARA RAJARAM NAIK | VASUNDHARA RAJARAM NAIK | FF | 392A-07 | R | Accepted |
| 8 | MRS. JYOTSANA GADA | MRS. JYOTSANA KUVERJI GADA | FF | 392A-08 | R | Accepted |
| 9 | MRS. NEHA GADA | MRS. NEHA GADA | FF | 392A-09 | R | ACCEPTED CLUBBED R. NO. 9 &10 |
| 10 | MRS JYOTSANA GADA AND NEHA GADA | MRS JYOTSANA GADA AND NEHA GADA | FF | 392A-10 | R | ACCEPTED CLUBBED R.NO. 9 &10 |
| 11 | MRS VIMLA KUVERJI SHAH AND PRASHAM BHAVESH SHAH | MRS VIMLA KUVERJI SHAH AND PRASHAM BHAVESH SHAH | FF | 392A-11 | R | Accepted CLUBBED 11 AND 12 |
| 12 | MR. KUVERJI LALJI SHAH AND PRASHAM BHAVESH SHAH | MR. KUVERJI LALJI SHAH AND PRASHAM BHAVESH SHAH | FF | 392A-12 | R | Accepted CLUBBED 11 AND 12 |

**1105(8)- CESS-BUILDING NO-392 B**

| Sr. No. | NAME OF TENANT | NAME OF OCCUPANT | FLR. | ROOM/ SHOP NO. | USER | Decision of Tenacy Eligible / if Non Eligible with reason |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MR. MANOJ PANNALAL SHAHA | MR. MANOJ PANNALAL SHAHA | GR | 392B | R | Accepted |
| 2 | DR. SUSHIL HARISHANKAR MANTRI, MR. NILESH KRISHNAKUMAR MANTRI AND SIDDHESH SHARAD MANTRI | DR. SUSHIL HARISHANKAR MANTRI, MR. NILESH KRISHNAKUMAR MANTRI AND SIDDHESH SHARAD MANTRI | FF | 392B | R | Accepted |

**1105 (11)- CESS-BUILDING NO-392 C**

| Sr. No. | NAME OF TENANT | NAME OF OCCUPANT | FLR. | ROOM/ SHOP NO. | USER | Decision of Tenacy Eligible / if Non Eligible with reason |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SHAILESH KESHAV BANGERA | SHAILESH KESHAV BANGERA | GR | 392C | R | Accepted |
| 2 | CHETAN KESHAV BANGERA | CHETAN KESHAV BANGERA | GR | 392C | R | Accepted |

**105 (10)- NON CESS-BUILDING NO-390**

| Sr. No. | NAME OF TENANT | NAME OF OCCUPANT | FLR. | ROOM/ SHOP NO. | USER | Decision of Tenacy Eligible / if Non Eligible with reason |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dr. ABHYUDAYA CHANDULAL SHAHA | J. C. DIAGNOSTICS (Dr. ABHYUDAYA CHANDULAL SHAHA) | GR & FF | 390 | NR | Accepted |

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

**निविदा सूचना संख्या:** 02-SNT-Proj-PSSA-2025 दिनांक: 28.06.2025
**कार्य का नाम:** रायपुर लोकल से ले कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के लाखोली (एलएई) तक आधुनिक सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणाली के लिए ओएफसी बैकबोन के प्रावधान के लिए ओएफसी की आपूर्ति, परिवहन, ट्रेंचिंग, बिछाने, बैकफिलिंग, क्षैतिज दिशात्मक ड्रिलिंग, एचडीपीई पाइप सम्मिलन, जोड़ने और समाप्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 7,47,58,727/-, **ई.एम.डी.:** ₹ 5,23,800/-, **निविदा प्रस्तुत करना:** दिनांक **25.07.2025** के **11:30** बजे तक, **निविदा खोलना:** दिनांक **25.07.2025** के **11:30** बजे। उपरोक्त कार्य के विस्तृत विवरण, निविदा दस्तावेज की खरीद पात्रता मानदंड हेतु उप मुख्य संकेत एवं दूर-संचार अभियंता / परियोजना / रायपुर कार्यालय से संपर्क करें **www.ireps.gov.in** या वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।

**उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
PR/R/GSU/DY(CSTE)/MS/89 रायपुर
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

**क्र. सं. 01 निविदा सूचना सं. : वरि.मं.सा. प्र. / द.पू.म.रे. रायपुर निविदा सं. 96255471**
**कार्य का नाम:** सप्लाई इंस्टॉलेशन एंड कमीशनिंग ऑफ़ सी एन सी सर्फेस व्हील लेथ ऑन टर्नकी बेसिस इन्क्लुडिंग कॉन्कोमिटेंट एक्सेसरीज कॉन्कोमिटेंट वर्क मेंटेनेंस टूल ऑप्शनल एक्सेसरीज एंड स्पेयर. कंसुमेबल प्रिवेंटिव मेंटेनेंस शेडुल ऍस पर अटैच्ड डॉक्यूमेंट एंड विन्निंग अरेंजमेंट (बेस्ड ऑन कोफमाऊ स्पेसिफिकेशन नं. COFMOW/CNC SWL /BG/2021, Rev. 0) मात्रा 01 नं.
**समाप्ति तिथि** : 28/07/2025 10:30 बजे

**क्र. सं. 02 निविदा सूचना सं. : वरि.मं.सा. प्र. / द.पू.म.रे. रायपुर निविदा सं. 96255349**
**कार्य का नाम:** सप्लाई ऑफ़ वेरियस साइज़ेस ऑफ़ बोल्ट एंड नट्स ऍस पर ड्राॅइंग विथ लेटेस्ट अल्टरेशन ऍस पर डिटेल्स गिवन इन ॲनेक्सचर-ए एंड ऍस पर आइआरएस स्पेसिफिकेशन ऍस मेन्शन इन द ड्राॅइंग ऑफ़ कनेक्टेड बोल्ट्स एंड नट्स विथ लेटेस्ट अल्ट्रेशन व्हेनेवर यूस्ड विल बी मीन द अल्टरेशन अप टू डेट ऑफ़ ऍक्चुअल ओपनिंग ऑफ़ टेंडर।
मात्रा 16975 किलो ग्राम
**समाप्ति तिथि** : 31/07/2025 10:30 बजे

01- निविदा दस्तावेज वेबसाईट **www.ireps.gov.in** उपलब्ध है और वही डॉउनलोड भी किया जा सकता है। **02-** सभी बोलीदाताओं / निविदाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जीएसटी का अनुपालनकर रहे है और जीएसटी कानून के अनुसार कर संरचना / दर उद्धृत करते है। **03-** निविदा अनुबंध से सबंधित अन्य पुछताछ के लिए वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय रायपुर डी. आर.एम. काम्प्लेक्स नियर आर. व्ही. एच. कॉलोनी डब्ल्यू. आर.एस. रायपुर पिन 492008 मो.नं. 0771-2252258 / 975287770 से सम्पर्क करे

**वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक**
PR/R/SR.DMM/AAA/88 **द.पू.म.रेलवे रायपुर**
South East Central Railway @secrail

# दिशा सालियान मामले पर कुछ नहीं कहूंगा

## विधान भवन में पत्रकारों से बोले आदित्य ठाकरे
## मंत्री नितेश राणे ने कहा, पिक्चर अभी बाकी है



**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में मुंबई पुलिस ने दुष्कर्म और हत्या के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। इससे शिवसेना यूबीटी के विधायक आदित्य ठाकरे को बड़ी राहत मिली है। गुरुवार को आदित्य ठाकरे ने पुलिस के हलफनामे पर प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि दिशा सालियान घटना से मेरा कोई संबंध नहीं, यह बात पूर्व में कही थी। इस विषय पर न तो पहले कुछ कहा, और न ही अब कुछ कहूंगा। हालांकि उनके धुरे विरोधी और कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने कहा कि सालियान को न्याय मिलेगा क्योंकि 'पिक्चर अभी बाकी है'।

सालियान की मौत आठ जून, 2020 को मुंबई के मालाड इलाके में एक रिहायशी इमारत की 14वीं मंजिल से गिरकर हुई थी। इसके बाद शहर की पुलिस ने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की थी। मुंबई पुलिस ने पिछले महीने मुंबई उच्च न्यायालय में एक हलफनामा प्रस्तुत किया था, जिसमें कहा गया था कि सालियान ने आत्महत्या की थी और उनकी मौत के संबंध में कोई साजिश नहीं पाई गई है। उसने अपनी इच्छा से फ्लैट की खिड़की से छलांग लगा दी थी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शव पर यौन और/या शारीरिक हमले के किसी भी संकेत का उल्लेख नहीं है।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

मनोहर वामन देसाई अस्पताल, मालाड (पूर्व)
क्रमांकः एचओ/2614/एमडब्ल्यूडीएच दिनांकः 03.07.2025
ई-निविदा आयडी: 2025_एमसीजीएम_1196958_1

| अ. क्र. | विवरण | ई-निविदा शुल्क | ईएमडी | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभिक तिथि एवं समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एम.डब्ल्यू. देसाई अस्पताल, मालाड (पूर्व) में संस्था/कंपनी के माध्यम से ठेका आधार पर 20 माह के लिए (तीन शिफ्टों में) 41 बहुउद्देश्यीय श्रमिकों की आपूर्ति. | ₹ 18150/- + 18% जीएसटी | ₹ 5,83,080/- | दि. 04.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे से | दि. 10.07.2025 को अपराह्न 16:00 बजे तक |
| | पूर्व-बोली बैठक हेतु स्थान | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं विभाग प्रमुख (एसएचसीएस) कार्यालय, के.बी. भाभा अस्पताल, बांद्रा (पश्चिम) | | | |
| | पूर्व-बोली बैठक की तिथि एवं समयः | दि. 08.07.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे | | | |

बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि जांच शुल्क, लिफाफा 'ए' एवं 'बी' खुलने के तुरंत बाद तथा लिफाफा 'सी' खोलने से पूर्व, एम.डब्ल्यू. देसाई अस्पताल से चालान प्राप्त कर किसी भी वॉर्ड सिटीझन्स फैसिलिटेशन सेंटर (सीएफसी) में तत्काल अदा किया जाना अनिवार्य है. यदि जांच शुल्क में संशोधन किया जाता है, तो बोलीदाता को संशोधित शुल्क अदा करना होगा.

हस्ता./- दि.: 03.07.2025
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
पीआरओ/890/विज्ञा./2025-26 एम.डब्ल्यू. देसाई अस्पताल, मालाड (पूर्व)

कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें

# भारत की बढ़ेगी वैश्विक धमक

जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे। इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरुआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। बता दें कि घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। चूंकि घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है और पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से वह एक है। लिहाजा दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी गोल्ड की है। प्रधानमंत्री मोदी महामा के साथ द्विपक्षीय भागीदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के जरिये इसे और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर बात करेंगे। वहीं, 3-4 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यात्रा करेंगे। क्योंकि कैरिबियाई द्वीप में रहने वाले कुल प्रवासी भारतीयों में से 40-45 प्रतिशत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रहते हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टिनी कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। लिहाजा प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगों की यह पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी ने कहा कि वह भारत के साथ गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव साझा करता है। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा। उल्लेखनीय है कि प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। यह दौरा हमारे पुश्तैनी और रिश्तेदारी के विशेष बंधनों को नया जीवन देने का अवसर देगा। पीएम मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स जाएंगे, जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। वहीं, 1999 के बाद भारतीय पीएम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा भी होगी। क्योंकि पीएम मोदी ने नवंबर 2024 में गुयाना की यात्रा की थी। देखा जाए तो महज आठ माह में कैरेबियाई द्वीप की दूसरी यात्रा से इस बात का संकेत मिलता है कि भारत इस क्षेत्र को कितनी अहमियत दे रहा है। बता दें कि करीब 180 वर्ष पहले भारतीय प्रवासी यहां त्रिनिदाद एवं टोबैगो आए थे। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 34.16 करोड़ डॉलर पहुंच गया। वहीं, 4-5 जुलाई को पीएम मोदी दक्षिणी अमेरिकी देश अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे। गत 57 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। जहां वह अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेयी से मुलाकात के दौरान रक्षा, कृषि, खनन, तेल गैस और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर बात करेंगे। अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में निकट सहयोगी बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मैं पिछले साल भी मिला था। हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान देंगे। सनद रहे कि इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अर्जेंटीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*गोली सीमा पर मिले, या थप्पड़ हो भाय*
*आम आदमी पर चले, जग में सदा सुहाय*
*जग में सदा सुहाय, गजब है खेल निराला*
*नेता के सुत-सुता, कभी ना खाते लाला*
*कह सुरेश कविराय दिवाली, गणपति,होली*
*खास नहीं हर बार आम खाते हैं गोली*

# बढ़ता ही जा रहा है भाषाई विवाद, इसे रोकना जरुरी

**एक बड़ी हिंदी भाषी आबादी होने के बावजूद महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विरोध को हवा मिलती रही है। वजह है मराठी पहचान पर ज़ोर। स्थानीय राजनीतिक दल इसे मुद्दा बनाते आए हैं। इस समय विरोध इस हद तक बढ़ गया है कि मराठी के पक्षधर मारकुटाई तक उतर आए है जिसके विरोध में महाराष्ट्र में कई स्थानों पर बन्द का आयोजन किया जा है।**



मीरा रोड में मारवाड़ी व्यापारी के साथ हुई मारपीट की घटना पर जहां एक तरफ गुरुवार को बंद बुलाया गया, वहीं बीजेपी, शिंदे सेना ने इस घटना की निंदा की है। हिंदीभाषी नेताओं ने मनसे कार्यकर्ताओं की तरफ से की गई भाषा के नाम पर मारपीट को गलत ठहराया है। नेताओं ने कहा कि मराठी सीखना जरूरी है, क्योंकि इससे लोगों को फायदा ही होगा, लेकिन मारपीट ठीक नहीं है। दरअसल महाराष्ट्र में ये हिंदी विरोध आज की बात नहीं है बल्कि ये पचास के दशक से चला आ रहा है जो सियासी वजहों से रह- रहकर उफ़ान मारता रहा है। पचास के दशक में तत्कालीन बॉम्बे स्टेट जिसमें आज का गुजरात और उत्तर पश्चिम कर्नाटक भी आता था वहां एक अलग मराठी भाषाई राज्य बनाने की मांग को लेकर संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन शुरू हुआ। साठ के दशक में आंदोलन का असर दिखा। संसद ने दि बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम पास किया जिसके बाद महाराष्ट्र और गुजरात दो अलग राज्य बने। इसके छह साल बाद जब बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना की तो उनका घोषित लक्ष्य था, बैंक की नौकरियों और कारोबार में दक्षिण भारतीयों और गुजराती लोगों के प्रभुत्व के ख़िलाफ़ मराठी मानुष को संरक्षण देना। मराठी भाषा, मराठी अस्मिता और मराठी लोगों के मुद्दे उठाकर शिवसेना ने महाराष्ट्र में गहरी पैठ बना ली। अस्सी के दशक में शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने दक्षिण भारतीयों और उत्तर प्रदेश और बिहार से आए प्रवासी उत्तर भारतीयों के खिलाफ लगातार रैली और आंदोलन किए। शिवसेना सत्ता में आई तो उसने दुकानों और संस्थानों में मराठी नेम प्लेट लगानी अनिवार्य कर दीं। बैंकों और सरकारी दफ़्तरों में भी मराठी में काम शुरू करवाया। बाला साहब ठाकरे जी के निधन के बाद भी शिवसेना ने ये मुद्दा अपने हाथ में रखा जो उसे बाकी पार्टियों से अलग बनाता रहा। उधर शिवसेना से अलग हुए बाला साहेब ठाकरे जी के भतीजे राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने भी ये मुद्दा मज़बूती से थामे रखा। शिवसेना, एमएनएस के लिए हर चुनाव में ये मुद्दा वोटों से भी सीधे तौर पर जुड़ा रहा। शिवसेना दो फाड़ हुई तो दोनों ही पक्षों ने इसे हाथ से जाने नहीं दिया। मराठी भाषा को लेकर ताज़ा विवाद इस साल मार्च में शुरू हुआ जब आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि मुंबई की एक भाषा नहीं है और ये ज़रूरी नहीं है कि मुंबई आने वाले हर व्यक्ति को मराठी सीखनी पड़े। इस बयान पर विपक्षी महाविकास अघाड़ी के दल बिफ़र गए। ख़ुद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मराठी राज्य की संस्कृति, इसे सीखना हर नागरिक का कर्तव्य है। इसके अगले ही महीने अप्रैल में फडणवीस सरकार ने एक आदेश जारी किया जिसमें अंग्रेज़ी और मराठी मीडियम के स्कूलों में पहली से पांचवीं क्लास के छात्रों के लिए हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बना दिया गया। फिर क्या था विपक्षी दलों शिवसेना-यूबीटी, एनसीपी-शरद पवार और एमएनएस को विरोध के लिए नया बारूद मिल गया। उन्होंने इसे स्थानीय पहचान को कमज़ोर करने की साज़िश बताया और राष्ट्रीय एकता की आड़ में सांस्कृतिक एकरूपता को बढ़ावा देने की कोशिश बताया। विरोध को हवा मिली और नतीजा ये हुआ कि महाराष्ट्र सरकार को प्राथमिक स्कूलों में तीन भाषा के फॉर्मूले को वापस लेने को मजबूर होना पड़ गया। बाद में महाराष्ट्र सरकार ने स्कूलों में तीन-भाषा नीति के क्रियान्वयन से संबंधित दो सरकारी प्रस्तावों (जीआर) को वापस ले लिया है। विपक्षी दलों और नागरिक समाज की तीखी प्रतिक्रिया के बाद, इसे हिंदी थोपे जाने के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की कि प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ। नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता वाली एक नई समिति भाषा नीति की विस्तार से फिर से जांच करेगी और तीन महीने के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। तब तक, 16 अप्रैल और 17 जून को जारी किए गए दोनों प्रस्तावों को रद्द कर दिया गया है। विवाद तब शुरू हुआ था जब सरकार ने अप्रैल में एक जीआर जारी किया जिसमें अंग्रेजी और मराठी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बना दिया गया। शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सहित विपक्षी दलों ने इस नीति को क्षेत्रीय पहचान को खत्म करने और राष्ट्रीय एकीकरण की आड़ में सांस्कृतिक समरूपता को बढ़ावा देने का प्रयास बताया। हिंदी का विरोध केवल महाराष्ट्र तक ही सीमित नहीं है; तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों ने ऐतिहासिक रूप से अपनी मूल भाषाओं की कीमत पर हिंदी को बढ़ावा देने के किसी भी कथित प्रयास का विरोध किया है। यह विरोध सांस्कृतिक गौरव, ऐतिहासिक स्मृति और भाषाई समानता की चिंताओं के मिश्रण में निहित है। तमिलनाडु जैसे राज्यों में, 1960 के दशक के हिंदी विरोधी आंदोलनों ने गहरी छाप छोड़ी, जिसने पीढ़ियों के लिए राजनीतिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को आकार दिया। महाराष्ट्र में, मराठी पहचान के दावे ने हमेशा राजनीतिक विमर्श में केंद्रीय भूमिका निभाई है। इसे "राष्ट्रीय" एजेंडे के रूप में देखे जाने वाले किसी भी प्रयास के माध्यम से कमजोर करने का प्रयास अक्सर मजबूत भावनात्मक और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं को भड़काता है। इन क्षेत्रों में मुख्य चिंता यह है कि हिंदी, जो पहले से ही केंद्र सरकार और राष्ट्रीय मीडिया में प्रमुख है, को स्थानीय भाषाई संदर्भों की अनदेखी करने वाली शैक्षिक नीतियों के माध्यम से थोपा जा रहा है। आलोचकों का तर्क है कि जबकि गैर-हिंदी भाषी राज्यों के छात्रों से हिंदी सीखने की अपेक्षा की जाती है, वहीं हिंदी भाषी छात्रों को मराठी, तमिल या कन्नड़ जैसी क्षेत्रीय भाषाएँ सीखने के लिए कोई पारस्परिक प्रोत्साहन नहीं दिया जाता है। यह एकतरफा नीति दिशा हाशिए पर जाने और सांस्कृतिक क्षरण की भावना को बढ़ावा देती है। अपने मूल में, यह विवाद भारत की स्थायी चुनौती का प्रतिबिंब हैः भाषाई विविधता के साथ राष्ट्रीय एकीकरण को कैसे संतुलित किया जाए। भारत में भाषा संचार के साधन से कहीं अधिक है; यह पहचान, इतिहास और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। मुद्दा हिंदी सीखने का नहीं है, बल्कि जिस तरह से इसे पेश किया जाता है और इसमें विकल्पों की कमी है। स्वैच्छिक, रुचि-आधारित भाषा सीखना स्वागत योग्य है।

**- अशोक भाटिया**

# अपनी खोई विरासत फिर हासिल करेगा भारत?

ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तमाम सवालों से घिरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब घाना की धरती पर उतरे, तो उनके कदमों में 75 साल की उम्र की थकान और हार न मानने की जिद एक साथ झलक रही थी। अक्रा के हवाई अड्डे पर, हल्के नीले नेहरू जैकेट में सजे मोदी का चेहरा तनाव और सुकून के मिश्रित भाव लिए था। शायद यह नेहरू जैकेट सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि उस नेहरू की याद का प्रतीक था, जिन्होंने कभी घाना की जनता को आजादी और ग्लोबल साउथ की एकजुटता का सपना दिखाया था। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामाहा ने उनका स्वागत किया, लेकिन हवा में सवाल गूँज रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर की आधी-अधूरी कहानी, अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया है, और हालिया भारत-पाक तनाव में चीन की सैन्य मदद ने ग्लोबल साउथ में भारत की साख को दांव पर ला दिया है। क्या यह घाना, जो कभी गांधी और नेहरू की अहिंसा व साझेदारी से प्रेरित था, मोदी के नेतृत्व में भारत के ग्लोबल साउथ के सपने को नया जीवन दे पाएगा? क्या यह यात्रा, गंभीर सवालों से जूझ रही विदेश नीति को पुनर्परिभाषित करने की बजाय, एक और कूटनीतिक शो बनकर रह जाएगी? पिछले महीने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने सीमित सैन्य कार्रवाई की। सेना निर्णायक कदम के लिए तैयार थी, मगर आखिरी पल में राजनीतिक नेतृत्व ने कदम पीछे खींच लिए। इंडोनेशिया में तैनात नौसेना अधिकारी कैप्टन शिव कुमार ने खुलासा किया, "हम तैयार थे, लेकिन रणनीति में स्पष्टता की कमी ने हमें रोका।" इस खुलासे ने देश में हलचल मचा दी। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्त कूटनीति पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तंज कसा, "मोदी सरकार की विदेश नीति अब फोटो सेशन और खोखली घोषणाओं तक सिमट गई है। नीतिगत दृढ़ता गायब है।" पर्दे के पीछे, चीन की भूमिका ने आग में घी डाला। हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और



सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं। इस तूफानी माहौल में मोदी अक्रा पहुंचे। घाना की संसद में उनका स्वागत पारंपरिक ढोल की थाप और स्थानीय गीतों ने किया। मोदी ने ट्वीट किया, "अक्रा पहुंचना सम्मान की बात है। राष्ट्रपति महामाहा का स्वागत हमारे पुराने, भरोसेमंद रिश्तों का प्रतीक है। हम भारत-घाना संबंधों को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे।" लेकिन सवाल वही है—क्या यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की चूक, अमेरिका पर निर्भरता, और चीन की बढ़ती चुनौती को पार कर भारत की साख सुधारेगी? या यह सिर्फ एक और कूटनीतिक चमक-दमक बनकर रह जाएगी? अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और बॉलीवुड गानों की गूँज घाना को भारत से जोड़े रखती है। यह रिश्ता कागजी कूटनीति से कहीं गहरा है—यह साझा संघर्ष और सपनों की कहानी है। 1950 के दशक में घाना के पहले राष्ट्रपति क्वामे एनक्रूमा भारत आए। गांधी की अहिंसा और नेहरू की 'ग्लोबल साउथ' की सोच ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने घाना की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। 1957 में घाना के आजाद होने पर भारत ने वहाँ अपना पहला दूतावास खोला। एक पुराना किस्सा है—1960 में नेहरू की घाना यात्रा के दौरान एनक्रूमा ने उन्हें एक शानदार 'केन्टे' कपड़ा भेंट किया, जो आज अक्रा के नेशनल म्यूजियम में प्रदर्शित है। उस स्वागत में स्थानीय जनजातियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य किया, और नेहरू की सादगी ने सबका दिल जीत लिया। 2011 में मनमोहन सिंह की यात्रा भी कम यादगार नहीं थी। नीली पगड़ी और सादे सूट में वह घाना की संसद में बोले, "भारत अफ्रीका का प्राकृतिक सहयोगी है। हमारा रिश्ता संसाधनों या निवेश तक सीमित नहीं, बल्कि साझा विकास और मानवीय सहयोग पर आधारित है।" उनकी बातों में गहराई थी, और स्वागत में घानाई गायकों ने पारंपरिक गीत गाए। भारत-घाना व्यापार नेहरू काल से लंबा सफर तय किया है। 2004 में यह महज 213 मिलियन डॉलर था, जो मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 2013-14 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचा। मोदी सरकार में यह 2017-18 में 3.34 अरब और 2018-19 में 4.48 अरब डॉलर तक गया, लेकिन 2023-24 में 2.51 अरब तक सिमट गया। 2024-25 (अप्रैल-अक्टूबर) में शुरुआती व्यापार 3.13 अरब डॉलर रहा। भारत का व्यापार घाटा बढ़ा है, क्योंकि घाना से सोना और तेल (घाना के निर्यात का 70%) तेजी से आयात हो रहा है। भारत ने घाना को 450 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (LoC) दी, जिससे गांवों में बिजली, आईटी पार्क, और स्वास्थ्य सुविधाएँ बनीं। लेकिन चुनौती सामने खड़ी है—चीन। घाना इन्वेस्टमेंट प्रमोशन सेंटर (GIPC) के मुताबिक, भारत प्रोजेक्ट संख्या में दूसरे स्थान पर है, लेकिन निवेश राशि में चीन, स्पेन, और मिस्र से पीछे है। 1994-2024 में भारत का निवेश 1.92 अरब डॉलर रहा, जबकि चीन का इससे कहीं अधिक। 2023 में भारत का निवेश 77.93 मिलियन डॉलर था, लेकिन चीन की आर्थिक पकड़ मजबूत है। हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं। घाना की सड़कों पर पारंपरिक नृत्यों की रौनक के बीच मोदी की यह यात्रा सिर्फ भारत-घाना दोस्ती की कहानी नहीं है। यह ग्लोबल साउथ में भारत की साख को पुनर्जनन करने और चीन की आक्रामकता को टक्कर देने की कोशिश है। चीन ने अफ्रीका में 200 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जबकि भारत 80 बिलियन के आसपास है।


**- ओंकारेश्वर पांडेय**

## लुप्त होता भारतीय समाज

सावधान हो जाइए! भारत सहित पश्चिमी देशों में कुछ ही दशक बाद फैमिली सिस्टम का अंत निकट है। परिवार लगातार टूट रहे हैं, बिखर रहे हैं, समाप्त हो रहे हैं। इस समय फैमिली सिस्टम को बचाना पश्चिमी जगत का सबसे बड़ा मुद्दा है। भारत के सनातनी समाज में भी फैमिली सिस्टम बड़ी तेजी से सिमट रहा है। फैमिली सिस्टम यूँ ही बिखरता रहा तो भविष्य खराब है। आज पश्चिमी समाज को तबाही का दृश्य दिखाई पड़ने लगा है। कल भारत भी इसी दौर से गुजरनेवाला है। मशहूर पश्चिमी लेखक डेविड सेलबोर्न की किताब "loosing battle with islam" में आँखें खोलने वाले खुलासे किए गए हैं। बताया गया है कि ईसाई जगत के समान सनातनी जगत के सामने भी ऐसा ही खतरा है। यहूदियों ने इस खतरे पर पार पा लिया है। डेविड के अनुसार इस्लाम के सशक्त फेमिली सिस्टम से पश्चिमी दुनिया हार रही है। पश्चिम में लोग शादी करना पसंद नहीं करते। समलैंगिकता, अवैध सम्बन्ध, लिव इन रिलेशनशिप आदि से फैमिली सिस्टम टूट गया है। पश्चिम में ऐसे बच्चों की तादाद बढ़ती जा रही है, जिन्हें अपने पिता का पता नहीं। मां बाप के साथ रहने का चलन पश्चिम पूरी तरह भूल चुका है। लोगों का बुढ़ापा ओल्ड एज होम्स में गुजर रहा है। नतीजा यह कि पश्चिमी बच्चे दादा दादी, नाना नानी, चाचा ताऊ जैसे रिश्तों के नाम भी भूल चुके हैं। अब तो नो चाइल्ड लाइफ स्टाइल बहुत शीघ्र पश्चिम को बर्बाद कर देगा। आबादी घटने से उत्पन्न अकेलेपन के सबसे बड़े शिकार जापान और दक्षिण कोरिया हैं। कारण, खाओ पियो ऐश करो, नो चाइल्ड ऑनली प्लेजर, ऑनली मस्ती। गौर से देखने पर पता चल जाता है कि भारत का हिन्दू समाज भी उधर बढ़ चुका है जहां से पश्चिमी जगत के सामने अंधेरा ही अंधेरा नजर आ रहा है। सॉलिड फेमिली सिस्टम के कारण अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस में इस्लाम की संख्या बढ़ती जा रही है। इस्लाम धर्म में परिवार वास्तव में मजबूत इकाई है। परिवार को जोड़े रखने की कला यहूदियों ने इस्लाम से सीखी है और अपनी आबादी बढ़ाई है। पश्चिम में अकेला होता जा रहा आदमी भयावह ऊब और घुटन का शिकार है। भारत के शहरों में ही नहीं, कस्बाई जीवन में भी अकेलापन प्रवेश कर चुका है। भारत में भी पाएंगे कि समाज में भी चाचा, भतीजा, बुआ, ताऊ, मामा, मौसी और यहां तक कि सगे भाई सगी बहन के रिश्ते भी धीरे धीरे समाज में खत्म हो रहे है। यह घोर चिन्ता का विषय है, दुर्भाग्य से इस पर चिंतन अभी शुरू भी नहीं हुआ है। इसका एक प्रमुख कारण विवाहित बेटियों का अपने मैके में दखल देना तथा बेटियों के मां को उनके ससुराल में दखलंदाजी है। विवाहित बहन भी अपनी उल्लू सीधा कर भाइयों को आपस में खूब लड़वाते हैं। याद कीजिए चीन ने वन चाइल्ड पॉलिसी लागू कर अपनी आबादी घटाई जो अब भारत से कम हो गई। वहां भी चीनी जनता ने जब वन चाइल्ड के बजाय नो चाइल्ड अपनाना शुरू किया तब चीन ने दो बच्चों की इजाजत दी। आज दुनिया के अनेक देशों में आबादी बढ़ाने के अभियान चल पड़े हैं।

**- शिवानन्द मिश्रा**

आज का कार्टून




साभार

# महिलाओं को आर्थिक मदद से ज्यादा रोजगार की आवश्यकता

भारत में महिला आयोजन की नहीं महिला रोजगार की जरूरत है। आज हम वैश्विक तौर पर भारत को विश्व क्रमांक की स्थिति में वह भी 146 देशों में से अपने पड़ोसी देशों से भी पीछे होते हुए 131 की कगार में देख रहे हैं। यह देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। आज हमारा देश पड़ोसी देश बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका से भी पीछे होते हुए 131 की कगार में है और हम हमसे पीछे हमारे खास दुश्मन पाकिस्तान को देख रहे हैं। यही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। यदि ऐसी ही स्थिति बनी रही तो भविष्य में हमारे सामने एक बड़ा सवाल उत्पन्न होगा। इसका सबसे बड़ा कारण महिला रोजगार होगा। साथ ही भारत की वे महिलाएं जो अपने घरेलू जीवन के कार्यों को कार्य के रूप में न गिनते हुए उसे बेरोजगारी के रूप में गिना जाता है। गौरतलब हो कि भारत में पुरुषों का वेतन महिला के वेतन से अधिक है और इसका सबसे बड़ा कारण महिला रोजगार को लेकर कहा गया है। हमारे देश में महिला दिन-रात अपने घरों से लेकर समाज तक में कई कार्य को करती हैं किंतु वह कार्य घरेलू होने के कारण घर संसार का होने के कारण उन्हें श्रम श्रेणी में नहीं लिया जाता। इसी कारण विश्व में आज सबसे बड़ा सवाल यह भी उत्पन्न हुआ है कि भारत में महिला सुरक्षित नहीं है। वहां महिला खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और यह हमारे देश के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। हम 2 साल पहले इस कगार पर नहीं थे किंतु आज हमारा देश एक सीमा पर खड़ा हो चुका है जहां हमारे लिए बहुत बड़ी शर्मिंदगी के साथ-साथ समाज के लिए भी एक सवाल उठ खड़ा हुआ है। यदि हमारे देश की स्थिति इसी तरह रही तो देश के लिए सही नहीं हैं? आज हम आर्थिक तौर पर श्रेणी में अच्छी स्थिति में हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि विश्व क्रमांक श्रेणी में हमारे देश की स्थिति ऊपर जाने के बजाए नीचे की तरफ जा रही है जिस कारण बेरोजगारी बढ़ रही है खासकर महिलाओं में। ऐसे में महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने हेतु हर महीने उनके खाते में कुछ हजार रूपए ट्रांसफर करने की जगह उन्हें रोजगार उपलब्ध कराकर आर्थिक और मानसिक रूप से सबल बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है। हमने देखा कि किस तरह लॉकडाउन के दौरान पुरुष हो या महिला हर एक पढ़ा लिखा घर बैठे वर्क फ्रॉम होम करके अपनी कमाई के हिस्से को अपने घर खर्च के ऊपर इस्तेमाल कर रहा था। वहीं जो घरेलू महिला घर में बैठे कार्य करती है अपने घर संसार को चलाती है उसके कार्यों का कोई मोल नहीं। ऐसे में सरकार से निवेदन है कि इन्हें आर्थिक बैंक सुविधा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराने की कृपा करें। इसका मुख्य कारण यह है कि जिन महिलाओं को रोजगार की आवश्यकता है उन्हें रोजगार न मिलने पर, आर्थिक सुविधा न होने पर वह मानसिक रूप से परेशान होने के साथ-साथ अपने बच्चों और परिवार का ठीक से पालन पोषण नहीं कर पाती। इतना ही नहीं इससे कई बार घर में ऐसा माहौल बन जाता है कि आपस में हाथापाई या मारपीट तक हो जाती है। यहां तक की कई बार ट्रेनों में भी हम वह भीषण लड़ाइयों का शिकार होती ऐसी पीड़ितों को देखते हैं, जिससे आम महिलाओं में भी असुरक्षा का माहौल उतपन्न होता है। ऐसी वारदात आए दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। जिसका शिकार पुरुष भी हो रहे हैं, बच्चे भी हो रहे हैं और समाज भी हो रहा है। क्योंकि यह इसीलिए कहा जाता है कि एक महिला शिक्षित हो तो उसका पूरा परिवार शिक्षित होता है और उसके परिवार का पालन-पोषण एक संस्कार के साथ होता है। यह हमारे देश के लिए भी आवश्यक है क्योंकि फूले जी ने भी महिला की शिक्षा को लेकर कड़ा संघर्ष किया, उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए कई प्रयासों को किया है तो आज हमें महिला आयोजन के बदले महिला रोजगार पर फोकश करना रहा। किसी भी महिला को मुफ्त में मिले आर्थिक आयोजन का लाभ उठाने से अच्छा है कि वह खुद की कमाई का लाभ उठाए। साथ ही अपने घर के पालन पोषण और समाज को एक सही दिशा की ओर बढ़ाने का प्रयास करें। क्योंकि हमारे देश में 100 में से केवल 40% महिला कार्य करती है किंतु 60% महिला में कुछ बेरोजगार है तो कुछ घर के घरेलू कामों में व्यस्त हैं जिन्हें हम हाउसवाइफ की श्रेणी में लेते हैं तो यही मेरी दरखास्त है सरकार द्वारा महिला आयोजन के प्रति महिला रोजगार आयोजन की शुरुआत पूरे देश में की जाए जिन महिलाओं को रोजगार की आवश्यकता है। वह उन जगह अपनी आवश्यकता के अनुसार अपने कार्य की श्रेणी को प्राप्त करें। इसका मुख्य कारण है यदि महिला शिक्षित है तो उसका पूरा समाज और घर यहां तक कि देश शिक्षित है।

**- दीपा राहुल शुक्ला**

# जन्म के अनुसार दस्तावेज जमा करने का आदेश

## ● सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरना जरूरी

**नवहट्टा (सहरसा)।** जिले में चल रहे गणना प्रपत्र प्रारूप अभियान के दौरान निर्वाचन विभाग ने जन्म के अनुसार चार भागों में समय का बंटवारा करते हुए जरूरी दस्तावेज देने का आदेश सभी मतदाताओं को दिया है।

बीएलओ के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में वितरण किए जा रहे गणना प्रपत्र में कई प्रकार के जरूरी जानकारी के साथ जन्म के अनुसार दस्तावेज देने हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरना जरूरी होने के साथ पासपोर्ट साइज का फोटो देना जरूरी है। इसके बाद जन्म के अनुसार 11 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज देना है। जिन मतदाताओं का जन्म 01/07/1987 के पहले हुआ है उनको केवल प्रपत्र भरने के साथ पासपोर्ट साइज का फोटो और 11 दस्तावेजों में से किसी एक को जमा करना जरूरी है।




इसी प्रकार 1987 और 2/12 2004 के बीच जिनका जन्म हुआ है उनको गणना प्रपत्र और पासपोर्ट फोटो के साथ-साथ अपने माता या पिता में से किसी एक का दस्तावेज देना जरूरी है। इसी प्रकार जिनका जन्म 2/12/2004 के बाद हुआ है उनको गणना प्रपत्र और पासपोर्ट फोटो के साथ-साथ माता और पिता का भी दस्तावेज देना जरूरी है।

इधर,घर की बहू के मामले में उनके मायके के माता-पिता का दस्तावेज लगेगा। दूसरी तरफ वर्ष 2003 के मतदाता सूची में जिनका नाम होगा उनको केवल गणना प्रपत्र भरने के साथ पासपोर्ट फोटो लगाकर प्रपत्र जमा करना है उनको किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं देना है।

### जन्म के अनुसार किसे लगेगा कौन सा दस्तावेज

सभी लोगों को गणना प्रपत्र के साथ एक पासपोर्ट फोटो देना जरुरी है। इसके बाद अगर आपका जन्म एक जुलाई 1987 के पहले हुआ है तो सरकार की कोई भी भूमि या मकान का आवंटन प्रमाण पत्र, राज्य या प्राधिकारों द्वारा तैयार किया गया पारिवारिक रजिस्टर, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर जहां उपलब्ध हो, सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत ओबीसी, एससी-एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थाई निवास प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत मैट्रिकुलेशन शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, सरकार/स्थानीय प्राधिकरण/ बैंक/ डाकघर/एलआईसी / पीएसयू द्वारा भारत में 01/07/1987 से पूर्व निर्गत किया गया कोई भी पहचान पत्र, प्रमाण पत्र या दस्तावेज। केंद्रीय/राज्य/पीएसयू के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को निर्गत कोई पहचान पत्र या पेंशन भुगतान का आदेश पीपीओ में से कोई एक दस्तावेज वो भी केवल आपका ही देना जरूरी है, अगर आपका जन्म 01.07.1987 के बाद और 02.12.2004 के बीच हुआ है तो 11 दस्तावेज में से कोई एक आपका लगेगा और साथ में आपके माता या पिता में से किसी एक का भी दस्तावेज लगेगा।

# पटना में निरीक्षण पर निकले नीतीश

## दीघा से सोनपुर 6 लेन पुल का जायजा लिया

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्र में निरीक्षण पर निकले। उन्होंने सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। साथ ही दीघा घाट पर रुककर दीघा से सोनपुर तक बनाए जा रहे नए 6 लेन पुल के निर्माण कार्य को देखा। सीएम ने कहा कि इस पुल के बन जाने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और सुगम हो जाएगा। महात्मा गांधी सेतु और जेपी सेतु पर वाहनों का दबाव कम होगा। इसे जेपी सेतु के समानांतर बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सीएम नीतीश कुमार अटल पथ होते हुए जेपी गंगा पथ पहुंचे। फिर गायघाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने गंगा के बढ़ते



जलस्तर को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के किनारे किए जा रहे पौधारोपण और सौंदर्यीकरण कार्य का भी जायजा किया और बेहतर ढंग से इसे पूरा करने के निर्देश दिए। इससे पहले गुरुवार सुबह सीएम नीतीश राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच बिहार के प्रशासनिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस मीटिंग पर सियासी गलियारे में चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में इसे औपचारिक मुलाकात बताया गया।

# बिहार विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की एंट्री

## केजरीवाल बोले- अपने दम पर लड़ेंगे



**पटना।** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी बिहार में अपने दम पर विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। बता दें कि गुरुवार को दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अरविंद केजरीवाल ने यह बयान दिया। इस दौरान उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि बिहार में आम आदमी पार्टी किसी गठबंधन के साथ चुनाव नहीं लड़ेगी। इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए था।

### 'इस साल के अंत में होगा विधानसभा चुनाव

बता दें कि इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर राजनीति भी तेज हो गई है और सभी राजनीतिक दलों द्वारा जोर आजमाइश की जा रही है। बीते दिनों चुनाव आयोग ने जन सुराज पार्टी को आगामी चुनावों के लिए 'स्कूल बैग' चुनाव चिह्न आवंटित किया था। पार्टी के सभी 243 प्रत्याशी इस निशान पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। जन सुराज पार्टी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि 'स्कूल बैग' शिक्षा और प्रगति का प्रतीक है, जो उनकी विचारधारा को दर्शाता है। बता दें कि जन सुराज बिहार में एक उभरता हुआ राजनीतिक दल है, जिसकी स्थापना प्रशांत किशोर ने की है। प्रशांत किशोर, जिन्हें पीके के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रसिद्ध राजनीतिक रणनीतिकार रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े नेताओं के लिए चुनावी रणनीति बनाई।

### भाजपा नेता अजय आलोक ने साधा निशाना

बता दें कि आम आदमी पार्टी बिहार के सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। इसे लेकर भाजपा नेता अजय आलोक ने कहा, 'अरे कपटीवाल जी, सुनें बिहार में 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। बिहार में किसी से गठबंधन नहीं करेंगे। बिहारियों और पूर्वांचलियों ने दिल्ली में सर मुंड दिया आपका, दिल्ली से भगा दिया, आपका मन नहीं भरा। पंजाब नाम के एटीएम का कितना यूज करेंगे। 3 साल में डेढ़ लाख करोड़ का कर्जा पंजाब पर चढ़ा दिया। गुजरात में लड़िएगा, बिहार में लड़िएगा। पंजाब एटीएम को गजब चूस रहे हैं। आइए बिहार में लड़िए चुनाव। राजनीतिक हैसियत और राजनीतिक औकात दोनों का पता आपको चल जाएगा। वेलकम टू बिहार, मिस्टर कपटीवाल।

# NDA में जल्द होगा सीटों का बंटवारा : चिराग पासवान

## मांझी के अनुभवहीन नेता कहने पर बोले-वो हमारे अभिभावक

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को राज्यपाल से मुलाकात की। राजभवन से निकलते हुए उन्होंने बताया कि कुछ अहम राजनीतिक मुद्दों को लेकर उन्होंने राज्यपाल को जानकारी दी है।

आगे उन्होंने बताया कि एनडीए में सीटों का बंटवारा बहुत जल्द हो जाएगा। चिराग पासवान ने साल 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर मैं 2020 में एनडीए के साथ रहता तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) इतनी ज्यादा सीटें नहीं जीतती। वे उसी सीट पर चुनाव जीते जहां हमने उम्मीदवार खड़े किए थे, और वो सीटें दहाई के अंक में भी नहीं जातीं।



### रामविलास पासवान की जयंती पर राज्यपाल से की चर्चा

चिराग पासवान ने बताया कि आगामी 5 जुलाई को स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी राज्यपाल से चर्चा की है। उन्होंने आगे बताया कि वीटो नामक संस्था की गतिविधियों और उसके विस्तार के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी गई। यह संस्था कई देशों में काम कर रही है। इसके तहत एक विश्वविद्यालय का भी निर्माण हो रहा है,जिसमें बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की सोच को प्राथमिकता दी जा रही है।

### मांझी के बयान पर चिराग का जवाब

पूर्व मुख्यमंत्री और हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने चिराग को अनुभवहीन नेता कहा था, इस पर चिराग ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मांझी जी हमारे अभिभावक हैं। वह कुछ भी बोल सकते हैं,मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैं उनसे आशीर्वाद लेता रहता हूं। विपक्ष को इन बातों से खुश नहीं होना चाहिए, हम लोग एकजुट हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे जाने पर चिराग पासवान ने कहा कि हमें गर्व है कि हम ऐसे प्रधानमंत्री के साथ काम कर रहे हैं,जिन्हें हर देश में सर्वोच्च सम्मान मिल रहा है। ये पूरे देश के लिए सम्मान की बात है।

# शादी के 10 दिन बाद पत्नी प्रेमी के साथ फरार

## एक लाख रुपए और जेवरात भी ले गई पति ने दर्ज कराया अपहरण का केस

**बेतिया।** बेतिया के श्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से शादी के 10 दिन बाद एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। वह अपने साथ घर में रखे एक लाख रुपए कैश के साथ जेवरात भी ले गई है। मामले में पीड़ित पति की शिकायत पर श्रीनगर थाना की पुलिस ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित ने पुलिस से बताया है कि उसका टेंट का कारोबार है। 10 दिन पहले ही उसकी शादी नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की से हुई थी। 24 जून 2025 की रात उसकी पत्नी और माता-पिता खाना खाकर सो गए थे। वह अपने काम से गया था। रात करीब 10 बजे जब टेंट हाउस का काम करने के बाद घर आया तो उसकी पत्नी घर से गायब थी। इसके बाद खोजबीन शुरू किया गया। घर में खोजने के बाद पड़ोस के लोगों से बात की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उसने अपने ससुराल में फोन किया। इसके बाद ससुराल वालों ने भी पता लगाना शुरू किया। पता चला कि विवाहिता अपने गांव के ही सरफराज आलम नामक युवक के साथ भाग गई है। अभी वह गांव भी नहीं आई है।

इस दौरान जब घर में देखा तो पता चला कि विवाह के दौरान जो आभूषण दिए गए थे वह भी साथ लेकर गई है।

# रात भर इंतजार करती रही दुल्हन, बारात लेकर नहीं पहुंचा दूल्हा

## थाने तक पहुंच गई लड़की

**अररिया।** अररिया में एक दुल्हन तैयार होकर इंतजार करती रही और बारात लेकर दूल्हा नहीं पहुंचा। अगले दिन जब परिजन लड़के वालों के घर पहुंचे तो पता चला कि वह फरार हो गया था। पीड़ित परिवार ने थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। मामला मीरगंज थाना इलाके के एक गाांव का है। पुलिस दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसेलिंग कर रही है। शादी नहीं होने से दुल्हन मायूस है। जानकारी के मुताबिक रानीगंज थाना क्षेत्र के विस्टोरिया पंचायत के वार्ड 18 कोठीहाट निवासी एक लड़के से पूर्णिया जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के एक लड़की की शादी तय हुई। लडक़ी पक्ष की ओर से लड़के के घरवालों को उपहार स्वरूप डेढ़ लाख रुपये और सामर्थ्य अनुसार फर्नीचर आदि भी दिए गए। शादी से पहले लड़की वालों ने फलदान और कुम्हरन की रस्म भी पूरी की। दो जुलाई बुधवार को बनमनखी के भक्त प्रह्लाद मंदिर में शादी होनी थी। लड़की वालों के द्वारा मंदिर में करीब एक सौ बारातियों और लड़की के घर वाले अन्य परिजनों के खाने पीने की व्यवस्था की गयी थी। लेकिन बुधवार की पूरी रात लड़की और उनके के परिजन दूल्हे और बारात का इंतजार करते रह गए।

# शादी के एक महीने बाद पति का मर्डर

## मंडप में प्लानिंग की, झारखंड से शूटर बुलाए, 60 साल के फूफा से था अफेयर

**पटना।** इंदौर की सोनम ने जैसे अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या करवाई वैसा ही मामला बिहार के औरंगाबाद में सामने आया है। जहां 60 साल के फूफा के प्यार में 27 साल की भतीजी ने अपने पति की हत्या करवा दी। 24 जून को 27 साल के प्रियांशु उर्फ छोटू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 21 मई को प्रियांशु और गुंजा की शादी हुई थी। शादी के मंडप में ही लड़की ने पति के मर्डर की प्लानिंग की। शादी के करीब 1 महीने बाद ही पत्नी ने शूटर हायर करके पति का मर्डर करवा दिया। 2 जुलाई को पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। फूफा जीवन सिंह फरार है। दोनों ने हत्या के लिए झारखंड से 2 शूटर हायर किए। पुलिस ने दोनों शूटर्स जयशंकर चौबे और मुकेश शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया है।




### बचपन से फूफा के घर पर ही रहती थी...

गुंजा ने पुलिस को बताया, 'मैं बचपन से ही अपने फूफा के घर रहती थी। वहीं पढ़ती थी। इसी दौरान मैं उनके करीब आ गई। हम दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे। मुझे पता था कि वो उम्र में मुझसे डबल हैं, लेकिन प्यार तो प्यार है। उम्र नहीं देखता।' 'बुआ को कभी हमारे रिश्ते को लेकर शक नहीं हुआ। हम घर में ही मिला करते थे। अप्रैल में बुआ ने हमें एक साथ देख लिया। बात घर में फैल गई। पिता ने लड़के देखना शुरू कर दिए। एक महीने के अंदर ही मेरी शादी तय हो गई। 21 मई को बिना मेरी मर्जी के मेरी शादी प्रियांशु से हुई। मैं इस रिश्ते से खुश नहीं थी। फूफा से मैंने कई बार कहा कि चलो भाग चलते हैं, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं कहा। इससे पहले वो मेरी 2 शादियां तुड़वा चुके थे।'

'समाज और पिता की इज्जत के डर से मैंने शादी कर ली, लेकिन वरमाला के दौरान ही मैंने तय कर लिया था कि पति की हत्या करवा देंगे, फिर साथ ही रहेंगे। शादी के बाद मैं उनसे बार-बार बोलती थी। मुझे प्रियांशु के साथ नहीं रहना है। फूफा डाल्टनगंज के बड़े बस कारोबारी हैं। प्रियांशु भी बड़ा जमींदार था।

**व्यापार**

# सेंसेक्स 170 अंक गिरकर 83,239 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार, 3 जुलाई को सेंसेक्स 170 अंक गिरकर 83,239 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 48 अंक की गिरावट रही, ये 25,405 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 गिरकर बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व और अडाणी पोर्ट्स में गिरावट रही। मारुति, इंफोसिस और NTPC में खरीदारी रही। निफ्टी के 50 में से 32 शेयरों में गिरावट और 17 में तेजी रही। जबकि एक में कोई बदलाव नहीं हुआ। NSE के मेटल, रियल्टी और सरकारी बैंकिंग शेयरों में 1% तक गिरावट रही। मीडिया, FMCG, ऑटो और फार्मा शेयरों में उछाल रही।

# इंद्रिया ने पेश किया 'आसमानियत' हीरो से जड़ा एक खास ज्वेलरी कलेक्शन



**मुंबई।** आदित्य बिरला ग्रुप के ज्वेलरी ब्रांड इंद्रिया ने "आसमानियत" नाम से हीरों से जड़ा एक खास कलेक्शन लॉन्च किया है, जो आकाश की खूबसूरती और उसकी असीम व्यापकता से प्रेरित है। इस संग्रह का हर आभूषण बारीकी से रचा गया है और उसमें आकाश की रहस्यमयी चमक को हीरों के ज़रिए जीवंत किया गया है। यह डिज़ाइन किए गए गहने आपके कलेक्शन में खास जगह बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। आसमानियत में हार, झुमके, अंगूठियां और चूड़ियां शामिल हैं। हर एक डिज़ाइन को प्रेम और बारीकी के साथ इस तरह तैयार किया गया है कि वह इंद्रिया डायमंड्स की अद्भुत चमक को उजागर करता है। इस कलेक्शन में ट्विलाइट ब्लूज़ से लेकर ऑरोरा ग्रीन्स जैसे रंगों के रंगीन रत्न भी शामिल हैं, जो रात के आकाश की झलक को दर्शाते हैं। भारतीय पारंपरिक कारीगरी साथ आधुनिक डिज़ाइन को मिलाकर तैयार किए गए ये गहने पारंपरिक पोशाकों से लेकर वेस्टर्न ड्रेस पर भी बेहद खूबसूरत लगते हैं, और हर खास मौके के लिए उपयुक्त हैं।

# चीन ने भारत को जरूरी मशीनों की डिलीवरी रोकी

## 300 इंजीनियर्स को वापस बुलाया

### इससे आईफोन फैक्ट्रियों में काम धीमा हो सकता है

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत को जरूरी मशीनों और पार्ट्स की डिलीवरी रोक दी है। ये मशीनें और पार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टर्स के लिए बेहद जरूरी हैं।

इसके अलावा, भारत में आईफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने अपने 300 से ज्यादा चीनी इंजीनियर्स और टेक्नीशियन्स को भारत से वापस बुलाने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन ने ऐसा भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रभावित करने के लिए किया है। सूत्रों ने कहा, "चाइनीज कर्मचारियों की संख्या 1% से भी कम है, लेकिन ये प्रोडक्शन और क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे अहम ऑपरेशंस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चीनी सरकार द्वारा अपने नागरिकों को वापस बुलाने के निर्देश से फैक्ट्रियों में काम धीमा हो सकता है। बीती दिनों चीन ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (EV) और इलेक्ट्रॉनिक्स में इस्तेमाल होने वाले रेयर अर्थ मैग्नेट्स की सप्लाई भी रोक दी थी। ऐसे में चीन के इन दोनों कदमों को भारत की मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ को कमजोर करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। चीन शायद भारत के साथ टिट-फॉर-टैट की रणनीति अपना रहा है, क्योंकि उनके कॉर्पोरेट कर्मचारियों को बिजनेस वीजा हासिल करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। एक उद्योग सूत्र ने कहा, हम इस मामले पर सरकार को एक रिपोर्ट भेजने का प्लान बना रहे हैं।



# मिवि ने भारत में एआई बड्स की शुरुआत की




**मुंबई।** भारतीय कंपनी मिवि ने एक नया तकनीकी प्रोडक्ट मिवि एआई बड्स लॉन्च किया है। ये बड्स शानदार आवाज़ के साथ-साथ एक ऐसे एआई एक्सपीरियंस के साथ आते हैं, जो इंसान की तरह बात करता है। ये पूरी तरह से भारत में बने हैं और बिना स्क्रीन के आसान बातचीत का अनुभव देते हैं। ये एआई बड्स 4 जुलाई से फ्लिपकार्ट और मिवि के वेबसाइट पर सिर्फ 6999 रुपये में मिलेंगे। ये बड्स सामान्य एआई से अलग हैं। ये आपकी बात को याद रखते हैं, आपकी पसंद को समझते हैं और इंसान की तरह जवाब देते हैं। आप इनसे नौकरी के इंटरव्यू की तैयारी, खाना बनाने की टिप्स या किसी भी सवाल का जवाब ले सकते हैं। ये 8 भारतीय भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, कन्नड़, मलयालम और गुजराती में कम्युनिकेट करते हैं, वो भी बिना सेटिंग बदले।

# एयरपोर्ट लाउंज एरिया में अब यात्रियों की डायरेक्ट एंट्री

**नई दिल्ली।** एयरपोर्ट पर अब यात्रियों की लाउंज में डायरेक्ट एंट्री होगी। अडानी समूह की ओर से यात्रियों को यह बड़ा तोहफा दिया गया है। समूह की कंपनी अडानी एयरपोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने लिंक्डइन पर इसके बारे में विस्तार से बताया है। उन्होंने कहा कि अन्य ऑपरेटरों के साथ साझेदारी के तहत अब यात्रियों को लाउंज एरिया की डायरेक्ट एंट्री या एक्सेस दी जाएगी। इसका मतलब है कि अब लाउंस फैसलिटीज के लिए यात्रियों को थर्ड पार्टी की जरूरत नहीं है। अब यात्री अडानी एयरपोर्ट्स के डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे लाउंज में प्रवेश कर सकते हैं। बता दें कि अडानी समूह वर्तमान में मुंबई, लखनऊ, अहमदाबाद, मंगलुरु, गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम में एयरपोर्ट का संचालन करता है। कंपनी वर्तमान में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कर रही है।

### अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे 2025 डील्स का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** अमेज़न इंडिया ने बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है,जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधी रात से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज़, अमेज़न डिवाइसेज़, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है।

# टाटा मोटर्स के साथ साझेदारी से श्री नासिक गुड्स ट्रांसपोर्ट का परिचालन और मजबूत

**मुंबई।** श्री नासिक गुड्स ट्रांसपोर्ट पिछले तीन दशकों से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बना हुआ है। महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और राजस्थान में इस कंपनी ने समय पर डिलीवरी और ग्राहक-केन्द्रित सेवाओं के ज़रिए अपनी खास पहचान बनाई है। यह कंपनी राजेश कटिरा और उनके बेटे चिराग कटिरा के नेतृत्व में संचालित एक पारिवारिक व्यवसाय है, जो समय के साथ लगातार खुद को निखारता रहा है। टाटा मोटर्स के साथ इसकी 20 साल पुरानी साझेदारी ने इसे आधुनिक ट्रकों और बेहतर सेवा क्षमताओं से सशक्त बनाया है। आज श्री नासिक गुड्स ट्रांसपोर्ट के पास 250 से अधिक वाहनों का बड़ा फ्लीट है, जिनमें अधिकतर टाटा मोटर्स के इंटरमीडिएट, लाइट और मीडियम कमर्शियल व्हीकल्स शामिल हैं। ये ट्रक मजबूत, टिकाऊ और बेहतर परफॉर्मेंस के लिए बनाए गए हैं। कंपनी ने हाल ही में SFC 610 और नया LPT 1816 समेत पांच नए ट्रक अपने बेड़े में शामिल किए हैं। भरोसे, समय की बचत और नवाचार पर जोर देते हुए कंपनी लगातार अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर रही है।

# प्रवीण शर्मा आरईए इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**मुंबई।** आरईए ग्रुप ने प्रवीण शर्मा को आरईए इंडिया का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वे आरईए ग्रुप की एग्जीक्यूटिव लीडरशिप टीम में भी शामिल होंगे। एक सफल नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रवीण शर्मा को तकनीक, डिजिटल, मीडिया और विज्ञापन के क्षेत्रों में भारत और एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में 25 वर्षों का प्रबंधन अनुभव है। इससे पहले प्रवीण पेटीएम से जुड़े थे जहां उन्होंने एड्स, ऑनलाइन पेमेंट्स और कॉमर्स सर्विसेस सहित कई व्यवसायों की स्थापना की और उनका नेतृत्व किया। इससे



पहले उन्होंने गूगल में 9 वर्षों तक काम किया, जहां उन्होंने एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में परफॉर्मेंस मीडिया के रीजनल डायरेक्टर के रूप में कार्य किया और पूरे क्षेत्र में प्रदर्शन आधारित विज्ञापन उत्पादों की ज़िम्मेदारी संभाली। आरईए ग्रुप के सीईओ, ओवेन विल्सन ने कहा, "मैं प्रवीण शर्मा का आरईए ग्रुप में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हूं। डिजिटल बिजनेस में उनके व्यापक अनुभव से आरईए इंडिया को बड़ी रणनीतिक बढ़त मिलेगी। प्रवीण ने परिणाम देने, उच्च प्रदर्शन वाली टीमों के निर्माण व नेतृत्व, और उत्पाद व तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने में सफल ट्रैक रिकॉर्ड स्थापित किया है। मुझे विश्वास है कि वे आरईए इंडिया के अगले विकास चरण का कुशलतापूर्वक नेतृत्व करेंगे।"

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# विदेश में भी मिलेगा यूपी वालों को रोजगार

## यूपी कैबिनेट में लिया गया फैसला



महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य के युवाओं को भारत या विदेश में रोजगार दिलाने में मदद के लिए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने संवाददाताओं से कहा कि यह राज्य सरकार को तीसरे पक्ष की भर्ती एजेंसियों पर निर्भर किए बिना सीधे रोजगार की सुविधा प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।

राजभर ने कहा, ''इस मिशन के गठन के साथ हमने एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है। हमारा लक्ष्य एक साल में 25,000 से 30,000 बेरोजगार युवाओं को विदेश भेजना और भारत के निजी क्षेत्र में लगभग एक लाख युवाओं को रोजगार प्रदान करना है।'' राजभर ने कहा कि राज्य सरकार को श्रमिकों को विदेश भेजने के लिए आरए (भर्ती एजेंट) वाले बाहरी संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था। उन्होंने कहा, ''अब मिशन के लागू होने के बाद राज्य को अपना स्वयं का आरए (भर्ती एजेंट) प्राप्त होगा, जिससे हम नर्सिंग, पैरामेडिकल, कुशल श्रम, ड्राइविंग, घरेलू काम और अन्य उच्च मांग वाले क्षेत्रों में श्रमबल की विदेशों में सीधे नियुक्तियों की व्यवस्था कर सकेंगे।'' राजभर ने कहा कि भारतीय श्रमबल की बढ़ती वैश्विक मांग के मद्देनजर रोजगार मिशन की स्थापना करना अनिवार्य हो गया है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कैबिनेट ने फैक्टरी के काम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए श्रम नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी।

हाल में, महिलाओं को खतरनाक उद्योगों की 29 श्रेणियों में काम करने से रोक दिया गया था। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में ऐसे चार उद्योगों पर प्रतिबंध हटा दिए थे और नवीनतम कदम महिलाओं के लिए अवसरों का और विस्तार करता है। राजभर ने कहा, ''वर्तमान में राज्य में केवल पांच प्रतिशत फैक्टरी में ही महिलाएं कार्यरत हैं और नोएडा को छोड़कर यह आंकड़ा लगभग एक प्रतिशत ही है। प्रौद्योगिकी में प्रगति और महिला सशक्तीकरण के हमारे लक्ष्य के अनुरूप इन पुराने मानदंडों को संशोधित करना आवश्यक था।'' मंत्री ने कहा कि उद्योग और श्रम संगठन भी इन सुधारों की मांग कर रहे थे और ये बदलाव राज्य के एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के व्यापक लक्ष्य का समर्थन करेंगे। राजभर ने कहा, ''आज हमने मंत्रिमंडल के समक्ष अपने श्रम नियमों में संशोधन करने का यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया और इसे मंजूरी मिल गई है।'' उन्होंने आज के फैसलों को उत्तर प्रदेश में आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में एक ''बड़ा कदम'' बताया।

# बेलांव हत्याकांड में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत चारों आरोपी बरी



**जौनपुर।** जिले के केराकत के बेलांव में हुए संजय निषाद व नंदलाल निषाद हत्याकांड में बृहस्पतिवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। इस मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत कुल चारों आरोपी बरी हो गए हैं। अपर सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व में चारों आरोपियों का बयान दर्ज हो गया था। बयान में सभी ने खुद को निर्दोष बताया था। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने उन्हें राजनीतिक विद्वेषवश फंसाये जाने की बात कही थी। बता दें कि एक अप्रैल 2010 को 5.15 बजे सुबह बेलांव घाट बैरियर के पास टोल टैक्स के विवाद में संजय निषाद व नंदलाल निषाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि ठेकेदारी की रंजिश को लेकर हत्याकांड को अंजाम दिया गया। पुलिस ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह के साथ ही आशुतोष सिंह, पुनीत सिंह व सुनीत सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिला किया। कोर्ट में गवाहों के बयान भी दर्ज हुए हैं। एडीजीसी लाल बहादुर पाल ने 20 गवाहों को परीक्षित कराया। बृहस्पतिवार को इस मामले में फैसला आने की उम्मीद है।

# बिजली निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन 9 जुलाई को

## 27 लाख कर्मचारी करेंगे हड़ताल



महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश में दो बिजली वितरण कंपनियों के निजीकरण के खिलाफ देश भर में कार्यरत करीब 27 लाख बिजली कर्मचारी नौ जुलाई को हड़ताल करेंगे. ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. का निजीकरण करने का फैसला किया है. ये वितरण कंपनियां राज्य के 75 में से 42 जिलों में बिजली आपूर्ति करती हैं।

दुबे ने कहा, 'बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर, देश भर के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और इंजीनियरों ने वितरण कंपनियों के निजीकरण के विरोध में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए हैं।' दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश की दो बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के निजीकरण के खिलाफ नौ जुलाई को 27 लाख बिजली कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इतने बड़े पैमाने पर कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने से देश में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने कहा, 'अगर हड़ताल की वजह से बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है तो हम उसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।' दुबे ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. और सरकार के कुछ बड़े अधिकारी चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिलीभगत कर रहे हैं। वे लाखों करोड़ रुपये की डिस्कॉम संपत्तियों को निजी घरानों को औने-पौने दामों पर बेचना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर डिस्कॉम का निजीकरण किया गया तो किसान और गरीब लोग कई लाभों से वंचित हो जाएंगे. बिजली कर्मचारी मुख्य रूप से हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, विजयवाड़ा, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, नागपुर, रायपुर, भोपाल, जबलपुर, वडोदरा, राजकोट, गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, श्रीनगर, जम्मू, शिमला, देहरादून, पटियाला, जयपुर, कोटा, हिसार और लखनऊ में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# जबरन धर्मांतरण करवाए गए 15 लोगों की हुई घर वापसी



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को जबरन हिंदू धर्म से इस्लाम में धर्मांतरण कराए गए 15 लोगों की घर वापसी कराई गई। लखनऊ के गोमती नगर में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के सदस्यों द्वारा शंख ध्वनि और मंत्रोच्चारण के साथ इन 15 लोगों की विधिवत हिंदू धर्म में वापसी कराई गई। इस मौके पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही।

परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने जानकारी दी कि बलरामपुर में गजवा-ए-हिंद का मजबूत चेहरा छांगुर पीर मोहम्मद अहमद खान और अब्दुल माबूद रजा लोगों का जबरन या जाल रचकर धर्मांतरण करवाते हैं। कुछ लड़कियां जो अपने माता पिता की इकलौती संतान हैं या कमजोर वर्ग की थीं उन्हें शिकार बनाया गया। धर्म बदलने के अलावा उनकी संपत्तियों पर भी कब्जा किया। इन लोगों को विदेशों से अच्छी खासी फंडिंग मिलती है।

गोपाल राय ने इस पूरे मामले की जांच कर जाने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि एसटीएफ समेत कई थानों में इनके ऊपर मुकदमें हैं।

# कावड़ यात्रा की तैयारी : यूपी के मंत्री राजभर बोले, किसी तरह का विवाद न हो इसलिए नेमप्लेट लगाने की बात कही गई

महानगर संवाददाता

लखनऊ

यूपी सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि कोई भी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए सरकार प्रयास करती है। सरकार ने कांवड़ यात्रा में पड़ने वाले ढाबों पर नेमप्लेट लगाने की बात इसलिए कही है कि जिससे किसी भी तरह का विवाद न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बसपा और सपा के लोगों ने जो नफरत का बीज बोया है उससे निजात दिलाने में उपद्रव न हो इसलिए सरकार ने ये फैसला लिया है।





सरकार जो भी योजना बना रही है। सभी जाति और धर्म के लोगों के लिए बना रही है। अगर में एयर कनेक्टिविटी की बात करें तो कहां लिखा है कि सिख, ईसाई और जैन हवाई यात्रा नहीं करेंगे। सभी लोग यात्राएं कर रहे हैं। ट्रेन में कोई रोक नहीं है। होटल में कोई रोक नहीं है। चाय की दुकान पर कोई रोक नहीं है। ढाबे पर नेमप्लेट इसलिए जरूरी है कि किसी भी तरह का विवाद न हो।

उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा विरोध की राजनीति करता है। इन लोगों ने सीएए और एनआरसी का खुलकर विरोध किया था और कहा था कि ये मुसलमानों की नागरिकता छीनने का कानून है जबकि सरकार उनको नागरिकता देने का कानून लेकर आई थी। ये लोग सत्ता के खिलाफ रहते हैं। उसी कड़ी में बयान दे रहे हैं। राजभर सपा विधायक रविदास मल्होत्रा के उस बयान का जवाब दे रहे थे जिसमें कहा गया था कि जिस तरह पहलगाम में आतंकियों ने लोगों को धर्म पूछकर मारा। ठीक उसी तरह सरकार भी लोगों की धार्मिक पहचान उजागर कर रही है।

# पीडीए की रणनीति ने मिलकर हमें उत्तर प्रदेश में नंबर वन बनाया : अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अपने नए घर का उद्घाटन किया. इस दौरान सपा चीफ अखिलेश यादव ने अपने नए घर का नाम पीडीए भवन रखा. वहीं जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा आज हमें खुशी है इस बात की बहुत पार्टी कार्यालय देखे हैं हम लोगों ने बीजेपी का कई फ्लोर का पार्टी कार्यालय देखा है लेकिन जितना शानदार समाजवादी पार्टी का कार्यालय दिखाई दे रहा है इसके मुकाबले उनका पार्टी कार्यालय कहीं नहीं है।

वहीं अखिलेश यादव ने कहा उन्होंने (बीजेपी) छोटा कार्यालय इसलिए बनवाया, क्योंकि उन्हें पता है कि आजमगढ़ से उनका खाता नहीं खुलेगा. सपा चीफ ने कहा कि मेरा एक सदी का चौथा हिस्सा आजमगढ़ आते-आते गुजर गया, उन्होंने कहा कि राजनीतिक परिस्थितियां बनती बिगड़ती हैं। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र जब हारे तो सब दुखी थे, गुड्डू जब साथ आये तो बीजेपी ने अपना हथियार रख दिया।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि सीएम योगी हमारे रिश्ते D कंपनी से बताते हैं, पर सच ये है कि वो D से घबराते हैं, D से दिल्ली, D से डिप्टी सीएम दोनों D से घबराते हैं। सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा जो प्यार और सम्मान आजमगढ़ की



जनता देती है हमें, लगता है बहुत कम जिलों में वह सम्मान मिल पाता है। सामाजिक न्याय की स्थापना का संकल्प ही हमारे PDA परिवार को सम्मान दिलाने का काम करेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे बहुत सारे साथी सुझाव दे रहे थे कि यह जो स्थान बना है, ये जो पार्टी कार्यालय बना इसका नाम क्या हो. ये "PDA भवन" के नाम से जाना जाएगा, क्योंकि पीडीए की एकता ही हमें सत्ता दिलाएगी. उन्होंने कहा कि अभी तक की सबसे ज्यादा लोकसभा की सीटें समाजवादी पार्टी जीती है, ये इंडिया गठबंधन की ताकत, पीडीए की रणनीति ने मिलकर हमें उत्तर प्रदेश में नंबर वन बनाया है। इतिहास यह भी बताता है कि जो लोकसभा जीतता है वही विधानसभा जीतता है। शायद लोग जानते नहीं कि आजमगढ़ का समाजवाद का कितना पुराना रिश्ता है, एक्सप्रेसवे बनाया जितना समय लखनऊ से बाएं जाकर इटावा पहुंचने में लगता है और अगर दाएं तरफ चलते हों तो आजमगढ़ मिल जाता है।

# सपा नेता ने कांवड़ यात्रियों को 'आतंकवादी' बताया



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और एआईएमआईएम नेताओं ने कांवड़ यात्रा पर विवादित टिप्पणी कर राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। भाजपा ने कहा है कि विपक्ष के सभी दल एक-एक कर कांवड़ यात्रा पर आपत्तिजनक बयानबाजी कर हिंदुओं की भावनाओं का अपमान कर रहे हैं और ऐसा करके वे एक वर्ग को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी ने कहा है कि यदि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं में हिम्मत है तो वे दूसरे धर्मों पर इसी तरह की टिप्पणी करके दिखाएं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को कहा कि पहले समाजवादी पार्टी के सांसद ने कांवड़ यात्रियों को आतंकवादी बताया। इसके बाद समाजवादी पार्टी के ही नेता रविदास मेहरोत्रा ने भाजपा को आतंकवादी करार दे दिया। औवैसी और दिग्विजय सिंह लगातार कांवड़ यात्रियों के विरुद्ध बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करके विपक्ष यही संदेश देना चाहता है कि उसे हिंदुओं की जनभावनाओं से कोई सरोकार नहीं है।

# दारोगा से हाथापाई कर वर्दी फाड़ने वालों की निकली हेकड़ी

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र से वाहन चेकिंग के दौरान बाइक का कागज मांगने पर दबंगों ने दारोगा से ही मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया था। दरोगा के साथ हाथापाई कर वर्दी फाड़ने के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो और आरोपियों को पकड़ लिया है। गिरफ्तारी के बाद यूपी पुलिस ने आरोपियों की सारी हेकड़ी निकाल दी। आरोपियों की कान पकड़वाकर थाने में परेड कराई गई। दोनों आरोपी माफी मांगते नजर आए। आरोपियों ने कहा कि अब ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे। इस बार माफ कर दीजिए।

# शादी का झांसा देकर छात्रा से यौन शोषण

**गोरखपुर।** गोरखनाथ इलाके में किराए पर कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा से फुल्की का ठेला लगाने वाले युवक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर दोस्तों और रिश्तेदारों से रुपये मांग रहा है।



थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित छात्रा ने बुधवार एसएसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। देवरिया के सलेमपुर इलाके की रहने वाली छात्रा ने बताया कि गोरखनाथ इलाके में किराये का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। इस दौरान उसकी मुलाकात बिहार के हमीरपुर निवासी एक युवक से हुई, जो गोरखनाथ इलाके के एक मंदिर के पास फुल्की बेचने का काम करता है। आरोप है कि युवक ने पहले उसे शादी का झांसा देकर मंदिर में सगाई की। इसके बाद उसे अपने गांव ले गया। जहां उसे पत्नी के तरह रखा। इसके बाद वह दोबारा अपने किराए के कमरे में आ गई। बीते 26 जून को वह उसे कुसम्ही जंगल स्थित एक मंदिर में शादी करने की बात कहकर अपने साथ ले गया। जहां उसे जंगल में ले जाकर यौनशोषण किया, फिर उसके मोबाइल छीनकर इंस्टाग्राम व फेसबुक आईडी से फोटो एडिट कर अश्लील वीडियो और फोटो बना लिया। इसके बाद उसके दोस्तों व रिश्तेदारों को भेजकर रुपये की मांग करने लगा। उसे छह हजार रुपये ऑनलाइन भेजी भी, लेकिन इसके बाद भी वह बदनाम कर रहा है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चलती कार में लगी आग

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक कार में अचानक आग लग गई, जिसके बाद कार अचानक आग के गोले में तब्दील हो गई। कार में बैठे यात्रियों ने किसी तरह कार की खिड़कियां खोलकर गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। इस हादसे में कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। गनीमत ये रही कि किसी जानमाल की हानि नहीं हुई। घटना फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर की है, जहां एक बड़ा हादसा होने से टल गया। खबर के मुताबिक जालौन निवासी शानू अपने साथियों के साथ जालौन जा रहा था। इसी दौरान कार के इंजन से चिंगारी निकलने लगी।

# खाता खुलवाने के नाम पर साइबर अपराधी युवाओं को बना रहे शिकार

**गोरखपुर।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में धंधेबाजों ने तगड़ी सेंध लगा दी है। वे कम उम्र खासकर बेरोजगार युवाओं को लालच देकर लोगों को तो झटका दे ही रहे हैं, सरकार के राजस्व को तगड़ा चूना लगा रहे हैं। धंधेबाज, बेरोजगार युवाओं के खाते बैंक में खुलवा रहे हैं और इसमें हवाला के साथ काले धन को मंगवाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। बदले में इन्हें कमीशन दे देते हैं, जिससे वे भी खुश रहते हैं। बीते दिनों दिल्ली पुलिस ने सहजनवां इलाके में दो युवकों को गिरफ्तार कर निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी का पर्दाफाश भी किया है। आरोपियों ने 30 दिनों के भीतर 105 अलग-अलग स्थानों से लगभग 11 करोड़ रुपये की लेनदेन की थी।

सूत्रों के मुताबिक, खाता खुलवाने वाले युवकों को 10 से 15 हजार रुपये देकर धंधेबाजा अपना रैकेट संचालित कर रहे हैं। खाता खोले जाने और उसमें



रुपये आने के बीच इन युवाओं को लुभाने के लिए ये धंधेबाज उन्हें साथ लेकर नेपाल या उत्तराखंड घूमने चले जाते हैं। रुपये आते ही इनके खातों से निकासी कर लेते हैं। इनके इस अपराध के तरीकों पर केंद्रीय एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में बेहद चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पता चला कि नेटवर्क से जुड़े युवाओं के खाते सिर्फ निजी बैंकों में ही खुलवाए जाते हैं।

# जामा मस्जिद विवाद में नया मोड़ : परिसर में नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की याचिका दायर

**संभल।** संभल के शाही जामा मस्जिद को लेकर चल रहे विवाद पर एक और याचिका दाखिल हुई है। इसमें मस्जिद में नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की गई है। चंदौसी की अदालत ने इस पर सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की है। यह याचिका सिमरन गुप्ता नाम की महिला ने लगाई है। उनका कहना है कि जब तक यह तय नहीं हो जाता कि यह जगह मंदिर है या मस्जिद, तब तक किसी भी धर्म की पूजा या नमाज नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मस्जिद को सील करने और उसे जिलाधिकारी की निगरानी में देने की भी मांग की है। इससे पहले 19 नवंबर 2023 को आठ हिंदू याचिकाकर्ताओं ने अदालत में दावा किया था कि शाही जामा मस्जिद असल में हरिहर मंदिर है। उसी दिन अदालत के आदेश पर वहां पहला सर्वे हुआ और 24 नवंबर को दूसरा। दूसरे सर्वे के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत और 29 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# कॉलेज के लिए निकली लड़की की गला रेतकर हत्या

महानगर संवाददाता

वाराणसी

वाराणसी के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज़ वारदात सामने आई है जिसने पूरे जनपद में हड़कंप मचा कर रख दिया है। दरअसल 2 जुलाई कों घर से कॉलेज के लिए निकली एमएससी की छात्रा की गला रेत कर हत्या कर दी गई। फिलहाल इस घटना के खिलाफ़ परिजनों में काफ़ी आक्रोश है। वहीं सपा नेता अखिलेश यादव ने इस घटना में पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग की है।

इस हत्याकांड को लेकर मिली जानकारी के अनुसार - वाराणसी के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र स्थित रूपापुर में एक ढाबे के पीछे कमरे में M.Sc छात्रा की संदिग्ध



परिस्थितियों में लाश बरामद हुई, जिसके बाद पूरे जनपद में हड़कंप मच गया। इससे पहले छात्रा सुबह घर से कॉलेज के लिए निकली थी। लेकिन जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजन परेशान होकर कॉलेज पहुंचे। वहां उसके बारे में संतोषजनक जवाब न मिलने पर वह अलग-अलग जगह खोजबीन करने लगे। इस दौरान रूपापुर स्थित ढाबे के पीछे एक कमरे में युवती की लाश मिलने की जानकारी मिली। युवती की किसी ने गला रेत कर हत्या कर दी थी। जब परिजनों ने इस लाश को पहचाना तो वह पूरी तरह अवाक रह गए। वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से ढाबा संचालक, ढाबा मैनेजर और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं वाराणसी की इस घटना को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग की है। इसके बाद परिजनों ने आज सुबह हाईवे पर युवती की लाश रखकर जमकर हंगामा किया। उनकी मांग थी कि दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जाए।

# भूमि विवाद में सोते समय युवक की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकअफल उर्फ पूरे लीला (राजेतारा) निवासी विजय बहादुर उर्फ मलखान पटेल 38 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शिवनाथ पटेल बुधवार को रात में घर में घुसकर गोली मार दी। हत्या के पीछे जमीन का विवाद बताया जा रहा है। मामले में मृतक की पत्नी ने प्रधान पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।

मृतका की पत्नी सुमन के अनुसार वह और उसके पति विजय बहादुर घर के बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे। सुमन देवी तख्ता पर सो रही थी। बुधवार रात एक बजे सुमन देवी के पेट में दर्द होने पर



वह खेत पर चली गयी। जब वह लौट रही थी तो गोली की आवाज सुनाई दी। वह भाग के घर के अंदर पहुंची तो देखा तो उसके पति के कंपटी पर गोली मारकर हत्या कर कुछ युवक वहां से भाग रहे थे। शोर मचाने पर परिजनों और ग्रामीणों की भीड लग गई। सूचना पर मऊआइमा थाने की पुलिस और एसीपी फूलपुर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# एसडीओ के प्राइवेट असिस्टेंट ने बिजली बिल सुधार में कर दिया करोड़ों का खेल, मचा हड़कंप

महानगर संवाददाता

कुशीनगर

यूपी के कुशीनगर के रामकोला विद्युत उपकेंद्र पर तैनात रहे एसडीओ के निजी असिस्टेंट ने विद्युत बिल सुधार के नाम पर बिना उनकी जानकारी के करोड़ों रुपये का वारा न्यारा कर दिया। इसकी जानकारी होने एसडीओ ने समायोजित किए गए सभी बिलों को दोबारा चार्ज कर दिया। इससे समायोजन में शून्य हुए विद्युत बिल दोबारा बकाया दिखाने लगे। अब उपभोक्ता अपने संबंधित लाइनमैन को घेर रहे हैं और वे भागे-भागे फिर रहे हैं। गड़बड़ या अधिभार में छूट देकर विद्युत बिल में सुधार करने का अधिकार उपखंड स्तर पर



तैनात एसडीओ को है। एसडीओ को आईडी सुधार करने के लिए एक आईडी और पासवर्ड बिजली निगम से आवंटित होता है। उसी आईडी पासवर्ड से पॉवर कारपोरेशन की वेबसाइट पर जाकर उपभोक्ताओं के बिजली बिलों का सुधार किया जाता है। रामकोला विद्युत उपकेंद्र पर तैनात निवर्तमान एसडीओ इस आईडी-पासवर्ड को अपने एक निजी असिस्टेंट, जो खड्डा क्षेत्र का रहने वाला है, उसे दिए थे। अपने उसी असिस्टेंट से एसडीओ विद्युत बिलों का सुधार करवाते थे। इसका फायदा उठाकर उनका असिस्टेंट कुछ लाइनमैनों और उपकेंद्र के कर्मचारियों की मिलीभगत से मनमाने तरीके से विद्युत बिलों का सुधार करने लगा। इसकी भनक भी एसडीओ को नहीं लगती थी। करीब एक सप्ताह पूर्व एसडीओ का स्थानांतरण हो गया। सूत्रों की मानें तो एसडीओ अपने स्थानांतरण के बाद जब उन्होंने वहां अपनी आईडी चेक की तो उन्हें इस स्कैम का पता चला।

### भुगतान का लालच देकर ऐंठते थे रकम

रामकोला विद्युत उपकेंद्र पर तैनात कुछ संविदा लाइनमैन और कुछ कर्मचारी विद्युत बिल के बकाएदारों की सूची निकालकर उनका लाइन डिस्कनेक्ट करने की बात कहते थे। साथ ही उन्हें सुझाव भी देते थे कि विभागीय छूट की योजना आई है। आप अपना बिल समायोजित करवा लीजिए। काफी सुविधा होगी। इसके बाद उपभोक्ताओं से आधा बिल जमा करने पर सम्पूर्ण भुगतान होने का लालच देकर उनसे सम्पूर्ण बकाए की आधी रकम ले लेते थे। इसके बाद उस निजी असिस्टेंट से मिलकर बिल शून्य करने का खेल होता था। इस मामले का भंडाफोड़ होने के बाद सभी में हड़कंप मच हुआ है।

# सेना व पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करना अभिव्यक्ति की आजादी नहीं : कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सेना और पीएम के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करना, जिससे लोगों में वैमनस्यता फैले अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। कुछ लोगों के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में गणमान्य व्यक्तियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना फैशन बन गया है। कोर्ट ने इस टिप्पणी संग भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और भारतीय वायुसेना के एक विंग कमांडर के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट व वीडियो अपलोड करने के आरोपी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की पीठ ने अशरफ खान उर्फ नुसरत की जमानत अर्जी पर दिया। हाथरस के सासनी थाने में अशरफ खान के खिलाफ पीएम, सेना व विंग कमांडर के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उसने अपनी फेसबुक आईडी पर पीएम, भारतीय वायुसेना, विंग कमांडर पर कई गंभीर आपत्तिजनक पोस्ट किए। आवेदक के वकील ने दलील दी कि आवेदक निर्दोष है और उसे झूठा फंसाया गया है। उन्होंने यह भी प्रस्तुत किया कि प्रधानमंत्री, विंग कमांडर के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट आवेदक ने नहीं किए थे। शासकीय अधिवक्ता ने जमानत याचिका का विरोध किया। कहा, सोशल मीडिया पर इस तरह के पोस्ट भारत के लोगों के बीच वैमनस्यता पैदा करते हैं और भारतीय सेना-वायुसेना के प्रति अनादर दिखाते हैं।

# पुराने वाहनों के फ्यूल बैन को लेकर दिल्ली सरकार का यू-टर्न

## कहा- अभी लागू करना जल्दबाजी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली में 10 साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन देने पर बैन लगाने के फैसले पर दिल्ली सरकार ने यू-टर्न ले लिया है। सरकार का कहना है कि अभी इसे लागू करना जल्दबाजी होगा। दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) से अनुरोध किया है कि 1 जुलाई 2025 से लागू होने वाले आदेश संख्या 89 को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाए। इस आदेश के तहत राजधानी दिल्ली में End-of-Life (EOL) यानी तय आयु सीमा पार कर चुके वाहनों को ईंधन देने पर रोक लगाई जानी थी। दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा की ओर से आयोग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि ANPR (Automated Number Plate Recognition) सिस्टम अभी तकनीकी रूप से पूरी तरह सक्षम नहीं है।



कई कैमरे खराब हैं, स्पीकर काम नहीं कर रहे और पड़ोसी राज्यों के डाटाबेस से भी इसका समन्वय नहीं हुआ है। ANPR सिस्टम में कैमरा प्लेसमेंट, सेंसर और स्पीकर से संबंधित समस्याएं हैं। साथ ही सिस्टम HSRP न होने की स्थिति में EOL वाहनों की पहचान भी नहीं कर पा रहा। एनसीआर के साथ समन्वय का अभावः गुरुग्राम, फरीदाबाद और गाज़ियाबाद जैसे पड़ोसी जिलों में अभी तक ANPR कैमरों की स्थापना शुरू नहीं हुई है।

### दिल्ली सरकार की वैकल्पिक कोशिशें

- 70 लाख पेड़-पौधे लगाने की योजना
- PUC प्रमाणपत्रों के लिए नई सख्त नीति
- हाईराइज़ बिल्डिंगों में एंटी-स्मॉग गन अनिवार्य
- क्लाउड सीडिंग तकनीक पर काम
- MRS से सड़कों की सफाई, निर्माणाधीन इमारतों की निगरानी

EOL वाहनों को SMS अलर्ट देने की योजना

दिल्ली सरकार ने साफ कहा है कि वह वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन Direction No. 89 को फिलहाल लागू करना व्यवहारिक नहीं है। इसलिए आयोग को इसे टाल देना चाहिए।यह पत्र दिल्ली सरकार की ओर से केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को लिखा गया है। इसमें 1 जुलाई 2025 से लागू होने वाले आदेश संख्या 89 पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। इस आदेश के तहत दिल्ली में End-of-Life (EOL) यानी तय सीमा पार कर चुके पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक लगाई जानी थी।

# बागेश्वर धाम में टेंट गिरा, श्रद्धालु की मौत



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले स्थित बागेश्वर धाम में टिन शेड गिरने से बड़ा हादसा हो गया। घटना में एक श्रद्धालु की मौत हो गई और 8 घायल हो गए हैं। मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने घायलों को अस्पताल भेज राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। दरअसल, गुरुवार सुबह से हो रही बारिश के कारण बाबा बागेश्वर के भक्त टिन शेड के नीचे खड़े थे। इसी दौरान शेड गिरा तो भगदड़ मच गई और तमाम लोग नीचे गिर गए। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के बस्ती जिला निवासी राजेश कौशल के ससुर श्यामलाल कौशल (50 वर्ष) की मौत हो गई। उनके शव को पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रद्धालु राजेश ने बताया कि शुक्रवार यानी 4 जुलाई को धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन है। इसी के चलते उनका परिवार उत्तर प्रदेश से बागेश्वर धाम आया है। गुरुवार को सभी लोग तैयार होकर शास्त्री के दर्शन करने पहुंचे थे। इस बीच हादसा हो गया. राजेश ने बताया कि टिन शेड से निकला लोहे का एंगल उनके ससुर श्यामलाल कौशल के सिर में लगा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इादसे में राजेश, सौम्या, पारुल, उन्नति समेत 8 घायल हुए हैं।

## पूर्व SC जज ने गिनाईं चुनौतियां

# चाहे आपातकाल या कोई सरकार जूडिशरी की आजादी पर खतरा बरकरार

**पणजी।** अभी हाल ही में रिटायर हुए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस अभय एस ओका ने कहा है कि देश में चाहे सरकार किसी भी राजनीतिक दल की रही हो, हमेशा से ही न्यायपालिका की स्वतंत्रता को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। गोवा में जस्टिस एचआर खन्ना मेमोरियल लेक्चर में बोलते हुए जस्टिस ओका ने न्यायिक स्वतंत्रता के मूल संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए जजों और वकीलों की ओर से निरंतर सतर्कता बरतने की जरूरत पर जोर दिया। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अपने संबोधन में जस्टिस ओका ने कहा, ₹चाहे आपातकाल हो या कोई भी सरकार, जूडिशरी की स्वतंत्रता पर हमेशा खतरा बना रहता है...इसलिए न्यायाधीशों और बार के सदस्यों को सतर्क रहना चाहिए क्योंकि यह एक बार का संघर्ष नहीं है।₹ उन्होंने जजों की नियुक्ति में बढ़ती देरी पर



भी चिंता जताई और इसे एक गंभीर समस्या बताया। मौजूदा कॉलेजियम सिस्टम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अधिक पारदर्शिता के बावजूद सरकार की निष्क्रियता न्यायिक नियुक्ति की प्रक्रिया को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा नाम को मंजूरी दिए जाने और वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के बाद भी नियुक्तियां महीनों तक लंबित रहती हैं। कुछ मामले में तो लगभग एक साल तक इंतजार करना पड़ता है।

### जस्टिस एचआर खन्ना की तारीफ

इतिहास से प्रेरणा लेते हुए जस्टिस ओका ने पिछले न्यायाधीशों के बारे में भी बात की जिन्होंने न्यायिक अखंडता को बनाए रखने के लिए कठिन विकल्प चुने। उन्होंने एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला मामले में जस्टिस एचआर खन्ना की असहमति को याद करते हुए कहा कि भले ही जस्टिस खन्ना को भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए दरकिनार कर दिया गया हो, लेकिन उनका साहस हमेशा याद किया जाता है।

# इंडोनेशिया के बाली द्वीप के पास जहाज डूबा, 5 की मौत

## 65 लोगों को ले जा रहा था, 31 लापता, नौ बोट बचाव में जुटी



**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया के बाली रिसॉर्ट द्वीप के पास गुरुवार को 65 लोगों को ले जा रही एक जहाज के डूबने से 5 लोगों की मौत हो गई और 29 को बचा लिया गया है। जबकि 31 लोग अब भी लापता हैं। KMP टुनु प्रतामा जया नामक ये जहाज पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह जा रही थी, यह 50 किलोमीटर का सफर था। रवाना होने के करीब 30 मिनट बाद यह डूब गई। जहाज पर करीब 53 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे, साथ ही 22 वाहन भी थे, जिनमें कई ट्रक भी शामिल थे। स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसी जहाज के डूबने के कारणों का पता कर रही है।

## भारत का चीन को संदेश

# कोई और नहीं कर सकता दलाई लामा के उत्तराधिकारी का फैसला

**धर्मशाला।** भारत ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के उत्तराधिकारी के मुद्दे पर स्पष्ट और कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस मामले में केवल दलाई लामा ही निर्णय ले सकते हैं। भारत ने चीन की किसी भी दखलंदाजी को सिरे से खारिज करते हुए इसे तिब्बती बौद्ध परंपराओं का आंतरिक मामला बताया। भारत ने स्पष्ट किया कि तिब्बती आध्यात्मिक गुरु के उत्तराधिकारी को तय करने का अधिकार केवल और केवल दलाई लामा को है, न कि किसी और को। अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले दलाई लामा पर निर्णय सिर्फ और सिर्फ स्थापित संस्था व दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा। रिजिजू ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दलाई लामा बौद्धों के लिए 'सर्वाधिक महत्वपूर्ण और परिभाषित संस्था' हैं। उन्होंने कहा, "और



दलाई लामा को मानने वाले सभी लोगों की राय है कि उत्तराधिकारी का फैसला स्थापित परंपरा के और दलाई लामा की इच्छा के अनुसार होना चाहिए। उनके और मौजूदा परंपराओं के अलावा किसी और को इसे तय करने का अधिकार नहीं है।" बौद्ध धर्म के अनुयायी रिजिजू इन दिनों धर्मशाला में हैं, जहां वह केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के साथ दलाई लामा के 90वें जन्मदिन के समारोहों में भारत सरकार के प्रतिनिधियों के रूप में भाग ले रहे हैं।

### दलाई लामा का रुख भी स्पष्ट

इससे एक दिन पहले, दलाई लामा के आधिकारिक कार्यालय गादेन फोडरंग ट्रस्ट ने भी बयान जारी कर कहा था कि दलाई लामा की संस्था 600 साल पुरानी है और इसका अस्तित्व उनके जीवन के बाद भी बना रहेगा। अगला यानी 15वां दलाई लामा किसे बनाया जाएगा, इसका निर्णय पूरी तरह गादेन फोडरंग ट्रस्ट ही करेगा। गादेन फोडरंग ट्रस्ट ने 24 सितंबर 2011 के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भविष्य में दलाई लामा की मान्यता की प्रक्रिया पूरी तरह ट्रस्ट के सदस्यों की जिम्मेदारी होगी।

### चीन की दखल की कोशिश

चीन लगातार यह दावा करता रहा है कि दलाई लामा का पुनर्जन्म उसकी अनुमति और नियंत्रण में ही होना चाहिए। हाल ही में चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, ₹दलाई लामा का उत्तराधिकारी चयन चीनी कानून, धार्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक प्रक्रिया के तहत होना चाहिए। बीजिंग का यह दावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का विषय रहा है। दलाई लामा को विश्व भर में शांति और करुणा का प्रतीक माना जाता है।


# मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन फर्नांडीज को झटका

## हाईकोर्ट ने खारिज की FIR रद्द करने की याचिका

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को राहत नहीं मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से इस मामले में उन्हें झटका लगा है। जैकलीन के खिलाफ एफआईआर रद्द करने की याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।



### याचिका में की गई थी ये मांग

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने जैकलीन याचिका खारिज कर दी। दायर की गई याचिका में मामले में प्रवर्तन निदेशालय के दूसरे पूरक आरोपपत्र और दिल्ली की निचली अदालत में लंबित कार्यवाही को रद्द करने की मांग की गई थी।

# अब नहीं चलेगी चीन की मनमानी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के समूह 'क्वाड' ने मिलकर चीन की मनमानी रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। वैश्विक तकनीकी और रक्षा उद्योगों के लिए अहम क्रिटिकल मिनरल्स की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और विविध बनाने के लिए एक नई रणनीतिक पहल की शुरुआत की है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब चीन द्वारा इन खनिजों पर नियंत्रण को लेकर वैश्विक चिंता गहराती जा रही है। क्वाड की ओर से बुधवार देर रात जारी संयुक्त बयान में कहा गया, "क्रिटिकल मिनरल्स की आपूर्ति श्रृंखलाओं में अचानक

### QUAD ने क्रिटिकल मिनरल्स पर बनाया एक्शन प्लान



बाधा और भविष्य की विश्वसनीयता को लेकर हम गहराई से चिंतित हैं। एक ही देश पर अत्यधिक निर्भरता से आर्थिक दबाव, कीमतों में हेराफेरी और आपूर्ति बाधित होने का खतरा रहता है।"इस बयान में स्पष्ट रूप से चीन को निशाने पर लेते हुए कहा गया कि इस निर्भरता से हमारे उद्योगों की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान हो सकता है। क्रिटिकल मिनरल्स जैसे रेयर अर्थ एलिमेंट्स, लिथियम, कोबाल्ट आदि का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, रक्षा उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर्स में होता है। NdFeB मैग्नेट इलेक्ट्रिक मोटरों के लिए आवश्यक हैं। ये चीन लगभग एकाधिकार के साथ बनाता है। भारत की नई नवेली ईवी इंडस्ट्री को भी चीन की पाबंदियों का सीधा असर महसूस हो रहा है। चीन ने भारतीय कार कंपनियों के आवेदनों को मंजूरी नहीं दी है, जिससे मैग्नेट और आवश्यक उपकरणों की कमी हो रही है।

# केरल में फंसा फाइटर जेट टुकड़ों में जाएगी ब्रिटेन

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट F-35 अभी भी केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। कई बार रिपेयरिंग के बावजूद विमान उड़ान भरने की स्थिति में नहीं है। ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम इसे ठीक करने आई, लेकिन अब तक मरम्मत सफल नहीं हो सकी। अब फाइटर जेट को टुकड़ों में मिलिट्री कार्गो एयरक्राफ्ट के जरिए वापस ब्रिटेन ले जाया जाएगा। फाइटर जेट की 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी पाई गई, जिसके कारण यह



वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। 918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के HMS प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है। HMS के एक्सपर्ट ने बताया था कि जेट को ठीक करने में ब्रिटेन की इंजीनियरिंग टीम की मदद लगेगी।

## रामदेव की पतंजलि को HC का बड़ा आदेश

# डाबर च्यवनप्राश को बदनाम करने वाले विज्ञापन पर रोक

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को बड़ा झटका दिया है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि पतंजलि कंपनी डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भ्रामक या नकारात्मक विज्ञापन प्रसारित न करे। यह आदेश डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया है। डाबर ने पतंजलि पर आरोप लगाया है कि वह अपने विज्ञापनों के माध्यम से डाबर च्यवनप्राश को गलत तरीके से बदनाम कर रही है और उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही



है। दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंगलवार को डाबर इंडिया को पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ चल रहे विवाद में महत्वपूर्ण अंतरिम राहत प्रदान की है। कोर्ट ने डाबर की याचिका स्वीकार करते हुए अंतरिम राहत की मांग मंजूरी दी है। मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को तय की गई है। डाबर इंडिया ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पतंजलि के उन टीवी विज्ञापनों पर आपत्ति जताई थी, जो कथित तौर पर डाबर के च्यवनप्राश उत्पाद को निशाना बना रहे थे। डाबर का आरोप है कि पतंजलि ने डाबर के उत्पाद को साधारण बताकर उसकी छवि खराब करने की कोशिश की है। पतंजलि के विज्ञापन में दावा किया गया कि उसका च्यवनप्राश 51 से अधिक जड़ी-बूटियों से बना है, जबकि हकीकत में इसमें सिर्फ 47 जड़ी-बूटियां हैं। डाबर ने यह भी आरोप लगाया कि पतंजलि के उत्पाद में पारा (Mercury) पाया गया, जो बच्चों के लिए हानिकारक है।



# अमरनाथ में पहली आरती हुई, जम्मू से दूसरा जत्था रवाना

- 38 दिन बाद रक्षाबंधन को समापन होगा
- अब तक 3.5 लाख श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन

**पहलगाम।** आज से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। गुरुवार सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई। वहीं, पहला जत्था बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप से रवाना अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालु 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। पहले जत्थे में केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे भी तीर्थयात्रियों के साथ शामिल थीं। कड़ी सुरक्षा के बीच 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुआ, जो दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। दूसरे जत्थे को सुबह 4 बजे अमरनाथ गुफा के लिए रवाना किया जाएगा। बुधवार को 5,892 श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को जम्मू के भगवती नगर कैंप से उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रवाना किया था। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

# 5 महीनों में ही राष्ट्रपति ट्रंप से तंग आ गए अमेरिकी लोग

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे चर्चित शख्स और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में चुनाव के बाद काफी कमी आई है। अपनी नीतियों और बयानों को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का सामना कर रहे ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। 20 जनवरी 2025 को दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद को संभालने वाले ट्रंप लोगों के बीच में काफी लोकप्रिय थे। लेकिन पांच महीने के उनके कार्यकाल के दौरान हुए फैसलों के कारण कई अमेरिकियों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी है और व्यापारियों को भी एक लंबा नुकसान हुआ है। केवल 40 फीसदी अमेरिकी ही राष्ट्रपति ट्रंप को अभी भी पसंद करते हैं, जबकि 56 फीसदी लोग खुले तौर पर उन्हें नापसंद करते हैं। आपको बता दें यह सर्वेक्षण ऐसे समय में किया गया है, जब अमेरिका में मई के महीने में निजी क्षेत्र में नौकरियों में कटौती हुई है। पहले डोगे मिशन और उसके बाद ट्रंप की नीतियों का लोगों ने काफी विरोध किया है। इसके अलावा ट्रंप की अवैध प्रवासियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पूरे अमेरिका में मारे जा रहे छापों ने भी लोगों को परेशान किया है। इन फैसलों के विरोध में हजारों लोग सभी बड़े शहरों में सड़कों पर उतर आए थे। इन लोगों को संभालने के लिए ट्रंप को सैनिकों की तैनाती करनी पड़ी थी। ट्रंप की नीतियों के विरोध के चलते उनकी अप्रूवल रेटिंग भी उनके सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है।

# लखनऊ में 15 लोगों ने इस्लाम छोड़कर फिर से अपनाया हिंदू धर्म

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर इलाके में गुरुवार को 'घर वापसी' कार्यक्रम के तहत 15 लोगों ने इस्लाम धर्म छोड़कर पुनः हिंदू धर्म अपना लिया। यह आयोजन विश्व हिंदू रक्षा परिषद की अगुवाई में गोमती नगर स्थित शिव भोला मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान वैदिक रीति-रिवाजों से हवन-पूजन कराया गया, जिसके बाद धर्म वापस लेने वाले लोगों को त्रिपुंड लगाया गया और भगवा वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। धर्म परिवर्तन कर चुके इन लोगों ने मंच से सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया

### हवन-पूजन के बाद पहना भगवा



कि उन्होंने पूर्व में कुछ व्यक्तिगत कारणों या लालचवश इस्लाम धर्म को अपनाया था। हालांकि अब वे स्वयं की आत्मिक इच्छा और समाजिक चेतना के तहत दोबारा अपने मूल धर्म यानी सनातन हिंदू धर्म में लौट रहे हैं। घर वापसी करने वालों में महिलाओं और पुरुषों दोनों की संख्या रही। इनमें प्रमुख नाम मांडवी शर्मा, सोनू रानी, मालती, रीना, पल्लवी, हरजीत, संचित, राम नरेश मौर्या और नरेंद्र मिश्रा के थे। सभी ने सार्वजनिक रूप से घोषणा करते हुए कहा कि वे अब पूरी तरह से सनातन परंपराओं के अनुसार जीवन बिताएंगे और हिंदू धर्म का पालन करेंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे विश्व हिंदू रक्षा परिषद के क्षेत्रीय संयोजक पंडित आदित्यनाथ मिश्रा ने बताया कि संगठन का उद्देश्य उन लोगों को अपने मूल धर्म में वापस लाना है, जो कभी परिस्थितिवश या प्रलोभन में आकर दूसरे धर्मों को अपना बैठे थे।

# कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपमानजनक दावे को किया खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने डाबर के 'कूल किंग' विज्ञापन के खिलाफ इमामी के अपमानजनक दावे को खारिज कर दिया। यह विवाद डाबर द्वारा प्रसारित एक टेलीविजन विज्ञापन से उत्पन्न हुआ, जिसमें हरे रंग की टोपी वाली एक सफेद बोतल दिखाई गई थी, जो कथित तौर पर इमामी के डर्मी कूल के पंजीकृत डिजाइन से मिलती जुलती थी। बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायाल की एक डिविज़न बेंच ने इमामी लिमिटेड की अपील को खारिज़ कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि डाबर इंडिया के टैल्कम-कूल किंग के विज्ञापन, जिसे बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर के साथ फिल्माया गया है- ने इमामी के प्रोडक्ट्स डर्मी कूल और नवरत्न का अपमान किया है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश

# इलेक्शन तक छात्रसंघ ऑफिस बंद रहेंगे

### गैंगरेप केस में ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी | बार काउंसिल से आरोपी की सदस्यता रद्द

**महानगर नेटवर्क**

**कोलकाता**

कोलकाता हाईकोर्ट ने लॉ कॉलेज में गैंगरेप को लेकर दाखिल की गई तीन जनहित याचिकाओं (PILs) पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि छात्र चुनाव होने तक ये कमरे बंद रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कमरों का इस्तेमाल किसी भी काम के लिए नहीं किया जा सकता है। जरूरत होने पर वैध कारणों के साथ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार को आवेदन देना होगा। वहीं, पश्चिम बंगाल



बार काउंसिल ने बुधवार को मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा की मेंबरशिप रद्द कर दी और उनका नाम वकीलों की सूची से हटा दिया। बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक देब ने बताया कि गंभीर और अमानवीय अपराध के आरोपों के चलते आरोपी को बार काउंसिल की सूची से हटाया गया है।

### पुलिस बोली- गुमराह कर रहे तीनों आरोपी

तीनों आरोपी अलग-अलग बयान दे रहे हैं ताकि जांच को भटकाया जा सके। एक अधिकारी ने कहा कि तीनों लॉ स्टूडेंट हैं, इन्हें कुछ कानूनी चालें आती हैं। साथ ही पुलिस यह पता लगाने की कोशिश भी कर रही है कि मनोजित, जैब अहमद और प्रमीत मुखर्जी अपनी गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले किन-किन लोगों से मिले थे या किन लोगों के संपर्क में थे।

पुलिस ने कॉलेज की वाइस-प्रिंसिपल डॉ. नयना चटर्जी से भी दो बार पूछताछ की है। मनोजित मिश्रा ने उनसे 26 जून की सुबह फोन पर बात की थी। बुधवार को पुलिस ने उन 16 लोगों से भी पूछताछ की, जो घटना के वक्त कॉलेज परिसर में मौजूद थे।

# HC ने दी नाबालिग को गर्भपात की अनुमति

## फैसले के खिलाफ दोबारा कोर्ट पहुंचा एम्स जताई एक आशंका

**नई दिल्ली।** दिल्ली एम्स ने गुरुवार को हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ वापस अदालत का रुख किया, जिसमें उसने बलात्कार की नाबालिग पीड़िता को 27 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति दी थी। इस मामले में उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 30 जून को एम्स को 16 साल की लड़की का गर्भपात करने का आदेश दिया था। हालांकि एम्स के मेडिकल बोर्ड का कहना है कि इस हालत में लड़की का अबॉर्शन करने से उसके प्रजनन स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है, और हो सकता है कि भविष्य में वह मां ना बन सके। एम्स ने मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और जस्टिस अनीश दयाल की डबल बेंच के सामने सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ अपील की है। इस दौरान एम्स की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी ने कहा कि मेडिकल बोर्ड की राय है कि लड़की के स्वास्थ्य की रक्षा की जानी




चाहिए। ऐश्वर्य भाटी ने कहा, 'मैं, आज न्यायालय के एक अधिकारी के रूप में आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप इस छोटी बच्ची के 'कानूनी संरक्षक' बनें और उसकी रक्षा करें। वह बच्चा नहीं चाहती, यह समझ में आता है। हम, एम्स में बच्चे के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।'इसी दौरान अदालत ने जब भाटी से पूछा कि क्या 34 सप्ताह के बाद गर्भपात कराना सुरक्षित रहेगा, तो भाटी ने हां में जवाब दिया। हालांकि, उन्होंने मौजूदा नाजुक स्थिति और लड़की की भलाई का ध्यान रखा और कहा कि इसी वजह से एम्स को अदालत का रुख करना पड़ा है।

# छह जुलाई से लग जाएगा चातुर्मास

हिंदू धर्म में चातुर्मास को चौमासा भी कहा जाता है। चातुर्मास आषाढ़ी एकादशी के दिन से शुरू होकर कार्तिक माह की प्रबोधनी एकादशी के दिन समाप्त होता है। हिंदू धर्म में चातुर्मास का विशेष महत्व है। इस दौरान सृष्टि के संचालन करने वाले भगवान विष्णु 4 महीने की योग निद्रा में चले जाते हैं, उस दौरान सृष्टि का कार्यभार भगवान शिव संभालते हैं।




*देवशयनी एकादशी के दिन से भगवान विष्णु का शयनकाल शुरू हो जाता है। साल 2025 में देवशयनी एकादशी के दिन चातुर्मास आरंभ हो जाएगा इसके चार माह के बाद भगवान विष्णु प्रबोधिनी एकादशी के दिन जागतें हैं। चातुर्मास की अवधि की भगवान विष्णु का शयनकाल माना जाता है। चातुर्मास में तपस्या, साधना, और धार्मिक कार्य किए जाते हैं। इस दौरान मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। जैसे शादी, विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन आदि. चातुर्मास में सात्विक भोजन, इंद्रिय संयम और आध्यात्मिक गतिविधियों पर जोर दिया जाता है।*

- एकादशी तिथि की शुरूआत 05 जुलाई को शाम 6 .58 मिनट पर होगी।
- एकादशी तिथि का अंत 06 जुलाई को रात 9 .14 मिनट पर होगा।
- चातुर्मास 6 जुलाई से शुरू होकर 1 नवंबर, 2025 को देवउठनी एकादशी के दिन समाप्त होगा। इस दिन के से मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं।

## चातुर्मास के दौरान क्या ना करें?

चातुर्मास माह में तामसिक चीजों का त्याग करें, जैसे मांस, मदिरा, प्याज और लहसुन का सेवन नहीं करना चाहिए। इस माह में किसी के प्रति ईर्ष्या, लालच, किसी इंसान के प्रति मन में गलत विचार धारण नहीं करने चाहिए। बड़े बुर्जुगों और महिलाओं का अपमान न करें। विवाह, सगाई, मुंडन और शुभ कार्य करना वर्जित है। चातुर्मास को दान-पुण्य के लिए भी शुभ माना जाता है। इस दौरान दान करने को अक्षय पुण्य देने वाला कहलाता है। चातुर्मास में आत्मशुद्धि की प्रक्रिया तेज होती है।



# अमरनाथ गुफा में क्या है कबूतर के जोड़े का रहस्य

हिंदू धर्म में अमरनाथ गुफा मंदिर को एक पवित्र तीर्थ माना गया है, जिसके दर्शन से कई गुना पुण्य प्राप्त होता है। साल 2025 में 3 जुलाई, गुरुवार से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। इस दिन पहला जत्था रवाना हो चुका है, अमरनाथ गुफा मंदिर हिंदू धर्म के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है मान्यता है इसी जगह पर भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। हर साल भोलेनाथ बाबा की पवित्र गुफा में अपने आप प्राकृतिक शिवलिंग बनता है। इस हिम यानि बर्फ से बने शिवलिंग को बाबा बर्फानी के नाम से भी जाना जाता है। हर वर्ष जुलाई के पहले सप्ताह या आषाढ़ पूर्णिमा से इस यात्रा का आगाज होता है और सावन के पूरे महीने यह यात्रा चलती है और रक्षाबंधन के दिन समाप्त होती है। मान्यता है श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि के दिन शिवलिंग अपने पूरे आकार में आ जाता है।



## कबूतर के जोड़े का रहस्य



बाबा बर्फानी की गुफा में कबूतरों का एक जोड़ा दिखाई देता है। मान्यता है जब भोलेनाथ इसी गुफा में माता पार्वती को अमरत्व की कथा सुना रहे थे तो इस जोड़े ने भी अमरकथा सुन ली और अमर हुए, इन्हें अमर पक्षी माना जाता है। मान्यता है जिन श्रद्धालुओं को यह जोड़ा दिखाई देता है उन्हें भगवान शिव और माता पार्वती के दर्शन के सामान माना गया है, जिन लोगों को इनके दर्शन हो जाते हैं भोलेनाथ उन्हें मुक्ति प्रदान करते हैं।

यह भी माना जाता है कि भगवान शिव ने अद्र्धागिनी पार्वती को इस गुफा में एक ऐसी कथा सुनाई थी, जिसमें अमरनाथ की यात्रा और उसके मार्ग में आने वाले अनेक स्थलों का वर्णन भी किया था। इस कथा को अमरकथा नाम से जाना जाता है।

# दिल टूटने के बाद रो-रोकर बीत रही हैं रातें?

## तो जरूर करें ये 4 काम, मूव ऑन करना होगा आसान

**रिश्ता टूटना हर किसी के लिए दर्द भरा हो सकता है। जब किसी से दिल लग जाए और वही इंसान आपकी जिंदगी से चला जाए या धोखा दे दे, तो मन टूट सा जाता है। ऐसा लगता है की सब कुछ ख़त्म हो गया है। किसी काम में भी मन नहीं लगता है। ब्रेकअप के बाद कई लोग तो हर किसी से दूर होने लगते हैं। रो-रोकर उनका बुरा हाल हो जाता है। वो अकेलापन महसूस करने लगते हैं।**

कई बार वे गलत कदम तक उठा लेते हैं। लेकीन आपको बता दें की ये हरकतें वही लोग करते हैं जो कायर होते हैं। हमें हर रिश्ते से कुछ न कुछ सीखना चाहिए। तभी हम आगे बढ़ने की ताकत पा सकेंगे। आपको भी ये समझना होगा की वो भी एक दौर था जो अब खत्म हो चुका है। मूव ऑन करने का ये मतलब नहीं होता की आप उस इंसान को एकदम से भूल जाएं यो जो आपने एक दूसरे के साथ समय बिताए, उसे नजरअंदाज कर दें। इसका मतलब है की आप खुद को इतना मजबूत बना लें की उस दर्द से बाहर निकलने की ताकत आपमें आ जाए। आप फिर से खुश होकर लाइफ को एंजॉय कर सकें। आज का हमारा लेख इसी विषय पर है। हम आपको अपने इस लेख में बताएंगे की ब्रेकअप के बाद आप खुद को कैसे संभालें। कौन-कौन सी बातें ध्यान में रखें और कैसे धीरे-धीरे उस इंसान और उस रिश्ते से दूर होकर अपनी नई जिंदगी शुरू करें? आइए जानते हैं..



### खुद को रखें पॉजटिविटी

दिल टूटने के बाद निगेटिविटी को खुद पर हावी न होने दें। आपको खुद को कैसे भी करके पॉजिटीव रखना है। आप मेडीटेशन का सहारा ले सकते हैं। इससे पॉजटिविटी बनी रहेगी। थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन एक दिन सब कुछ ठीक हो जाएगा।

### गार्डनिंग करें

ब्रेकअप के बाद अगर आपको मूव ऑन करने में दिक्कत हो रही है तो ऐसे में आप गार्डनिंग का सहारा ले सकते हैं। आप अपनी बालकनी को फूलों से भर दें। उनमें रोजाना पानी डालें। उनकी केयर करें। आप खुद देखेंगे की आपकी लाइफ में दोबारा से खुशियां लौट आईं हैं।


### अकेले रहने से बचें

आमतौर पर लोग दिल टूटने के बाद खुद को कमरे में बंद कर लेते हैं। लोगों से न तो बातचीत करते हैं और न ही खाना पीना ढंग से हो पाता है। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। आपको बता दें की अकेले रहने से आप डिप्रेशन का शिकार हो सकते हैं। कोशिश करें की अपनों से संपर्क में रहें। जनिपर आपको विश्वास है, उनसे अपनी फीलिंग्स भी जरूर शेयर करें।

**सच को स्वीकार करें** - जितना जल्दी हो सके आपको सच को स्वीकार कर लेना चाहीए की अब वो रिश्ता ख़त्म हो चुका है। इससे मूवऑन करने में मदद मिलेगी। अक्सर लोग ब्रेकअप के बाद भी एक्स की याद में खोए रहते हैं। ये आपमें निगेटिविटी बढ़ा सकता है।

# हेल्दी पोहा खाने के तरीके

**पोहा भारतीयों के फेवरेट नाश्ते में से एक है. इसे बनाना भी काफी आसान है और ये बहुत जल्दी बन भी जाता है. ये एक हेल्दी और टेस्टी ब्रेकफास्ट ऑप्शन है. पर क्या आप भी वही पुराने तरीकों से पोहा खाकर बोर हो गए हैं तो आप भी इससे कई तरह की चीजें बना सकते हैं. वैसे तो भारत में कई तरह के नाश्ते बनते हैं पर सबसे आसान और झटपट बनने वाले नाश्तों में से एक है पोहा. जो कुछ स जियां, मूंगफली डालकर बनाया जाता है और ये खाने में टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होता है.**



वैसे तो पोहा मध्यप्रदेश के प्रमुख शहर भोपाल और इंदौर के फेमस नाश्तों में से एक है। इसे वहां पर जलेबी के साथ खाया जाता है। पर अब ये भारत के हर राज्य में फेमस हो गया है। इसे आप नॉर्मल तरीके से बनाने की जगह इसमें ट्विस्ट देकर इससे अलग-अलग तरह की डिश बना सकते हैं। तो आइए जानते हैं इनकी रेसिपी के बारे में।

आपने वेजिटेबल कटलेट तो खाया ही होगा पर क्या आपको पता है कि आप पोहे से भी कटलेट तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले ब्लेंडर में धनिया, मिर्च और अदरक का पेस्ट बना लें। पोहे को पानी से साफ कर लें और सुखने के लिए साइड में रख दें। इसके बाद उबले हुए आलू, बेसन, प्याज, मिर्च को पोहे और धनिया-मिर्च के पेस्ट पर डालें और इसके बाद इससे छोटी-छोटी टिक्की बना लें। फिर नॉनस्टिक पैन पर तेल डालकर इसे सेक लें। अब इसे हरी चटनी के साथ सर्व करें।

पोहे से मेंदू वडा बनाने के लिए आपको सबसे पहले पोहे को धो लें। फिर इसमें सूजी, दही और उबला हुआ आलू, हरी मिर्च, बेंकिग पाउडर और नमक को डालकर 10 मिनट के लिए रख दें। अब इसकी डो तैयार कर लें फिर इसे मेंदू वडा का शेप दें और कढ़ाई में तेल गर्म करने के बाद इसे डीप फ्राई कर लें। आप इसे नारियल की चटनी और हरी चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं।

पोहा चाट बनाने के लिए एक पैन में तेल गर्म कर लें अब इसमें मूंगफली को डालें और रोस्ट कर लें। फिर पोहे को डालकर भून लें। अब इसे एक बाउल में निकाल लें। इसमें अब आप प्याज, टमाटर, नमक, काला नमक, इमली की चटनी, हरी चटनी और चाट मसाले को डालें। आपकी टेस्टी और हेल्दी पोहा चाट तैयार है।

पोहे से नमकीन बनाने के लिए आप सबसे पहले आपको कढ़ाई में पतले चूड़ें को भून लें। फिर इसे प्लेट में निकाल लें। कढ़ाई में तेल गर्म करके मूंगफली के दानों, कॉर्नफ्लैक्स, करी पत्ता, सूखी लाल मिर्च, राई को भून लें। फिर उसके बाद पोहे को डालें और हल्दी, नमक डालकर इसे भून लें। अब आप इस हेल्दी और टेस्टी नमकीन को प्लेट पर निकालें और ठंडा होने दें। फिर इसे आप किसी जार में स्टोर कर लें।

# बच्चों के विकास के लिए सही पोषण बेहद जरूरी

*बच्चों के विकास के लिए सही पोषण बेहद जरूरी है। ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता रहे। बच्चों की हड्डियों, दांतों और नर्वस सिस्टम के विकास के लिए कैल्शियम बेहद जरूरी है। खासतौर पर 5 साल से कम के बच्चों में कैल्शियम की कमी से न केवल हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, बल्कि और भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि छोटे बच्चों में कैल्शियम की कमी के लक्षण क्या होते हैं? साथ ही जानते हैं कि इस कमी को दूर करने के लिए कौन-कौन सी चीजें मददगार साबित हो सकती हैं।*



कैल्शियम की कमी से बच्चों की हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और टेढ़ी भी हो सकती हैं या चलने-फिरने में परेशानी आ सकती है। इनके अलावा दांतों में सड़न, दांतों का देर से निकलना या मसूड़ों से संबंधित समस्या भी पैदा हो सकती है। कैल्शियम की कमी से बच्चों को बार-बार मांसपेशियों में खिंचाव, ऐंठन या दर्द की शिकायत हो सकती है। कभी-कभी पैर या हाथ सुन्न भी हो सकते हैं।

बच्चा सामान्य से ज्यादा चिड़चिड़ा, सुस्त या थका हुआ दिख सकता है। खेलने या दौड़ने में जल्दी थक जाना भी कैल्शियम की कमी का संकेत हो सकता है। बच्चों के बाल रूखे या बेजान हो सकते हैं या बाल झड़ने भी लग सकते हैं। बच्चों की त्वचा सूखी और नाखून कमजोर हो सकते हैं। कमजोर होने पर बच्चों में खाना कम खाना, दौरे पड़ना, सांस लेने में दिक्कत, आंखें बार-बार झपकाना, होंठ हिलाना भी हो सकता है। साथ ही बच्चों का सामान्य विकास भी प्रभावित हो सकता है।

6 महीने तक बच्चे के लिए मां का दूध ही सबसे अच्छा रहता है, लेकिन उसके बाद बच्चे को दूध, दही, पनीर जैसे कैल्शियम युक्त आहार दिए जाने चाहिए। अगर किसी बच्चे को 6 माह की उम्र के बाद पर्याप्त कैल्शियम नहीं मिलता है तो उसके शरीर में कैल्शियम की कमी हो सकती है। कुछ मामलों मेंविटामिन डी की कमी होने पर शरीर कैल्शियम को अवशोषित नहीं कर पाता, जिससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। समय से पहले पैदा होने वाले बच्चों में या जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों में कैल्शियम की कमी देखने को मिल सकती है। कुछ बच्चों में हार्मोन्स की वजह से या जेनेटिक कारणों से भी कैल्शियम की कमी पायी जा सकती है।

1 से 3 साल के बच्चों को रोजाना लगभग 700 मिलीग्राम कैल्शियम की जरूरत होती है। 4 से 8 साल के बच्चों को रोजाना करीब 1000 मिलीग्राम कैल्शियम की जरूरत होती है।



# किशमिश शरीर के किस अंग के लिए फायदेमंद होती है?

**मेवा के नाम पर ज्यादातर घरों में आपको काजू किशमिश तो मिल ही जाएंगे। किशमिश काफी सस्ती आती हैं लेकिन सेहत को जबरदस्त फायदे पहुंचाती हैं। इसलिए रोजाना 8-10 किशमिश जरूर खानी चाहिए। किशमिश वैसे तो हमारी ओवरऑल हेल्थ के लिए अच्छी है, लेकिन कुछ खास अंगों के लिए किशमिश करिश्माई फायदे करती है। शरीर में खून बढ़ाने से लेकर आंतों को स्वस्थ रखने तक में किशमिश बहुत फायदेमंद साबित होती है। आइये जानते हैं किशमिश कौन से अंग के लिए सबसे ज्यादा लाभदायक साबित होती है?**

### किशमिश कौन से अंग के लिए फायदेमंद है?

रोजाना किशमिश खाने से शरीर के कई अंगो को फायदा मिलता है। फाइबर से भरपूर होने की वजह से किशमिश आंत और पाचन को अच्छा बनाने में मदद करती है। रोजाना किशमिश खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। गट हेल्थ में सुधार के लिए और कब्ज की समस्या दूर करने के लिए डेली किशमिश खानी चाहिए। किशमिश में हार्ट के लिए भी फायदेमंद है क्योंकि इसमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं।

### हड्डियों के लिए किशमिश

किशमिश में कई विटामिन पाए जाते हैं और कैल्शियम की मात्रा भी अच्छी होती है। इसलिए रोजाना किशमिश खाने से हड्डियां मजबूत बनती हैं। अगर शरीर में खून की कमी हो रही है तो किशमिश खाने से खून बढ़ता है और हीमोग्लोबिन में सुधार आता है। विटामिन ए होने की वजह से किशमिश आंखों के लिए और त्वचा के लिए अच्छा ड्राईफ्रूट मानी जाती है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीज भी रोजाना किशमिश खाने से फायदा मिलता है।



### किशमिश खाने का सबसे अच्छा तरीका

किशमिश को आप सूखा, दूध में डालकर या किसी मिठाई में डालकर खा सकते हैं। वैसे किशमिश के भरपूर फायदे लेने हैं तो इसे खाने का बेस्ट तरीका है कि पानी में भिगोकर खाना। 10 किशमिश को रातभर पानी में भिगो दें। सुबह खाली पेट किशमिश खा लें और पानी पी लें। इस तरह किशमिश का सेवन सेहत के लिए सबसे अच्छा माना जाता है।

# किस विटामिन की कमी से हो सकता है डिप्रेशन




**खराब लाइफस्टाइल, लगातार बढ़ता हुआ तनाव, अनहेल्दी डाइट प्लान जैसे तमाम फैक्टर्स आपकी मेंटल हेल्थ को बुरी तरह से प्रभावित कर सकते हैं। क्या आपको पता है कि कुछ विटामिन्स की कमी भी मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं को आमंत्रित करने का काम कर सकती है? आइए इन्हीं विटामिन्स की कमी और इन्हें दूर करने के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।**

## विटामिन बी12 की कमी

विटामिन बी12 की कमी आपकी सेहत को बुरी तरह से डैमेज कर सकती है। अगर आप विटामिन बी12 की कमी से होने वाले साइड इफेक्ट्स से बचना चाहते हैं, तो आपको जल्द से जल्द इस पोषक तत्व की कमी को दूर करने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। आप विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को अपने डाइट प्लान में शामिल कर सकते हैं।

## विटामिन डी की कमी

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन डी की कमी भी आपकी मेंटल हेल्थ पर नेगेटिव असर डाल सकती है। अगर आप डिप्रेशन जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आने से बचना चाहते हैं, तो आपको शरीर में पैदा होने वाली विटामिन बी12 की कमी या फिर विटामिन डी की कमी को दूर कर लेना चाहिए। आइए इन विटामिन्स की कमी को दूर करने के तरीके के बारे में भी जानकारी हासिल कर लेते हैं।

## डाइट प्लान में क्या शामिल करें?

विटामिन बी12 की कमी को दूर करने के लिए चिकन, फिश, अंडे का सेवन किया जा सकता है। इसके अलावा मशरूम और डेयरी प्रोडक्ट्स में भी विटामिन बी12 की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। वहीं, अगर आप विटामिन डी की कमी को दूर करना चाहते हैं, तो दूध के साथ-साथ बादाम और संतरे का रस भी फायदेमंद साबित हो सकता है।

# भारत ने पहली पारी में बनाए 587 रन

## आकाशदीप के बाद सिराज ने भी इंग्लैंड को दिया झटका




**बर्मिंघम।** एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत ने 151 ओवर में सभी विकेट खोकर 587 रन बनाए हैं। दूसरे दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दोहरा शतक लगाया। इसके जवाब में इंग्लैंड ने बेन, ओली पोप और जैक क्रॉउली का विकेट गंवाया है।

बता दें कि भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया है.भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के दूसरे सेशन में कप्तान शुभमन गिल ने जोश टंग के 122 वें ओवर की पांचवी पर सिंगल लेकर अपना दोहरा शतक पूरा किया. ये गिल का टेस्ट क्रिकेट में पहला दोहरा शतक है. इसके साथ ही गिल ने कई रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं और कई दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान रच दिया है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 199 बॉल में 11 चौकों की मदद से मैच के पहले दिन अपना शतक लगाया था. उन्होंने पहले दिन के खेल के अंत तक 226 बॉल में 12 चौकों की सहायता से 114 रन बना लिए थे। मैच के दूसरे दिन गिल ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया और दूसरे सेशन में 311 बॉल का सामना करते हुए 21 चौके और 2 छक्कों की मदद से अपने 200 रन पूरे कर दोहरा शतक ठोक दिया. इस मैच में गिल ने 387 बॉल में 30 चौके और 3 छक्कों की मदद से 269 रनों की पारी खेली. भारत अब तक पहली पारी में 9 विकेट खोकर 148 ओवर में 581 रन बना चुका है। गिल ने इंग्लैंड में भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में सबसे बड़ा स्कोर बनाया है. उन्होंने 1990 में मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में मोहम्मद अजहरुद्दीन के 179 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. विराट कोहली 2018 में बर्मिंघम में 149 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं. इसके साथ ही गिल इंग्लैंड में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एशिया के भी पहले कप्तान बन गए है।

# भारत ने अंडर-19 वनडे में इंग्लैंड टीम को हराया

## वैभव के तूफान में उड़ा इंग्लैंड, शतक से चूके पर बना दिया महा-रिकॉर्ड



**नॉर्थैम्पटन।** एक तरफ जहां एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच जारी है, वहीं दूसरी तरफ बुधवार को भारतीय अंडर-19 और इंग्लैंड अंडर-19 टीम के बीच वनडे मुकाबला भी खेला गया। हालांकि, इंग्लैंड की टीम पर भारत के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी कहर बनकर टूटे। उन्होंने एक ऐसी पारी खेली, जिसका इंग्लिश टीम के पास कोई जवाब नहीं था। वह शतक से चूक गए, लेकिन छक्कों की बारिश से उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह अंडर-19 यूथ वनडे के किसी एक मैच की पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए। आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। अगला मुकाबला पांच जुलाई को वॉर्सेस्टर में खेला जाएगा।

दरअसल, बारिश की वजह से मैच को 40-40 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 40 ओवर में छह विकेट पर 268 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 34.3 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वैभव ने 31 गेंद में 86 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 277.42 का रहा। वैभव शतक से चूक गए। उन्हें एलेक्जेंडर वेड ने जोसेफ मूर्स के हाथों कैच कराया। हालांकि, नौ छक्के लगाते ही वैभव के नाम रिकॉर्ड जुड़ गया। अंडर-19 यूथ वनडे के किसी एक मैच की पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का भारतीय रिकॉर्ड वैभव से पहले राज बावा के नाम था। उन्होंने 2022 में युगांडा के खिलाफ ऐसा किया था।

### इंग्लैंड दौरे पर वैभव का अब तक प्रदर्शन

वैभव अब तक इस दौरे पर तीन पारियों में 59 .67 की औसत और 213 .10 के स्ट्राइक रेट से 179 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 14 चौके और 17 छक्के लगाए हैं। वैभव फिलहाल थॉमस रियू के बाद इस दौरे पर सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं। रियू ने तीन पारियों में 212 रन बनाए हैं। वैभव ने दौरे के पहले मैच में 19 गेंद में तीन चौके और पांच छक्के की मदद से 48 रन की पारी खेली थी। वहीं, दूसरे वनडे में उन्होंने 34 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 45 रन बनाए थे। 14 साल के वैभव आईपीएल 2025 में शतक लगाकर सुर्खियों में आए थे। वह लीग में ऐसा करने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गए थे। उन्होंने 35 गेंद पर शतक पूरा किया था जो कि किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज है।

### युवा वनडे पारी में भारत के U19 खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक छक्के

| खिलाड़ी | विरोधी टीम | साल | छक्के |
|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | इंग्लैंड | 2025* | 9 |
| राज बावा | युगांडा | 2022 | 8 |
| मनदीप सिंह | ऑस्ट्रेलिया | 2009 | 8 |
| अंकुश बैंस | जिम्बाब्वे | 2013 | 7 |

सुपरयूनाइटेड रैपिड शतरंज

# गुकेश ने प्रज्ञानन्दा को हराया




**क्रोसिया।** सुपरयूनाइटेड रैपिड के पहले दिन भारत के विश्व चैंपियन गुकेश डी ने लगातार दो जीत दर्ज करते हुए अच्छी शुरुआत की है । गुकेश को पहले राउंड में पोलैंड के यान डूड़ा से हार का सामना करना पड़ा था और ऐसे में एक बार फिर रैपिड में उनके खेल पर सवाल उठ ही रहे थे की उन्होने लगातार दो बाजियों में पहले फ्रांस के अलीरेजा को सफ़ेद मोहरो से और फिर हमवतन प्रज्ञानन्दा को काले मोहरो से पराजित करते हुए शानदार वापसी की । गुकेश नें इन दोनों खेल में समय और आक्रामक शतरंज दोनों का उपयुक्त तालमेल दिखाया और यह जताया की वह इस फॉर्मेट में भी लगातार खुद को बेहतर कर रहे है । इस जीत के साथ गुकेश नॉर्वे के मैगनस कार्लसन ,पोलैंड के यान डुड़ा और यूएसए के वेसली सो के साथ 4 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर पहुँच गए है। प्रज्ञानन्दा के साथ गुकेश के मुक़ाबले पर सबकी नजरे थी और उन्होने ओपनिंग से ही केंद्र में मजबूत पकड़ बनाते हुए अपने खेल की मजबूती दिखाई। खासकर केंद्र में उनके प्यादे का खेलना खेल का मोड़ साबित हुआ। दूसरी ओर, प्रज्ञानन्दा की वजीर के हिस्से पर खेल की चालों ने कुछ हद तक संतुलन में लाने का मौका दिया, लेकिन समय की कमी में प्रज्ञानन्दा सही चाल नहीं खोज पाए।

# यशस्वी जायसवाल ने तोड़ा 51 साल पुराना रिकॉर्ड

## सहवाग-द्रविड़ का ये बड़ा कीर्तिमान तोड़ने से चूके



**हैदराबाद।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाज की. लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले जायसवाल ने दूसरे टेस्ट में 107 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 87 रनों की पारी खेली. जिसके साथ वो एजबेस्टन में बतौर भारतीय ओपनर सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए. इससे पहले ये रिकॉर्ड सुधीर नाइक के नाम था जिन्होंने 51 साल पहले 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ 165 गेंदों में 77 रनों की पारी खेली थी. जहां जायसवाल 51 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब रहे वहीं 23 वर्षीय खिलाड़ी भारत के महान खिलाड़ी सहवाग और द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गया. दरअसल वो सबसे तेज 2,000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनने से सिर्फ 10 रन दूर रह गए. जायसवाल को 39 पारियों में 2,000 टेस्ट रन बनाने के लिए 97 रनों की जरूरत थी, लेकिन वो 87 रन पर ही आउट हो गए. बता दें कि राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग संयुक्त रूप से टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 40 पारियों में ये उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं. जायसवाल ने 21 टेस्ट और 39 पारियों में, 53.78 की औसत से 1,990 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं, नाबाद 214 रनों की पारी उनका उच्चतम स्कोर है. इस टेस्ट की अगली पारी में, जायसवाल के पास द्रविड़ के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका होगा.अगर वो 10 रन बना लेते हैं तो वो 40 पारियों में 2000 टेस्ट रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे. उल्लेखनीय है कि सबसे तेज 2,000 टेस्ट रन का आंकड़ा ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डॉन ब्रैडमैन के नाम है, जिन्हें ये उपलब्धि हासिल करने के लिए 15 मैच और 22 पारियों लगीं. एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के तहत लीड्स में खेले गए पहले मैच में जायसवाल ने पहली पारी में 159 गेंदों पर 101 रनों की पारी खेली थी, जिसमें 16 चौकों और एक छक्का शामिल था. हालांकि दूसरी पारी में वे 11 गेंदों पर सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. लेकिन उन्होंने एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में भी 87 रनों की पारी खेलकर अपनी फॉर्म को बरकरार रखा है।

युकी-गैलोवे की जोड़ी विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में

# उलटफेर का शिकार होने से बचीं सबालेंका



**लंदन।** भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने बुधवार को मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर सीधे सेट में जीत दर्ज करके विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अरीना सबालेंका विम्बलडन में दूसरे दौर के मैच का पहला सेट गंवाने से बस दो अंक के फासले पर थी, लेकिन सही समय पर वापसी करते हुए उन्होंने मैरी बूजकोवा को 7-6, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। इस बार विम्बलडन महिला एकल में शीर्ष दस में से चार खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गईं जिनमें दूसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ, तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला, पांचवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किंवेन और नौवीं रैंकिंग वाली पाउला बाडोसा शामिल हैं। अब तक दो दिन के भीतर 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ( दस महिला और 13 पुरूष) बाहर हो चुके हैं। सबालेंका पिछले साल कंधे की चोट के कारण विम्बलडन नहीं खेल सकी थी। अन्य मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन मेडिसन कीज ने ओल्गा डानिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई । वहीं, सोलहवीं वरीयता प्राप्त भारतीय-अमेरिकी जोड़ी ने एक घंटे 49 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में अर्नेडो और गुइनार्ड को 7-6, 6-4 से मात दी। अब अगले दौर में युकी और गैलोवे की जोड़ी का सामना हालैंड के रॉबिन हासे और जीन-जूलियन रोजर की जोड़ी तथा अमेरिका के मार्कोस गिरोन और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। भारत के अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी। वहीं एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर और बेल्जियम के डेविड गोफिन के सामने होंगे। भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला पुरुष युगल के शुरुआती दौर में एलेक्जेंडर कोवासेविच और लर्नर टिएन की जोड़ी से भिड़ेंगे।

# अश्विन ने 48 गेंदों पर 13 छक्के लगाकर मचाया तूफान

## सबसे बड़ी पारी खेलकर टीम को TNPL के क्वालिफायर 2 में पहुंचाया



**नई दिल्ली।** वाह भाई वाह. मान गए अश्विन. निभा दी TNPL 2025 में अपनी टीम डिंडीगुल के लिए सबसे बड़ी भूमिका. ये हुई ना कप्तानों वाली बात. कहते हैं जब मंच बड़ा होता है, तभी परफॉर्मेन्स देने का भी मजा होता है. अश्विन ने भी उसी बड़े मंच का फायदा उठाया है. TNPL 2025 के एलिमिनेटर मैच जैसे बड़े मौके पर कप्तान होने के नाते उन्होंने अपनी टीम को वाकई फ्रंट से लीड किया है. जब पहले उन्होंने ऐसे गेंद से किया तो हैरानी नहीं हुई क्योंकि उसके तो वो मास्टर हैं ही. लेकिन जो बल्ले से उन्होंने तूफान मचाया, उस देखकर भइया सचमें मजा आ गया. अश्विन ने TNPL 2025 में अपनी सबसे बड़ी पारी खेली है. वो भी सिर्फ 48 गेंदों का सामना करते हुए. हालांकि, इस पारी की बात करें उससे पहले जरा अश्विन के गेंद से मचाए गदर के बारे में जान लीजिए. TNPL 2025 में 2 जुलाई को डिंडीगुल और चोलाज के बीच एलिमिनेटर मैच खेला गया. इस मैच में ट्रिची ग्रैंड चोलाज ने पहले बैटिंग की. मगर वो 20 ओवर में 150 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके. ऐसा इसलिए क्योंकि अश्विन की कमान में डिंडीगुल के गेंदबाजों ने उन पर नकेल कसे रखी. अब मैच बड़ा था. मामला एलिमिनेट होने या फिर फाइनल की ओर कदम बढ़ाने से जुड़ा था. तो ऐसे में भला अश्विन सिर्फ गेंद से कहर बरपाकर कहां मानने वाले थे. ऐसे में जब 141 रन का लक्ष्य मिला तो उसे चेज करने के दौरान अश्विन ने अपने बल्ले का जौहर भी खूब दिखाया. अश्विन ने डिंडीगुल के लिए पारी की शुरुआत की और सिर्फ 48 गेंदों में ही इतने रन ठोक दिए कि ये इनिंग TNPL 2025 में उनकी सबसे बड़ी पारी की वजह बन गई. अश्विन ने 48 गेंदों पर 83 रन बनाए, जो कि TNPL 2025 में खेली उनकी सबसे बड़ी पारी है. 172 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से खेली इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 3 छक्के लगाए।

# श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में




**कैलगरी।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन युवा आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलयेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

# दिलीप मालव ने कराटे में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ में कार्यरत जवान दिलीप कुमार मालव ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में 27 जून से 6 जुलाई 2025 तक आयोजित 21वें वर्ल्ड पुलिस गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत लिया है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में करीब 70 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिला खेल अधिकारी कृपा शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिलीप ने सेमीफाइनल मुकाबले में मलेशिया की टीम को और फाइनल में रोमानिया के खिलाड़ी को एकतरफा शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

# खेल जगत में छाई शोक की लहर, कार एक्सीडेंट में 28 वर्षीय खिलाड़ी की मौत



**नई दिल्ली।** लिवरपूल के फुटबॉल प्लेयर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई. ये फॉरवर्ड प्लेयर पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथी भी थे. उन्होंने हाल ही में देश की जर्सी में यूईएफए नेशंस लीग जीती थी। जोटा और उनके भाई गुरुवार की सुबह स्पेन के जमोरा प्रांत में हुई कार दुर्घटना में शामिल थे। मार्का की रिपोर्ट से पता चला कि दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. लिवरपूल के इस फुटबॉलर की पिछले महीने 22 जून को शादी हुई थी. स्वाभाविक रूप से पुर्तगाली फुटबॉलर की मौत से विश्व फुटबॉल में शोक की लहर पैदा कर दी है। जोटा के भाई 26 वर्षीय आंद्रे सिल्वा, जिनकी दुर्घटना में मृत्यु हो गई. वो भी एक पेशेवर फुटबॉलर थे. वह पुर्तगाल के दूसरे डिविजन क्लब पेनाफेल के लिए खेलते थे. बीबीसी ने बताया कि यह दुर्घटना आज जमोरा प्रांत में उस समय हुई जब दो लोगों की कार के टायर अचानक फट गए. टायर फट गया और कार सड़क के किनारे किसी चीज से टकरा गई. तभी उसमें आग लग गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार आग की लपटों में घिरी हुई थी। लिवरपूल ने 2020 में एक बड़ी रकम के सौदे में वॉल्वरहैम्प्टन से जोटा को साइन किया था. वह अपनी मृत्यु तक उस क्लब के लिए एक फुटबॉलर थे. जोटा 'द रेड्स' के लिए इंग्लिश प्रीमियर लीग (2024-25), एफए कप (2022) और दो लीग कप (2022, 2024) जीतने वाली टीम के सदस्य थे. जोटा ने लिवरपूल के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 182 मैचों में 65 गोल और 28 असिस्ट किए हैं।

# कबड्डी खिलाड़ी का हुआ निधन



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में एक कबड्डी खिलाड़ी की रेबीज वायरस से संक्रमित होने से मौत हो गई. इस खतरनाक वायरस से संक्रमित होने के बाद 22 वर्षीय राज्य स्तरीय कबड्डी खिलाड़ी बृजेश सोलंकी की मौत हो गई है. हाल ही में बृजेश ने एक पिल्ले (कुत्त के बच्चा) को बचाया जो नाले में गिर गया था. जब बृजेश सीवर से बाहर निकल रहा था तो पिल्ले ने उसे काट लिया. लेकिन बृजेश को इसकी जानकारी नहीं थी. बताया गया है कि उपचार न मिलने के कारण रेबीज वायरस से संक्रमित होने के एक सप्ताह बाद उनकी मृत्यु हो गई। बृजेश एक अच्छा कबड्डी खिलाड़ी था. वो राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता था और प्रो कबड्डी लीग में खेलने की तैयारी कर रहा था. चिकित्सा अधिकारियों ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने के बाद बृजेश को एंटी-रेबीज टीका नहीं दिया गया था. उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु से कुछ दिन पहले ही बीमारी के लक्षण दिखने लगे थे। बृजेश के भाई संदीप ने बताया कि जब वह अभ्यास के लिए जा रहा था तो उसने नाले से एक पिल्ले की चीख सुनी. बृजेश ने यह देखा और उसे बाहर निकाल लिया. लेकिन बचाव के दौरान उन्हें यह एहसास नहीं हुआ कि कुत्ते ने उन्हें काट लिया है. और हमने रेबीज के मामले के बारे में भी नहीं सुना था।



# दीपिका ने रचा इतिहास!

## हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम में स्टार पाने वाली पहली एक्ट्रेस

**दीपिका पादुकोण का नाम बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में शुमार है। अपने इसी योगदान की बदौलत दीपिका ने ना सिर्फ भारत में बल्कि ग्लोबल लेवल पर भी खूब नाम कमाया। अब एक्ट्रेस के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। अब दीपिका ने कुछ ऐसा कमाल कर दिखाया जो इतिहास में आज तक किसी एक्टर ने नहीं किया।**

दरअसल दीपिका का नाम उन ग्लोबल स्टार्स में शामिल हो गया है जिन्हें अगले साल यानी 2026 में हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सम्मान से नवाजा जाएगा। इसी के साथ ये सम्मान पाने वाली दीपिका पहली इंडियन सेलेब्रिटी बन जाएंगी।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुई दीपिका के नाम की घोषणा**

बुधवार को हॉलीवुड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में माइली साइरस, टिमोथी चालमेट और अन्य ग्लोबल नामों के बीच इस सम्मान के लिए दीपिका के नाम की घोषणा की गई। हॉलीवुड अभिनेत्री एमिली ब्लंट, फ्रांसीसी अभिनेत्री कोटिलार्ड, कनाडाई अभिनेत्री रेचल मैकएडम्स, इतालवी अभिनेता फ्रेंको नीरो और सेलिब्रिटी शेफ गॉर्डन रामसे को भी हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित किया जाएगा।

**क्या है हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम?**

हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम कैलिफोर्निया की मशहूर टूरिस्ट लोकेशन है। 15 ब्लॉक की इस जगह में अभी तक 2500 से ज्यादा स्टार्स के नाम लगाए जा चुके हैं और अब इसमें दीपिका का नाम भी शामिल हो गया है। इस फेमस टूरिस्ट लोकेशन पर हर साल लाखों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं।



# इस एक्ट्रेस ने प्रियंका की फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' को सराहा

## देसी गर्ल ने दिया रिएक्शन

**प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' की तारीफ उनके कई बॉलीवुड को-एक्टर्स भी कर रहे हैं। हाल ही में साउथ के पॉपुलर एक्टर महेश बाबू की पत्नी और एक्ट्रेस नम्रता शिरोडकर ने प्रियंका की हॉलीवुड फिल्म को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। नम्रता की पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्शन दिया है।**

**नम्रता ने प्रियंका को अमेजिंग बताया**

नम्रता शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। पोस्ट में नम्रता ने लिखा है, 'आप फिल्म में बहुत अमेजिंग थीं प्रियंका चोपड़ा। आपने धमाल मचा दिया। मुझे फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट्स' बहुत पसंद आई।' नम्रता की इस पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्ट किया, उनकी पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया। साथ ही नम्रता के लिए एक मैसेज भी लिखा,

**साउथ की मेगा बजट फिल्म का भी हिस्सा प्रियंका**

बताते चलें कि प्रियंका चोपड़ा, नम्रता शिरोडकर के पति और एक्टर महेश बाबू के साथ एक साउथ फिल्म 'SSMB29' कर रही हैं। इस मेगा बजट फिल्म 'SSMB29' में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं। फिल्म को एस.एस. राजामौली निर्देशित कर रहे हैं। पिछले दिनों इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका भारत भी आई थी। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी जानकारी प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी।

**हिंदी फिल्मों में वापसी को लेकर दिया हिंट**

पिछले दिनों प्रियंका ने हिंदी फिल्मों में वापसी को लेकर एक इशारा किया। हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन के दौरान इंडिया टुडे से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं हिंदी फिल्मों को बहुत मिस करती हूं और इंडिया को भी।' इस बयान के बाद प्रियंका के भारतीय फैंस को उम्मीद जगी है कि वह जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी।

# तृप्ति और रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने फिर शेयर की एक जैसी तस्वीरें



**तृप्ति डिमरी जब फिल्मों में व्यस्त नहीं होती हैं तो वेकेशन पर चली जाती हैं। मगर वह अकेले वेकेशन पर नहीं होती हैं, अक्सर रूमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्जेंट भी साथ होते हैं। दोनों एक ही लोकेशन फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हैं, मगर साथ कभी तस्वीरों में नजर नहीं आते हैं। हाल ही में वेकेशन की कुछ तस्वीरें तृप्ति ने शेयर की हैं, जिनमें ऐसा हिंट दिया है, जिससे लगता है कि वह अब दुनिया के सामने अपना रिश्ता सैम मर्जेंट से कबूल कर रही हैं। जानिए, ऐसा क्या लिखा है तृप्ति ने अपनी शेयर की गई फोटोज में।**

**सैम-तृप्ति ने एक ही लोकेशन की तस्वीरें शेयर कीं**

सैम मर्चेंट की तस्वीरों को देखकर लगता है कि वह गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। जिस होटल में वह रह रहे हैं, वहां पर एक स्वीमिंग पुल है, जिसकी फोटो सैम ने शेयर की हैं। बिल्कुल वैसी ही फोटो तृप्ति ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर लगाई है। इससे पता चलता है कि दोनों एक ही जगह पर मौजूद हैं।

**क्या तृप्ति ने कबूल किया है रिश्ता**

तृप्ति ने इंस्टाग्राम पर जो फोटो शेयर की है, उसमें खूबसूरत सा होटल दिख रहा है। इस तस्वीर पर तृप्ति ने लिखा है, 'मेरा सीक्रेट हाइडआउट' यानी मेरी सीक्रेट छुपने की जगह। इस फोटो में तृप्ति ने सैम मर्चेंट को टैग भी किया है। ऐसा वह पहले नहीं करती थीं। इससे साफ होता है कि अब तृप्ति खुलकर सैम के साथ अपना रिश्ता स्वीकार कर रही हैं।



# सुकेश चंद्रशेखर संग रिश्ते पर जैकलीन ने तोड़ी चुप्पी



**बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ठग सुकेश चंद्रशेखर के कारण लगातार कानूनी पचड़ों में फंसी हुई हैं. बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर को 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था. सुकेश ने दावा किया था कि वह बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के रिश्ते में हैं और उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग के पैसों से एक्ट्रेस को करोड़ों के महंगे तोहफे भेजे हैं. केवल इतना ही नहीं ठग सुकेश अक्सर जैकलीन के लिए जेल से खत लिखा था,एक्ट्रेस केपिछले बर्थडे पर तो उसने जैकलीन के लिए एक प्राइवेट जेट भी खरीदा था, जिसे एक्ट्रेस के टेस्ट के हिसाब से कस्टमाइज करवाया गया था. अब इसी बीच जैकलीन ने सुकेश संग अपने रिश्ते पर पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है.**

**जैकलीन फर्नांडिस ने सुकेश चंद्रशेखर संग रिश्ते का बताया सच**

बता दें कि एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा दर्ज की गई FIR और चार्जशीट के अलावा निचली अदालत द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट पर संज्ञान लेने के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है. उन्होंने अपनी याचिका ने इस बात को साफ कर दिया है कि उनका ठग सुकेश चंद्रशेखर से कोई लेना-देना नहीं है और सुकेश संग मिलकर अदिति सिंह ने ना सिर्फ उनके साथ धोखाधड़ी की है बल्कि उन पर झूठे आरोप भी लगाए हैं. अपनी याचिका में जैकलीन ने सुकेश संग रिलेशनशिप होने से साफ इनकार कर दिया है. जैकलीन फर्नांडिस की याचिका पर आज दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होने वाली है. बता दें कि एक्ट्रेस ने अपनी याचिका में ये भी कहा कि सुकेश चंद्रशेखर ने जानबूझकर उन्हें टारगेट किया है और मनी लॉन्ड्रिंग मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है. वर्क फ्रंट की



बात करें तो जैकलीन फर्नांडिस हाल ही में अक्षय कुमार की मूवी 'हाउसफुल 5' में नजर आई हैं. इस फिल्म में जैकलीन और अक्षय के अलावा एक्टर रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त, जोनी लिवर, सौंदर्या शर्मा, डिनो मौरिया, चित्रांगदा सिंह समेत कई सितारे नजर आ रहे हैं.

# चाहत खन्ना ने दूसरे तलाक पर तोड़ी चुप्पी

## बताया क्यों पति फरहान मिर्जा से हुईं अलग



**चाहत खन्ना किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो टीवी इंडस्ट्री का फेमस नाम हैं। उन्होंने राम कपूर के टीवी शो 'बड़े अच्छे लगते हैं' में दमदार एक्टिंग कर घर-घर में अपनी पहचान बनाई थी। हालांकि, वो अपनी पर्सनल लाइफ के लिए भी खूब सुर्खियों में रहीं। उन्होंने दो बार शादी की, लेकिन दोनों बार उनका रिश्ता टूट गया। उन्होंने हाल ही में अपने दूसरे तलाक के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो अपनी बेटियों की खातिर शादी से बाहर निकल गईं।**

एक्ट्रेस को अपने दूसरे पति फरहान मिर्जा से दो बेटियां हैं। चाहत खन्ना ने 'फ्री प्रेस जर्नल' से बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा वही किया जो मुझे सही लगा और मैं उस पर कायम रही। मेरे पास हमेशा ये कहने का साहस रहा है कि अगर कुछ गलत है, तो मैं ऐसा नहीं करूंगी और मैं किसी और को भी ऐसा नहीं करने दूंगी। दुनिया चाहे जो भी कहे, मैं कभी भी गलत को सपोर्ट नहीं करूंगी।' चाहत ने आगे कहा, 'आपके पास उस तरह का कॉन्फिडेंस, उस तरह का साहस और सेल्फ रिस्पेक्ट होना चाहिए। ना सिर्फ एक महिला के रूप में, बल्कि एक इंसान के रूप में भी। मुझे हमेशा लगता रहता है कि अगर कुछ ठीक नहीं है तो मैं उसका हिस्सा नहीं बनूंगी। मैं बाकी चीजों को समझ लूंगी, लेकिन मैं उससे दूर चली जाऊंगी। मेरा डेयरडेविल वाला एटीट्यूड है।' सलाह देते हुए चाहत ने कहा कि खराब शादी में क्यों नहीं रहना चाहिए। वो बोलीं, 'आपको ये सोचकर टॉक्सिक मैरिज में नहीं रहना चाहिए कि आप ये बच्चों के लिए कर रहे हैं।



# परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' छोड़ने के लिए प्रियदर्शन से मांगी माफी

**डायरेक्टर बोले- उन्होंने कहा 'मुझे दुख है'**

भारतीय कॉमेडी सिनेमा के फैंस के लिए एक सुखद खबर यह है कि दिग्गज एक्टर परेश रावल ' हेरा फेरी 3 ' में वापस आ गए हैं। निर्देशक प्रियदर्शन ने साल 2000 में इस क्लासिक फिल्म का निर्देशन किया था, उन्होंने अब उन चौंकाने वाली घटनाओं के बारे में बताया है, जिसके कारण परेश रावल फिर से इस फिल्म में वापस आए। प्रियदर्शन ने खुलासा किया कि परेश ने फिल्म से बाहर होने के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, 'अक्षय और परेश दोनों ने फोन करके बताया कि सब कुछ ठीक हो गया है। मैं तब चौंक गया जब परेश ने कहा, 'सर, मैं यह फिल्म कर रहा हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरे मन में आपके लिए कभी भी सम्मान के अलावा कुछ नहीं रहा। मैंने आपके साथ 26 फिल्में की हैं, और मुझे छोड़ने का दुख है। कुछ व्यक्तिगत मुद्दे थे।' उन्होंने मुझे बताया कि उन्होंने, अक्षय और सुनील ने मुलाकात की और मामले को सुलझाया।'

# तमन्ना का ग्लैमरस अवतार!

**बॉलीवुड की ग्लैमर क्वीन तमन्ना भाटिया ने एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है. एक्ट्रेस ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जिसे देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं. इन त्सवीरों में तमन्ना का कॉन्फिडेंस और कैमरे सामने बोल्ड अंजाद लोगों को घायल कर रहा है.**

**फैंस की बढ़ी धड़कनें**

इस बार तमन्ना ने ब्लैक स्पोर्ट्स ब्रा और सिल्वर शिमरी लॉन्ग स्कर्ट में अपने लुक को बेहद अलग अंदाज में दिखाया है. इस ड्रेस में एक्ट्रेस ने अपने कर्वी फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए. कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं. तमन्ना ने सिल्वर शिमरी लॉन्ग स्कर्ट के साथ ऊपर से लॉन्ग स्लीव्स जैकेट कैरी की है, जिसे वो कभी पहनकर, तो कभी कंधों से सरकाकर पोज देती नजर आ रही हैं, इनमें उनकी खूबसूरती काबिलेतारीफ दिख रही है. तमन्ना का मेकअप भी उनके लुक को और खास बना रहा है. उन्होंने लाइट आई मेकअप और शार्प लिपवर्क के साथ अपने चेहरे को ग्लोइंग टच दिया है. गले में डायमंड स्टाइल कॉलर नेकलेस, हाथों में स्टाइलिश रिंग्स और एक एलिगेंट घड़ी उनके लुक में चार चांद लगा रहे हैं. उनके ऑवरऑल स्टाइल को देख यह कहना गलत नहीं होगा कि मिल्कीब्यूटि की टक्कर में कोई नहीं हैं.

हर तस्वीर में तमन्ना का कॉन्फिडेंस और कैमरा के लिए एक्सप्रेशन इतने परफेक्ट हैं, कि हर क्लिक किसी मैगजीन के कवर जैसा लग रहा है, इन तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा, 'दिन और रात की धुंधली रेखाएं.'

तमन्ना की इन तस्वीरों को देखकर सोशल मीडिया पर लोग जमकर रिएक्ट कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'बिल्कुल स्टनिंग!', वहीं दूसरे ने लिखा, 'फोरेवर फेवरेट!' एक अन्य यूजर का कमेंट वायरल हो गया जिसमें उन्होंने लिखा, 'होठों का काम तो अब आंखें कर रही हैं!'




# कार्तिक आर्यन और श्रीलीला ने साथ में किया डिनर, वीडियो हुआ वायरल

**बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन एक बार फिर अपने लव अफेयर को लेकर चर्चा में आ गए हैं। इस बार उनके साथ जुड़ा है साउथ की ग्लैमरस एक्ट्रेस श्रीलीला का नाम। बीते कुछ दिनों से दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है और हाल ही में दोनों को देर रात मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया। बस फिर क्या था, सोशल मीडिया पर फैंस ने इन्हें लेकर कयास लगाने शुरू कर दिए।**

**फैंस बोले- 'अब तो शादी कर लो भाई!'**

कार्तिक और श्रीलीला की ये लेट नाइट मुलाकात जैसे ही कैमरे में कैद हुई, इंटरनेट पर कमेंट्स का सैलाब आ गया। वीडियो में दोनों को हंसते-मुस्कुराते और साथ वक्त बिताते देखा गया। फैंस ने कमेंट बॉक्स में मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, 'नई जोड़ी सुपरहिट लग रही है।'

**'आशिकी 3' से बढ़ी नज़दीकियां?**

सूत्रों की मानें तो कार्तिक और श्रीलीला अनुराग बसु की फिल्म 'आशिकी 3' में साथ नजर आने वाले हैं। इस रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म की शूटिंग की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और दोनों स्टार्स इन दिनों फिल्म की स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप्स में साथ देखे जा रहे हैं। ऐसे में दोनों के बीच बढ़ती नज़दीकियों को लेकर बातें होना लाजमी है।



**श्रीलीला के बर्थडे पर कार्तिक का खास पोस्ट**

हाल ही में श्रीलीला के जन्मदिन पर कार्तिक ने एक प्यारी सी तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी, जिसमें दोनों काफी क्यूट लग रहे थे। इस पोस्ट ने फैंस के बीच इनकी रिलेशनशिप की चर्चा को और हवा दी।

**फैशन के मामले में भी छाए कपल**

मुंबई में स्पॉट किए जाने के दौरान कार्तिक ने कैजुअल ब्लू शर्ट और ब्लैक पैंट पहनी थी, वहीं श्रीलीला फ्लोरल आउटफिट में नजर आईं। दोनों कैमरे के सामने बेहद सहज दिखे और कार्तिक ने अपनी ट्रेडमार्क स्माइल से सबका दिल जीत लिया।

